# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




शौर्य स्मारक में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए

वंदे मातरम के 150 वें स्मरणोत्सव पर शौर्य स्मारक में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बोले सीएम


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## वंदे मातरम पर फिर गरमाई सियासत

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने पर बोले पीएम मोदी

# 1937 में इस गीत के टुकड़े किए गए और देश विभाजन के बीज बोए गए

पीएम ने कहा कि आजादी की लड़ाई में वंदे मातरम की भावना ने पूरे राष्ट्र को प्रकाशित किया था, लेकिन दुर्भाग्य से 1937 में वंदे मातरम के महत्वपूर्ण पदों को, उसकी आत्मा के एक हिस्से को अलग कर दिया गया था



**यह विभाजनकारी सोच देश के लिए आज भी चुनौती बनी हुई**

राष्ट्र निर्माण के इस महामंत्र के साथ ये अन्याय क्यों हुआ? ये आज की पीढ़ी को भी जानना जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वंदे मातरम को भारत की शाश्वत संकल्पना बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वर्ष भर चलने वाले स्मरणोत्सव का शुभारंभ विशेष डाक टिकट और सिक्के के विमोचन के साथ किया। पीएम मोदी ने इससे जुड़े इतिहास के एक काले पन्ने को पलटने के साथ ही बिना किसी का नाम लिए वर्तमान चुनौतियों की ओर भी इशारा किया। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में वंदे मातरम की भावना ने पूरे राष्ट्र को प्रकाशित किया था।

**पीएम मोदी ने वंदे मातरम स्मरणोत्सव का शुभारंभ किया**

**स्मरणोत्सव का शुभारंभ विशेष डाक टिकट और सिक्के के विमोचन के साथ किया**




डाक टिकट और सिक्के का विमोचन करते हुए पीएम

### देश बांटने का अंग्रेजों का खतरनाक प्रयोग था बंगाल विभाजन

प्रधानमंत्री ने वंदे मातरम के सहारे इतिहास के कुछ पहलुओं पर प्रकाश डाला। 1896 में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने कलकत्ता अधिवेशन में वंदे मातरम गाया। 1905 में बंगाल का विभाजन हुआ। ये देश को बांटने का अंग्रेजों का एक खतरनाक प्रयोग था, लेकिन वंदे मातरम उन मंसूबों के आगे चट्टान बनकर खड़ा हो गया। बरिसाल अधिवेशन में जब आंदोलनकारियों पर गोलियां चलीं, तब भी उनके होंठों पर वही मंत्र था। भारत के बाहर रहकर आजादी के लिए काम कर रहे वीर सावरकर जैसे स्वतंत्र सेनानी जब आपस में मिलते थे तो उनका अभिवादन वंदे मातरम से ही होता था।

भाजपा प्रवक्ता बोले

### नेहरू ने जानबूझकर मां दुर्गा के श्लोक हटाए

भाजपा के प्रवक्ता सीआर केसवन ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और कांग्रेस पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के बोलों में बदलाव करके सांप्रदायिक एजेंडे को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि इस गीत से देवी दुर्गा के संदर्भों को कांग्रेस ने हटाया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में पूर्व पीएम नेहरू की आलोचना की ।

### खरगे ने कहा वंदे मातरम की ध्वज वाहक है कांग्रेस

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार अपने एक बयान में कहा कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की गर्वित ध्वज वाहक है। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के अवसर पर खरगे ने कहा कि वंदे मातरम ने ही देश की सामूहिक आत्मा को जगाया और देश की आजादी का बुलंद नारा बन गया। वंदे मातरम देश की एकता में



अनेकता की भावना को दर्शाता है। संघ और भाजपा पर आरोप लगाते हुए खरगे ने कहा कि हालांकि, यह बहुत अजीब बात है कि जो लोग आज खुद को राष्ट्रवाद का स्वघोषित रक्षक बताते हैं- संघ और भाजपा, उन्होंने कभी भी अपनी शाखाओं या दफ्तरों में वंदे मातरम या हमारे राष्ट्रगान, जन गण मन नहीं गाया है। इसके बजाए, वे नमस्ते सदा वत्सले गाते रहते हैं, जो उनके संगठन की महिमा करने वाला गीत है, देश का नहीं।

## वंदे मातरम हर भारतीय की चेतना का स्वर, यह सिर्फ राष्ट्रगीत नहीं...

# हमारा 'प्राण गीत'

### तमिल और मलयालम में भी हुआ वंदे मातरम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वंदे मातरम हर भारतीय की चेतना का स्वर है। यह सिर्फ राष्ट्रगीत नहीं, हमारा प्राण गीत भी है। वंदे मातरम वह उद्घोष है जिसने पराधीन भारत की धमनियों में स्वाभिमान का रक्त प्रवाहित किया। वंदे मातरम ने देश में आजादी का अलख जगाया। वर्ष 1875 में स्वतंत्रता सेनानी बंकिमचंद्र चटर्जी की कलम से अमर गीत वंदे मातरम की रचना हुई।

उनके उपन्यास 'आनंद मठ' की इस रचना से क्रांति का शंखनाद हुआ। प्रधानमंत्री मोदी की कल्पनाशीलता से आज वंदे मातरम के 150वें स्मरणोत्सव के विशेष आयोजन हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वें स्मरणोत्सव पर शौर्य स्मारक में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने पुनर्मुद्रित पुस्तिका वंदे मातरम एक क्रांति गीत का साहित्येतिहासिक अध्ययन का विमोचन किया। कार्यक्रम में पुलिस बैंड ने देशभक्ति गीत कदम-कदम बढ़ाए जा की धुन प्रस्तुत की। जबकि प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भोपाल से वर्चुअली शामिल हुए। इसीतरह प्रदेश के सभी 55 जिलों में वंदे मातरम कार्यक्रम आयोजित हुए।।

*प्रदेश में वर्ष भर होंगे वंदे मातरम गीत से जुड़े आयोजन*

*मुख्यमंत्री ने किया पुस्तक वंदे मातरम एक क्रांति गीत का साहित्येतिहासिक अध्ययन का विमोचन*

*150 कलाकारों ने समवेत स्वर में दी वंदे मातरम गीत की प्रस्तुति*

**150 वां स्मरणोत्सव 7 नवंबर 2026 तक पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने जब 1896 में पहली बार इस गीत को स्वर दिया, तो वंदे मातरम केवल गीत नहीं रहा, वह राष्ट्र की पुकार बन गया। उन्होंने शहीद भगत सिंह, क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के संघर्ष और शहादत का पुण्य स्मरण किया। उन्होंने कहा कि आजादी के साथ जब राष्ट्रगीत को अपनाने का समय आया तो देश को भ्रमित करने की कोशिश की गई। वंदे मातरम के इतिहास को गहनता से जांचने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 7 नवंबर से आरंभ हुआ ।

## खबर संक्षेप

### पीएम दिखाएंगे 4 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार सुबह लगभग 8:15 बजे वाराणसी से चार नई वंदे भारत ट्रेनों को झंडी दिखाएंगे। ये ट्रेनें बनारस-खजुराहो, लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एर्नाकुलम-बेंगलुरु मार्गों पर चलेंगी। प्रमुख गंतव्यों के बीच चलने वाली ये ट्रेनें क्षेत्रीय गतिशीलता में वृद्धि करेंगी। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।



### एआई के उपयोग से यूएस में गईं 1.5 लाख नौकरियां

**नई दिल्ली।** एआई का दुष्प्रभाव दिखने लगा है। निवेशकों को एआई कंपनियों को लेकर चिंताएं सताने लगी हैं। अमेरिकी इकोनॉमी में मंदी की आहट से रोजगार संकट बढ़ता जा रहा है। अक्टूबर में ही अमेरिका में करीब 1.53 लाख लोगों की नौकरियां गईं। अब तक साल 2025 में करीब 11 लाख नौकरियां जा चुकी हैं।



### जवानों पर मधुमक्खियों का हमला, 4 घायल

**बालाघाट।** नक्सल मोर्चा पर सर्चिंग करने निकले जवानों पर मधुमक्खी ने हमला कर दिया। इससे चार जवान गंभीर रूप से घायल हो गये और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक हॉकफोर्स के जवान गोदरी कैंप के हैं। जोकि दो दिन पहले नक्सलियों के साथ मुठभेड़ होने पर जंगल में सर्चिंग के लिए उतारे गए थे।



## एडीजी राजा बाबू सिंह के निर्देश

अभी रामचरितमानस का पाठ और शिक्षा दी जा रही

# मप्र पुलिस के सभी ट्रेनिंग सेंटरों में गूंजेगा गीता पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र पुलिस के सभी ट्रेनिंग सेंटर्स को निर्देश जारी कर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कांस्टेबलों के लिए भागवद् गीता पाठ का निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल इन केंद्रों पर रामचरितमानस का पाठ और शिक्षा दी जाती है। पुलिस प्रशिक्षण शाखा ने अब अपने सभी केंद्रों को रंगरूटों के लिए भागवद् गीता पाठ सत्र आयोजित करने का निर्देश दिया है, क्योंकि इससे उन्हें धार्मिक जीवन जीने में मदद मिलेगी।



### गीता पढ़ने से जीवन जीने की कला आती है

एडीजी राजा बाबू सिंह ने प्रशिक्षण विद्यालयों के निदेशकों से कहा कि भागवद् गीता के कम से कम एक अध्याय का पाठ अवश्य करवाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि यह प्रशिक्षुओं के दैनिक ध्यान सत्र से ठीक पहले किया जा सकता है। एडीजी ने प्रशिक्षण विद्यालयों को दिए अपने संदेश में कहा कि भगवद् गीता हमारा शाश्वत धर्मग्रंथ है। इसका नियमित पाठ निश्चित रूप से हमारे प्रशिक्षुओं को धार्मिक जीवन जीने के लिए प्रेरित करेगा और उनका जीवन बेहतर होगा।


## 5 माह में दूसरी बार मप्र का दौरा

# पचमढ़ी में आज आएंगे राहुल गांधी जिलाध्यक्षों से तीन घंटे करेंगे बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 8 नवंबर को मध्यप्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे पचमढ़ी में कार्यकर्ताओं से मुलाकात और संवाद करेंगे। संगठन सृजन अभियान के तहत पचमढ़ी में जारी जिलाध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर को भी संबोधित करेंगे। राहुल पचमढ़ी में रात्रि विश्राम भी करेंगे और 9 नवबर को कार्यकर्ताओं के चर्चा करेंगे। इसके बाद रवाना होंगे। राहुल यहां कार्यकर्ताओं से ग्लोबल पॉलिटिक्स ऑफ इंडिया विषय पर संवाद करेंगे। संविधान चर्चा के साथ वोट चोरी पर भी चर्चा हो सकती है। राहुल पांच माह में दूसरी बात मध्यप्रदेश आ रहे हैं। इसके पहले वे संगठन सृजन अभियान के चलते 3 जून को भोपाल आए थे। वे दोपहर ढाई बजे भोपाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। 3 बजे हेलिकॉप्टर से पचमढ़ी रवाना होंगे।

- **जाति, संविधान और राजनीति पर करेंगे मंथन**



## महाकाल मंदिर परिसर में वंदे मातरम की गूंज

# पुलिस और महाकाल मंदिर के बैंड ने दी भव्य प्रस्तुति



मंदिर परिसर में वंदे मातरम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्र भावना एवं देशभक्ति को समर्पित एक विशेष आयोजन महाकाल मंदिर परिसर में भी किया गया। जहां बड़ी संख्या में उपस्थित जनसमूह ने वंदे मातरम का गान किया तो वहीं महाकाल और पुलिस बैंड ने भी अपनी प्रस्तुति दी। उज्जैन में मुख्य आयोजन महाकाल मंदिर परिसर में हुआ।

## सर्दी का असर बढ़ाः गुरुवार को राजगढ़ में 11, भोपाल में रहा था 13 डिग्री तापमान

बर्फीली हवाओं से लगातार गिर रहा रात का पारा

# राजगढ़-भोपाल सबसे ठंडे, गिरा दो डिग्री पारा

### जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में बर्फबारी शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही बर्फबारी की वजह से बर्फीली हवाओं का असर प्रदेश में भी दिखाई देने लगा है। गुरुवार से ज्यादातर शहरों में तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई। इसके बाद शुक्रवार को राजगढ़ और भोपाल में दो डिग्री की गिरावट के साथ राजगढ़ में पारा 9 और भोपाल में 11 डिग्री पर आ गया।

जबकि एक दिन पहले यहां तापमान में 11 और 13 डिग्री दर्ज किया गया था। बीती रात भोपाल का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जिससे गुरुवार को बना रिकॉर्ड शुक्रवार को फिर टूट गया। यह पिछले 10 सालों में नवंबर माह का सबसे कम तापमान है।



राजाभोज सेतु, शाम 6 बजे

### कोहरे का असर भी बढ़ेगा

अब ठंड के साथ कोहरा भी बढ़ेगा। फिलहाल, देर रात और सुबह ठंड का असर ज्यादा है। वहीं सुबह हलका कोहरा भी है, जो आने वाले दिनों में बढ़ जाएगा। अभी मंडला में सबसे कम 1-2 किलोमीटर दृष्टता मंडला में देखने को मिली है। जबलपुर, रीवा और सतना में यह 2 से 4 किलोमीटर रही।

### नवंबर में तेज सर्दी का चलन

प्रदेश में नवंबर में पिछले 10 साल से ठंड के साथ बारिश का चलन भी है। अबकी बार भी ऐसा ही मौसम रहेगा। वहीं, बारिश के लिहाज से अक्टूबर का महीना उम्मीदों पर खरा उतरा है। औसत 2.8 इंच पानी गिर गया, जो सामान्य 1.3 इंच से 121 फीसद ज्यादा है।







# राजद-कांग्रेस का गुब्बारा फटा, जंगलराज वाले वापसी को बेचैन और गा रहे 'बनेंगे रंगदार'

## कैमूर और औरंगाबाद में पीएम मोदी ने महागठबंधन पर किया बड़ा हमला

उनके समर्थन एनडीए का नारा लगा रहे

एजेंसी ▶▶ पटना

पीएम नरेंद्र मोदी ने कैमूर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने महागठबंधन पर जमकर हमला बोला। पहले चरण के मतदान के बाद राजद-कांग्रेस का गुब्बारा पूरी तरह फट गया है। उनके समर्थक भी फिर एक बार एनडीए सरकार का नारा लगा रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि जंगलराज के युवराज से जब पूछा जाता है कि बड़े-बड़े वादे कैसे पूरे करेंगे? वह कहते हैं कि उनके पास प्लान हैं। राजद वालों का एक गाना है कि 'आएगी भैया की सरकार, बनेंगे रंगदार'। अब सोचिए कि राजद वाले इंतजार कर रहे हैं कि कब उनकी सरकार आए और अपहरण-रंगदारी फिर से शुरू हो जाए।



बिहार के कैमूर में चुनावी सभा को संबोधित करते पीएम मोदी। पार्टी के सभी सहयोगी साथ में दिखाई दे रहे हैं।

### भैया के आबे दे सत्ता, कट्टा सटा के उठा लेब घरवा से

पीएम मोदी ने तंज कसते हुए कहा कि राजद वालों का एक और गाना है। वह गाना है- भैया के आबे दे सत्ता, कट्टा सटा के उठा लेब घरवा से'। उन्होंने कहा कि राजद वालों को जनता की सेवा नहीं करनी है। उन्हें केवल जनता को लूटना है। उन्हें घर से उठवा लेना है। राजद का एक और गाना चल रहा है। वह गाना है- 'मारब छिक्सर के छह गोली छाती में'। यही इनका तौर तरीका है। यही उनका प्लान है। यही जंगलराज की आहत है।

### जनता अब जंगलराज नहीं चाहती, तय हो गया

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं इस क्षेत्र की सभी महानविभूतियों को नमन करता हूं। पहले चरण के मतदान ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। पहले चरण के मतदान से स्पष्ट है कि बिहार के लोग अब किसी भी कीमत पर जंगलराज को लौटने देना नहीं चाहते हैं।

### कट्टा और फिरौती का दौर फिर नहीं लौटे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने औरंगाबाद की जनसभा में राजद पर निशाना साधा और कहा कि 'जंगलराज वालों' के पास वह सब कुछ है, जो नौकरी और निवेश दोनों के लिए खतरा है। उन्होंने बिहार की जनता को सतर्क करते हुए कहा कि ये (राजद समर्थक) खुली घोषणा कर रहे हैं कि 'भैया की सरकार' आएगी तो कट्टा, दोनाली और फिरौती, यही सब चलेगा। लेकिन बिहार में 'कट्टा सरकार' नहीं चाहिए।

### जंगलराज वाले विनाश और दुख के प्रतीक

भभुआ में पीएम मोदी ने कहा कि आप कल्पना कर सकते हैं कि ये जंगलराज वाले लोग सत्ता में लौटने के लिए इतने बेचैन क्यों हैं। वे जनता की सेवा नहीं करना चाहते। वे बंदूक की नोक पर जनता को लूटना चाहते हैं, उन्हें लूटना चाहते हैं। ये विनाश और दुख के प्रतीक हैं।

नेता प्रतिपक्ष राहुल का प्रधानमंत्री पर बड़ा हमला

## पूरा चुनाव ही चोरी कर लिया गया और वे चोरी करके प्रधानमंत्री बने



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर भाजपा पर वोट चोरी के आरोप लगाए। राहुल ने आरोप लगाया कि पूरा चुनाव चोरी किया गया और नरेंद्र मोदी, चुनाव चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि हमारे पास बहुत सारा मैटेरियल है। हम वोट चोरी का पर्दाफाश करने की प्रक्रिया जारी रखेंगे।

### संविधान पर हमला हो रहा

राहुल ने कहा कि 'मीडिया ब्राजीली मॉडल के मुद्दे को उठा रहा है, लेकिन सच्चाई यह है कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह और चुनाव आयोग मिलकर संविधान पर हमला कर रहे हैं। यही काम वे बिहार में करने जा रहे हैं, उन्होंने मध्य प्रदेश और छग में भी ऐसा किया है और हरियाणा में भी ऐसा हुआ है। गुजरात में भी यह बार-बार हो रहा है।

**दिल्ली के रामलीला मैदान में बड़ी रैली करेंगे, राष्ट्रपति से मिलेंगे**

कांग्रेस दिल्ली के राम लीला मैदान में नवंबर के अंतिम सप्ताह में एक बड़ी रैली करेगी। कांग्रेस पार्टी का एक डेलिगेशन राष्ट्रपति से मिलकर 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान के दौरान सिग्नेचर कैंपेन में इकट्ठे किए गए। लगभग 5 करोड़ हस्ताक्षर राष्ट्रपति को सौंपेगा।

### पुणे की वकील की फोटो पर बवाल, वोट चोरी का उठाया सवाल


राहुल के 'वोट चोरी' के आरोपों के बाद एक नया विवाद खड़ा हो गया है। बिहार चुनाव के पहले चरण की वोटिंग के दौरान पुणे की महिला की स्याही लगी अंगुली वाली फोटो वायरल हो गई है।

**वकील ने दी सफाई- वोट का दावा नहीं किया**

विवाद को बढ़ता देख पोस्ट करने वाली वकील ने खुद इस पर सफाई दी। उन्होंने लिखा कि उनका पोस्ट सिर्फ बिहार के वोटर्स को मोटिवेट करने के लिए था और उन्होंने कभी यह दावा नहीं किया कि उन्होंने आज वोट दिया है।

### यूपी में फिर बनेगी सरकार

बिहार में जारी चुनावी गहमागहमी के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भाजपा 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव में तीसरी बार वापसी करेगी। उन्होंने कहा कि हम तीसरी बार राज्य में सरकार बनाएंगे। न सिंह ने कहा कि 2024 के लोकसभा और 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव को जोड़ना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि योगी एक अच्छी सरकार चला रहे हैं। उन्होंने राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति में काफी सुधार किया है। विकास के कार्यों को गति मिली है।



## शाह का बड़ा ऐलान- बिहार में बनेगा डिफेंस कॉरिडोर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जमुई की जनता से वादा किया कि यहां डिफेंस कॉरिडोर बनेगा. जमुई में गोला बारूद का कारखाना खोलेंगे। विदेश का नहीं जमुई में बने गोला बारूद से आतंकवाद पर हमला करेंगे। मखाना बोर्ड की तरह चीनी मिल शुरू किया जाएगा। नदी से खेतों तक हम पानी पहुचायेंगे और अगले 5 साल में जमुई के प्राकृतिक सौंदर्य का उपयोग कर पर्यटन बढ़ाएंगे।



### आधे बिहार में हो गया लालू की पार्टी का सूपड़ा साफ

शाह ने दावा किया है कि आधे बिहार में लालू यादव की पार्टी आरजेडी का सूपड़ा साफ हो गया है। उन्होंने पहले चरण की वोटिंग का जिक्र करते हुए यह बात कही। अब आधे हिस्से में भी ऐसा ही होगा। शाह ने कहा कि पिछले 10 सालों में, प्रधानमंत्री ने बिहार में सड़कों, पुलों, इथेनॉल कारखानों और चीनी मिलों का एक बुनियादी ढांचा तैयार किया है। अगले पांच साल बिहार को पूरी तरह से विकसित बनाने पर केंद्रित होंगे।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा बोले

### बिहार में 160 से अधिक सीटों के साथ बनेगी एनडीए सरकार

पहले चरण के मतदान के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इंटरव्यू में दावा कर कहा कि हाई वोटिंग प्रतिशत और जनता की स्पष्ट चुनावी पसंद एनडीए की सरकार के लिए मजबूत संकेत हैं। उन्होंने कहा कि राहुल संवैधानिक संस्थाओं और कानून को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। उनका व्यवहार बचकाना है। नड्डा ने कहा कि बिहार में एनडीए 160 से अधिक सीटों के साथ सरकार बनाएगी।



### जो जमीन हड़प लिए नौकरी क्या देंगे: योगी

पश्चिम चंपारण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा में कहा कि जिन लोगों ने जंगलराज, गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार और अराजकता देखी है, मैं उनसे अपील करता हूं कि वे अपनी वर्तमान पीढ़ी को इसके बारे में बताएं। जो नौकरी के नाम पर भूमि हड़प ली, वे क्या देंगे?



### 121 सीटों पर महागठबंधन के उम्मीदवारों को एकमुश्त वोट मिला

तेजस्वी का दावा



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने महागठबंधन को एकमुश्त वोट मिलने का दावा किया है। हर बिहारवासी ने 20 साल के अंधकार को मिटाने के लिए, घर से निकल कर परिवर्तन की ऐसी रोशनी जलाई कि पूरे बिहार में सुख, समृद्धि, सुरक्षा, सम्मान, सौहार्द, शांति और खुशहाली की दस्तक सुनाई देने लगी है। पहली बार अभूतपूर्व बदलाव की लहर है।

## खबर संक्षेप

### ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, 3 की मौत



**हमीरपुर।** जिले में राठ कोतवाली क्षेत्र के बसेला इलाके में एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तीनों युवक मजदूरी कर अपने घर लौट रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाकर जोरदार प्रदर्शन किया।

### दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री भारती फरार घोषित




**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री सोमनाथ भारती पर 2021 में रायबरेली पुलिस के साथ अभद्रता का आरोप है। इस मामले पर भारती के ऊपर एक केस भी दर्ज किया गया था। इस मामले में सुनवाई के दौरान रायबरेली के एमपी/एमएलए कोर्ट में सोमनाथ भारती के हाजिर नहीं होने पर यहां की अदालत ने उन्हें फरार घोषित कर दिया है।

### बंगाल के स्कूलों में गाना होगा 'बांग्लार माटी'



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। 'सर' को लेकर ममता ने केंद्र के खिलाफ हल्ला बोला है। राज्य सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए राज्य के सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में हर सुबह की एसेंबली में राज्य गीत 'बांग्लार माटी, बांग्लार जल' को अनिवार्य कर दिया है।

### अदाकारा सुलक्षणा को नम आंखों से दी विदाई



**मुंबई।** गुरुवार को बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा और गायिका सुलक्षणा पंडित का देहांत हुआ। 71 साल में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। शुक्रवार को मुंबई के विले पार्ले स्थित पवनहंस श्मशान घाट में अंतिम संस्कार हुआ। इस मौके पर सिर्फ परिवार के करीबी मौजूद रहे। उनके भाई और म्यूजिक कंपोजर ललित पंडित शामिल हुए।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पीएम ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

# यह मां भारती की साधना-आराधना का स्वर और यह एक मंत्र और एक स्वर बन गया

### चटर्जी के लिखे राष्ट्रीय गीत पर देशभर में मनाया जाएगा उत्सव

सालभर चलेगा यह आयोजन, दिल्ली में की शुरुआत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के मौके पर एक साल चलने वाले कार्यक्रम का उद्घाटन किया। पीएम ने इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया है। यह कार्यक्रम 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक चलेगा। बंकिमचंद्र चटर्जी के लिखे राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरा होने पर देश भर में इसके लिए उत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि यह गीत भारतीयों की आत्मा का आवाज है।पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि मां भारती की अराधना का राष्ट्रीय स्वर यह गीत है। पीएम मोदी ने कहा कि वंदे मातरम सिर्फ एक शब्द नहीं है करोड़ों भारतीयों के लिए यह एक मंत्र है, एक ऊर्जा है, एक स्वप्न है। वंदे मातरम, ये शब्द मां भारती की साधना है, मां भारती की आराधना है। इस दौरान मोदी ने एक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया।




पीएम मोदी इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करते हुए।

### वंदे मातरम का मतलब संकल्पों की सिद्धि

पीएम मोदी ने कहा कि वंदे मातरम, ये शब्द एक मंत्र है, एक ऊर्जा है, एक स्वप्न है, एक संकल्प है। वंदे मातरम, ये शब्द मां भारती की साधना है, मां भारती की आराधना है। वंदे मातरम, ये शब्द हमें इतिहास में ले जाता है, ये हमारे वर्तमान को नए आत्मविश्वास से भर देता है, और हमारे भविष्य को ये नया हौसला देता है कि ऐसा कोई संकल्प नहीं जिसकी सिद्धि न हो सके, ऐसा कोई लक्ष्य नहीं जिसे हम भारतवासी पा न सकें।

### गीत को बताया राष्ट्र की आत्मा का स्वर

पीएऐम मोदी ने इस मौके पर कहा कि वंदे मातरम का जब भी हम उल्लेख करते हैं, तो ये शब्द हमें इतिहास में ले जाता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर हमारे वर्तमान को नए आत्मविश्वास से भर देता है। यह हर भारती के भविष्य को नया हौसला देता है कि ऐसा कोई संकल्प नहीं जिसकी सिद्धि न हो सके। ऐसा कोई लक्ष्य नहीं जिसे हम भारतवासी पा न सकें।

### राष्ट्रीय गीत और विभाजन पर की बात

पीएम ने विभाजन की पीड़ा का जिक्र करते हुए कहा कि 1937 में वंदे मातरम' के महत्वपूर्ण पदों, उसकी आत्मा के एक हिस्से को अलग कर दिया गया था। 'वंदे मातरम' को तोड़ दिया गया था। इस विभाजन ने देश के विभाजन के भी बीज बो दिए थे। राष्ट्र-निर्माण के इस महामंत्र के साथ यह अन्याय क्यों हुआ, यह आज की पीढ़ी को जानना जरूरी है। विभाजनकारी सोच आज भी देश के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। पीएम ने कहा कि राष्ट्र को एक जियोपॉलिटिकल एंटिटी मानने वालों के लिए राष्ट्र को मां मानने वाला विचार हैरानी भरा हो सकता है। भारत अलग है, भारत में मां जननी भी है और पालनहारिणी भी है। और अगर संतान पर संकट आ जाए तो मां संहार कारिणी भी है।

## उधर महाराष्ट्र में गीत पर घमासान | आजमी ने राष्ट्रीय गीत गाने से कर दिया इनकार



इस जश्न के बीच वंदे मातरम को लेकर राजनीति भी खूब हो रही है। शुक्रवार को मुंबई में भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने सपा नेता अबु आजमी के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और सपा नेता से राष्ट्रीय गीत गाने की मांग की। अबु आजमी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि जैसे आप मेरे साथ नमाज नहीं पढ़ सकते, उसी तरह मैं वंदे मातरम नहीं गा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी को उसकी मर्जी के बगैर राष्ट्रीय गीत गाने के लिए मजबूर करना उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। आजमी ने आरोप लगाया कि भाजपा राजनीतिक फायदे के लिए राष्ट्रवाद का इस्तेमाल कर रही है।

### भाजपा का पलटवार- तो जाइए पाकिस्तान

विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भाजपा विधायक राज के पुरोहित ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन प्रतीकात्मक है। वंदे मातरम क्या है, जहां हम रहते हैं, उस धरती तो नमन है। इसे गाया जाना चाहिए और देश का सम्मान करना चाहिए। अगर आप देश से प्यार नहीं करते तो फिर आप पाकिस्तान जाओ। आप इस देश में रहते हैं और यहां विधायक हैं और राष्ट्रीय गीत गाने से इनकार करते हैं।

जेल में बंद सांसद की अर्जी पर बंटे जज

## मीलॉर्ड का खंडित फैसला अब 'सीजे' करेंगे सुनवाई



दिल्ली हाईकोर्ट।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट के 2जजों की पीठ शुक्रवार को तब आपस में बंट गई, जब जेल में बंद जम्मू-कश्मीर के सांसद अब्दुल राशिद शेख की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस कारण पीठ ने उस मामले में खंडित फैसला सुनाया। दरअसल, सांसद ने अपनी याचिका में उस आदेश में संशोधन का अनुरोध किया था, जिसमें उन्हें हिरासत में रहते हुए संसद सत्र में शामिल होने के लिए जेल अधिकारियों के पास लगभग 4 लाख रुपए जमा करने को कहा गया था।

### खर्च के वहन करने पर दी अलग-अलग राय

सुनवाई करते हुए जस्टिस विवेक चौधरी ने जहां सांसद राशिद की याचिका खारिज कर दी, वहीं जस्टिस अनूप जयराम भंभानी ने इसे स्वीकार कर लिया। राशिद ने संसद सत्र में भाग लेने के लिए केंद्र सरकार को उनकी यात्रा का खर्च वहन करने का निर्देश देने की मांग की थी। इस पर जस्टिस भंभानी का कहना है कि सरकार को सांसद राशिद की यात्रा का खर्च वहन करना चाहिए, जबकि जस्टिस चौधरी का कहना है कि सरकार को ऐसा नहीं करना चाहिए।

### हम एक-दूसरे से सहमत नहीं हो पाए

अब यह मामला हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय के समक्ष रखा जाएगा। दोनों न्यायाधीशों ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हम एक-दूसरे से सहमत नहीं हो पाए हैं। हमने दो अलग-अलग फैसले दिए हैं। उचित आदेश के लिए इसे मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जाएगा। जस्टिस चौधरी ने कहा कि मेरे भाई (जे भंभानी) ने आवेदन स्वीकार कर लिया है। मैंने इसे अस्वीकार कर दिया।

### टेरर फंडिंग में फंसे राशिद



राशिद आतंकी वित्त पोषण के मामले में मुकमदे का सामना कर रहे हैं, जिसमें आरोप है कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर में अलगाववादियों और आतंकी समूहों को वित्त पोषण किया है। वर्ष 2017 के आतंकी वित्त पोषण मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से वह 2019 से दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। पिछले साल सितंबर में उन्हें जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए एक महीने की अंतरिम जमानत दी गई थी।

आईजीआई पर तकनीकी समस्या

## यहां मैसेज स्विचिंग सिस्टम खराब, 300 उड़ानों में देरी



इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर शुक्रवार सुबह तकनीकी खराबी की वजह से हवाई सेवाएं प्रभावित हुईं। इससे करीब 300 उड़ानों में देरी हो गई। इंडिगो, एयर इंडिया, स्पाइसजेट और अकासा एयर ने कहा कि हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में समस्या के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर उनकी उड़ानों में देरी हो रही है।

### मुंबई में भी दिखा असर

मुंबई में भी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। एयरपोर्ट की तरफ से जारी एडवाइजरी में कहा गया, दिल्ली स्थित स्वचालित संदेश स्विचिंग सिस्टम में आई एक तकनीकी समस्या के कारण मुंबई हवाई अड्डे पर भी उड़ान संचालन प्रभावित हुआ है।

बिहार चुनाव के बीच सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

## सजा का खुलासा नहीं करने पर रद्द की जाएगी उम्मीदवारी

### कोर्ट बोला- भले ही वह सजा मामूली हो और हाई कोर्ट द्वारा रद्द कर दी गई हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि कोई भी उम्मीदवार नामांकन पत्र में अपनी किसी भी आपराधिक सजा का खुलासा न करने पर, भले ही वह सजा मामूली हो और बाद में हाई कोर्ट द्वारा रद्द कर दी गई हो, उसकी उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी। यह फैसला बिहार विधानसभा चुनावों के बीच आया है, जो राजनीतिक दलों के लिए एक बड़ा झटका साबित हो सकता है।

विशेष अनुमति याचिका खारिज की



भारत का सर्वोच्च न्यायालय।

### कोर्ट ने इस मामले में सुनाया फैसला

यह फैसला मध्य प्रदेश के भीकनगांव से नगर पार्षद पूनम के मामले में आया है। पूनम पर नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट (1881) की धारा 138 के तहत चेक बाउंस के मामले में ट्रायल कोर्ट ने एक साल की सजा सुनाई थी।

### नामांकन पत्र में नहीं किया सजा का जिक्र

हालांकि, बाद में हाई कोर्ट ने इस सजा को पलट दिया, लेकिन पूनम ने नामांकन पत्र में इस सजा का जिक्र नहीं किया। निचली अदालतों ने उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी, जिसके खिलाफ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की।

### यह बोले जज

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अतुल एस. चंदुरकर की बेंच ने विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) खारिज करते हुए कहा कि नामांकन पत्र में दोषसिद्धि का खुलासा न करना मतदाताओं के अधिकारों का सीधा उल्लंघन है। रद्द सजा का मतलब यह नहीं कि इसे छिपाने का अधिकार है।

### हलफनामे में दोषसिद्धियों का उल्लेख अनिवार्य

इसके साथ ही कोर्ट ने जोर दिया कि चुनावी हलफनामे में सभी पुरानी दोषसिद्धियों का उल्लेख अनिवार्य है, चाहे अपराध छोटा हो या सजा बाद में उलट दी गई हो। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आपराधिक पृष्ठभूमि से संबंधित जानकारी न देना अनुचित प्रभाव डालता है, जो मतदाताओं के अधिकारों में बाधा बनता है। पूनम ने मध्य प्रदेश नगर पालिका निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 24-ए (1) का पालन नहीं किया, जिसमें नामांकन पत्र में आपराधिक सजा का खुलासा अनिवार्य है। कोर्ट ने कहा कि पूनम ने निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 की धारा 138 के तहत सजा को छिपाकर महत्वपूर्ण जानकारी दबाई।

जबलपुर
शनिवार, 8 नवंबर 2025
अगहन मास कृष्ण पक्ष-3
वर्ष : 20, अंक : 190
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 27
न्यून. 10

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

8 विकास के लिए नए सुधार जरूरी




मैट्रो
14 16 महीने बीतने के बावजूद विधायक ..



क्रिकेटर क्रांति गौड़ को सीएम ने विश्व कप की प्रतिकृति भेंट की

- **छतरपुर में बनेगा अभ्यास के लिए नया क्रिकेट स्टेडियम**
- **भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर किया जाएगा क्रांति का सम्मान**

## मुख्यमंत्री ने किया क्रिकेटर क्रांति गौड़, उनके माता-पिता और कोच का अभिनंदन

# क्रांति प्रदेश ही नहीं, पूरे देश की बेटियों के लिए 'प्रेरणा'

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारतीय टीम की जीत का हिस्सा रही क्रिकेटर क्रांति गौड़ का मप्र आने पर शुक्रवार को भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सीएम हाउस के समत्व भवन में क्रांति, उनके माता-पिता और कोच का अभिनंदन किया और कहा कि क्रांति ने देश-दुनिया में मप्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने घोषणा की कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जबलपुर में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में क्रांति का सम्मान किया जाएगा।



क्रांति के माता-पिता का भी सीएम ने मंच पर बुलाकर सम्मान किया

### योग और ध्यान, फिटनेस एकाग्रता के लिए जरूरी

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने क्रांति गौड़ और खेल अकादमी की बालिकाओं के संवाद में सहभागिता करते हुए सभी को फिटनेस का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग और ध्यान, फिटनेस तथा एकाग्रता के लिए जरूरी हैं। उपस्थित बालिकाओं ने क्रांति से उनके फिटनसे रूटीन, रूचियों, संघर्ष, खेल की निरंतर प्रैक्टिस और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं में हुए अनुभवों के बारे में चर्चा की। क्रांति ने बालिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर संघर्ष आवश्यक है। हम, स्वयं से जो प्रतिबद्धता करें।

### बीसीसीआई में फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर बनी औबेदुल्लागंज की बेटी

*औबेदुल्लागंज। भोजपुर रोड पर स्थित ग्राम मगरपूछ में जन्मी शिवनारायण गौर की बेटी डॉ. शालू पटेल पहले तो अपनी मेहनत और लगन से फिजियोथेरेपिस्ट बनी और औबेदुल्लागंज में सेवाएं शुरू की। अब भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बीसीसीआई में फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर बन गई और पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने नगर और गांव के बच्चों को आसमान छूने की प्रेरणा दी है।*




## खबर संक्षेप

### शमी की पत्नी ने गुजारा भत्ता बढ़ाने की अर्जी दी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी और पश्चिम बंगाल सरकार से सुप्रीम कोर्ट ने जवाब मांगा है। यह नोटिस शमी की अलग रह रही पत्नी हसीन जहां की उस याचिका पर जारी किया गया है, जिसमें उन्होंने गुजारा भत्ता बढ़ाने की मांग की है। हसीन जहां ने कोर्ट से कहा है कि वर्तमान राशि उनके और बेटी के खर्चों के लिए अपर्याप्त है।



### नकली सोना देकर करोड़ों का लिया लोन

**बीड।** महाराष्ट्र के बीड शहर के एक ज्वैलर को नकली सोना देकर बैंक से लोन निकालने और करीब 2.5 करोड़ की ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है। ज्वेलर ने नकली सोने की मदद से फर्जी आवेदन कर बैंक से लोन निकाले। आरोपी की पहचान विलास उदावंत के रूप में हुई है, जो बीड के पंडित नगर इलाके का रहने वाला है।



### तकिया मस्जिद केस में मुस्लिम पक्ष को झटका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें मप्र हाईकोर्ट के तकिया मस्जिद गिराने के फैसले को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने यह फैसला प्रशासन के हक में सुनाया है। करीब 10 माह पहले महाकाल मंदिर विस्तारीकरण की जद में आ रही तकिया मस्जिद को तोड़ने के मामले में वहां दोबारा मस्जिद बनवाने की अपील की। उज्जैन के 13 निवासियों ने याचिका दायर की थी कि वे 200 साल पुरानी तकिया मस्जिद में नमाज अदा करते थे। जिसे राज्य सरकार ने महाकाल मंदिर परिसर की पार्किंग बढ़ाने के लिए मस्जिद को गिरा दिया। सुप्रीम कोर्ट ने इनकी मांग को सिरे से खारिज कर दिया।



## आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त,कहा- नसबंदी कर शेल्टर होम में रखें, पकड़े गए स्थान पर न छोड़ें

# स्कूल, कॉलेज और अस्पताल परिसरों से कुत्तों को हटाएं, सड़कों पर मवेशी न दिखें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के कई राज्यों में सड़कों और हाईवे पर खुले घूम रहे आवारा मवेशियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि हाईवे और सड़कों से आवारा मवेशियों को तुरंत हटाया जाए।

दरअसल, आवारा कुत्तों से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, बस स्टैंडों, खेल परिसरों और रेलवे स्टेशनों से आवारा कुत्तों और अन्य ऐसे मवेशियों को तुरंत हटाए जाने और उन्हें आश्रय गृह भेजने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए 8 हफ्ते का समय दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे राजमार्ग गश्ती दल गठित करें जो सड़कों से आवारा पशुओं को पकड़कर उन्हें आश्रय गृहों में रखें जहां उनकी देखभाल की जाएगी।

### इससे पहले 27 अक्टूबर को शीर्ष अदालत ने स्पष्ट आदेशों के बाद भी ज्यादातर राज्य सरकारों के अनुपालन हलफनामा दायर न करने पर कड़ी टिप्पणी की थी

### शीर्ष कोर्ट ने इसके लिए 8 हफ्ते का समय दिया, अगली सुनवाई 13 जनवरी को

- राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे राजमार्ग गश्ती दल गठित करें
- आवारा कुत्तों को उसी जगह वापस नहीं छोड़ा जाना चाहिए जहां से उन्हें उठाया गया था
- न्यायमित्र द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया जाए और वह उसके आदेश का हिस्सा होगी



सुप्रीम कोर्ट परिसर में भी आवारा कुत्तों की मौजूदगी देखी गई

**तीन राज्यों ने ही प्रस्तुत किए हलफनामे**

*इससे पहले 27 अक्टूबर को शीर्ष अदालत ने स्पष्ट आदेशों के बाद भी ज्यादातर राज्य सरकारों के अनुपालन हलफनामा दायर न करने पर कड़ी टिप्पणी की थी। शीर्ष अदालत ने कहा था कि केवल पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने ही अपने हलफनामे प्रस्तुत किए थे।*

**डॉग लवर्स इस आदेश से असंतुष्ट दिखे**

#### मेनका गांधी बोलीं- ये तो जस्टिस पारदीवाला के जजमेंट से भी खराब

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर मेनका गांधी ने कहा कि ये तो जस्टिस पारदीवाला के जजमेंट से भी खराब है या उतना ही खराब है। ये एक ऐसा जजमेंट है जो हो ही नहीं सकता। जस्टिस पारदीवाल ने बोला था- आप सारे कुत्तों को उठाएं और जगह में रखें। ये जजमेंट कहता है कि आप पांच हजार कुत्ते सब जगह से को उठाएं। इन कुत्तों को उठाने के लिए आपको पचास शेल्टर चाहिए लेकिन जगह कहां है? अगर यह संभव होता तो हो जाता।

#### ▶▶ आदेश सुन रोने लगी महिला वकील, बोलीं- इतना कठोर आदेश दिया

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सुप्रीम कोर्ट की वकील और याचिकाकर्ता ननिता शर्मा की आखों में आंसू नजर आए। ननिता शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त जैसा आदेश दिया था, लगभग वैसा ही आदेश जारी किया गया है। इन बेजुबान जानवरों के साथ इतनी ना-इंसाफी नहीं होना चाहिए।

## धनराशि के हवाला से जुड़ी होने का शक

# पकड़ी गई कालेधन की बड़ी खेप वैशाली एक्सप्रेस में 1 करोड़ मिले

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर



बिहार विधानसभा चुनाव से पहले गोरखपुर जीआरपी को एक बड़ी सफलता मिली है। गुरुवार देर रात गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर नियमित चेकिंग के दौरान वैशाली एक्सप्रेस से एक युवक को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से एक करोड़ रुपए की नकदी बरामद हुई। बताया जा रहा है कि युवक इन रुपयों को बिहार के मोकामा ले जाने की तैयारी में था। चुनावों के मद्देनजर रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। इसी क्रम में जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम वैशाली एक्सप्रेस में जांच कर रही थी।

- इन रुपयों को बिहार के मोकामा ले जाने की तैयारी में था

# सबरीमाला सोना चोरी मामले में पूर्व तिरुवभरणम आयुक्त गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

सबरीमाला मंदिर से सोने की चोरी की जांच कर रही एसआईटी ने गुरुवार को पूर्व तिरुवभरणम (पवित्र आभूषण) आयुक्त केएस बैजू को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि बैजू जो वर्तमान में सेवानिवृत्त हैं, जुलाई 2019 में थिरुवाभरणम आयुक्त के पद पर थे, जब द्वारपालक (रक्षक देवता) मूर्तियों के सोने के आवरण को इलेक्ट्रोप्लेटिंग के लिए हटाकर ले जाया गया था। सूत्रों के अनुसार, बैजू 19-20 जुलाई को छुट्टी पर थे। बताया गया कि इन्हीं दिनों द्वारपालक की मूर्तियों को सबरीमाला से हटाया गया और मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी को सौंपा गया था, जिसने इलेक्ट्रोप्लेटिंग कार्य को प्रायोजित किया था।

**साजिश का हिस्सा है बैजू की छुट्टी**

पुलिस का कहना है कि एसआईटी को शक है कि उन महत्वपूर्ण दिनों में बैजू की अनुपस्थिति साजिश का हिस्सा थी। एसआईटी का कहना है कि प्रक्रिया की निगरानी करने में बैजू की विफलता के कारण कथित तौर पर प्रक्रियागत खामियां हुईं, जिसके परिणामस्वरूप सोना गायब हो गया। एसआईटी पूरे मामले में बैजू की भूमिका की भी जांच कर रही है।

# बाबा बागेश्वर की सनातन हिंदू पदयात्रा शुरू



**कथावाचक जया किशोरी, कवि कुमार विश्वास, द ग्रेट खली भी होंगे शामिल**

### 10 दिन में 170 किमी की होगी पदयात्रा, वृंदावन में समापन

*नई दिल्ली। बागेश्वर धाम के बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री ने शुक्रवार को दिल्ली से वृंदावन के लिए 10 दिनों की पदयात्रा शुरू की है। ये सनातन हिंदू एकता पदयात्रा दिल्ली के छतरपुर के कात्यायनी माता मंदिर से शुरू हुई और पहला पड़ाव जीरखोद मंदिर में हुआ। दिल्ली से वृंदावन तक की इस यात्रा में देशभर से हजारों साधु-संत शामिल हो रहे हैं। बाबा बागेश्वर की यात्रा 10 दिनों तक रोजाना 15 किलोमीटर चलेगी। यात्रा का मकसद हिंदू राष्ट्र की स्थापना, जातिवाद को खत्म करना और हिंदू समाज में एकता स्थापित करना है। यात्रा उत्तर प्रदेश में मथुरा वृंदावन तक जाएगी। यात्रा 16 नवंबर तक चलेगी। ये पदयात्रा दिल्ली, हरियाणा से होते हुए यूपी के 422 से ज्यादा इलाकों से गुजरेगी। धीरेंद्र शास्त्री इस पदयात्रा के जरिये 5 करोड़ लोगों तक पहुंचने का दावा कर रहे हैं। 10 दिनों में करीब दो लाख लोग इस पदयात्रा में शामिल होंगे। धीरेंद्र शास्त्री का दावा है कि उनकी इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य यमुना को गंगा की तरह शुद्ध पवित्र बनाना है।*

## साइबर ठगी का शिकार हुए बेनर्जी

# ठगों ने सांसद के खाते से उड़ाए 56 लाख रुपए

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस के नेता और चार बार के लोकसभा सांसद कल्याण बेनर्जी के साथ एक बड़ी साइबर धोखाधड़ी हुई है। उनके निष्क्रिय पड़े भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) खाते को फर्जी दस्तावेजों के जरिए फिर से सक्रिय किया गया और इससे 56 लाख रुपए से अधिक की रकम निकाल ली गई। कोलकाता में एसबीआई की हाईकोर्ट शाखा ने इस मामले में साइबर अपराध थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई है। साइबर अपराधियों ने जाली पैन और आधार कार्ड तैयार किए, जिन पर कल्याण बेनर्जी की तस्वीर लगाई गई थी।

- रकम से सोने के गहने भी खरीदे गए



## श्योपुर में मिड-डे मील योजना में घोर लापरवाही

# बच्चों को रद्दी कागज पर परोस दिया गया मध्यान्ह भोजन, स्कूल प्रभारी निलंबित

**स्वयं सहायता समूह का अनुबंध रद्द, कलेक्टर ने की कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर जिले से मिड-डे मील योजना में घोर लापरवाही का मामला सामने आया है। जिले के विजयपुर क्षेत्र स्थित हुल्लपुर माध्यमिक शाला में बच्चों को थाली के स्थान पर रद्दी के कागज पर भोजन परोसा गया। बताया जा रहा है कि स्वयं सहायता समूह के कर्मचारियों ने बर्तन मांजने से बचने के लिए यह शर्मनाक तरीका अपनाया, जबकि विद्यालय के शिक्षकों ने भी इस कृत्य पर कोई आपत्ति नहीं जताई।



कागज में भोजन करते वीडियो आया

### नियमित निगरानी के निर्देश

जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि स्कूल स्टाफ और समूह दोनों ने लापरवाही बरती है। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि मिड-डे मील योजना का उद्देश्य बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है, ऐसे में इस तरह का व्यवहार पूरी तरह अस्वीकार्य है। उन्होंने सभी स्कूलों और आंगनवाड़ियों में मिड-डे मील वितरण की सख्त निगरानी के निर्देश दिए हैं।

## जरीन कतरक खान का मुंबई में 81 साल की उम्र में निधन, वे अभिनेता संजय खान की पत्नी थीं

**संजय और जरीन की मुलाकात एक बस स्टॉप पर हुई**

# जायद खान के गले में जनेऊ, मां जरीन खान का हिंदू रीति-रिवाज से किया 'अंतिम संस्कार'



जरीन खान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता संजय खान की पत्नी, जायद खान और सुजैन खान की मां जरीन कतरक को उनके अपनों ने भरी आंखों से आखिरी विदाई दी। उनका अंतिम संस्कार मुंबई में हिंदू रीति-रिवाज से किया गया, जहां इसे जायद खान करते दिखे।

जायद खान के हाथ में मटका और गले में जनेऊ भी नजर आया। वहीं ऋतिक से लेकर काजोल, जया बच्चन जैसे तमाम सितारे इस अंतिम विदाई पर शामिल हुए। जरीन कतरक खान का निधन शुक्रवार को हुआ। वो 81 साल की थीं।



जरीन के बेटे जायद हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार करते हुए।

### संजय के हाथ में थी टॉल्स्टॉय की किताब

*संजय और जरीन की शादी साल 1966 में हुई थी। दोनों की मुलाकात एक बस स्टॉप पर हुई और यहीं से उनकी दोस्ती हुई। तब संजय केवल 18 साल के थे। जरीन ने 18 साल के संजय के साथ अपनी पहली डेट को याद करते हुए बताया था कि कैसे संजय सफेद शर्ट, सफेद ट्राउजर, कोल्हापुरी चप्पल और हाथ में टॉल्स्टॉय की एक किताब लिए बीच पर खड़े थे।*

### जरीन शानदार इंटीरियर डिजाइनर और लेखक थीं

जरीन ने बताया था कि अगले दिन संजय ने उसके सामने शादी का प्रपोजल रखा, जिस पर उसने कहा था-अगर एक साल बाद भी मेरे मन में तुम्हारे लिए फीलिंग रहे तो मैं करूंगी। उनके चतुराई भरे इस जवाब ने संजय को काफी इम्प्रेस किया।

दस माह पहले दानापानी गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पर लगाई गई हैं यूनिटें

# पूजा स्थलों से निकलने वाली पूजन सामग्री का अब होगा सदुपयोग फूलों और पत्तियों को सुखाकर बनाया जा रहा गुलाल और अगरबत्ती

*नगर निगम ने पहली बार किया नया प्रयोग, पूजा स्थलों से निकलने वाली पूजन सामग्री को एकत्र कर बना रहे अलग-अलग सामग्री*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अलग खबर

नगर निगम भोपाल ने शहर में कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनूठा प्रयोग शुरू किया है।

पूजा स्थलों से निकलने वाली पूजन सामग्री जैसे फूल, नारियल, नींबू और चुनरी अब फेंकी नहीं जा रही, बल्कि इनसे उपयोगी वस्तुएं तैयार की जा रही हैं। दानापानी गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन में निगम ने इसके लिए विशेष यूनिटें स्थापित की हैं। स्टेशन परिसर में अलग-अलग शेड बनाकर सामग्री को रिसायकिल किया जा रहा है। एक यूनिट में नींबू से बायोएंजाइम तैयार किया जाता है, दूसरी में नारियल से रस्सी बनाई जाती है, तीसरी यूनिट में थर्माकोल को रिसायकिल किया जा रहा है। एक अन्य शेड चुनरी से थैले तैयार करने के लिए बनाया गया है। वहीं फूलों और पत्तियों को सुखाकर उनका पाउडर बनाया जाता है। जिससे रंग, गुलाल और अगरबत्ती तैयार की जा रही है।



## नारियल से बन रही मजबूत रस्सी, थर्माकोल का रिसाइकिल प्लांट भी

*स्टेशन में लगे विशेष उपकरणों से नारियल के छिलकों को प्रोसेस कर मजबूत रस्सी तैयार की जा रही है। वहीं थर्माकोल को 180 डिग्री तापमान पर गलाकर लमस (प्लास्टिक ग्रेन्यूल) के रूप में बदला जाता है, जिसे दक्षिण भारत भेजा जा रहा है। यह काम नगर निगम द्वारा अधिकृत वेंडर के माध्यम से किया जा रहा है।*

नींबू के फायदे

### 50 दिन में तैयार होता है बायोएंजाइम

नींबू को साफ करने के बाद उसका रस गुड़ और पानी के साथ मिलाकर बंद बोतलों में 40 से 50 दिनों तक रखा जाता है। इसके बाद तैयार हुआ बायो एंजाइम घरेलू उपयोग जैसे बर्तन धोने, फर्श की सफाई और मशीनें चमकाने में काम आता है। शाहपुरा झील में जलकुंभी की सफाई के लिए भी इस बायोएंजाइम का छिड़काव किया जा चुका है।

खबर संक्षेप

### जनता को भ्रमित कर रहे राहुलः मंत्री सारंग

**भोपाल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वोट चोरी संबंधी बयान पर मध्यप्रदेश के मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कड़ा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हर कुछ महीनों में बिना किसी तथ्य के नया प्रोपेगेंडा फैलाने में जुट जाते हैं। कांग्रेस का डर्टी ट्रिक्स डिपार्टमेंट उन्हें बिना आधार वाले मुद्दे थमा देता है। सारंग ने तंज कसते हुए कहा कि न उनके पास सच्चाई होती है, न सबूत बस जनता को भ्रमित करने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी न तो चुनाव आयोग में शिकायत करते हैं और न ही कोर्ट में जाते हैं, क्योंकि उनके पास कोई ठोस प्रमाण नहीं होते। मंत्री सारंग ने गांधी परिवार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश की पहली वोट चोरी तो नेहरू जी ने की थी, जब वे प्रधानमंत्री बने थे। राहुल गांधी को लगता है कि वही परंपरा आज भी जारी है, लेकिन अब देश बदल चुका है।

### मानव अधिकारों पर सिंह ने की कानूनगो से चर्चा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग, भोपाल के सदस्य डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने गुरुवार को नई-दिल्ली प्रवास के दौरान राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, नई दिल्ली का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो से सौजन्य भेंट कर राज्य आयोग की गतिविधियों की जानकारी दी एवं विषयों पर चर्चा की।

बिहार चुनाव में सीएम डॉ. यादव ने किया धुंआधार प्रचार, विपक्षी पार्टियों पर साधा निशाना

# बिहार में धर्म-अधर्म के बीच लड़ाई, किस मुंह से बात करेगी कांग्रेस पार्टीः मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बिहार का चुनाव धर्म और अधर्म के बीच की लड़ाई है। कांग्रेस पार्टी हमेशा अधर्म के साथ खड़ी रही है। वह किस मुंह से जनता से बात करेगी और अपने लिए वोट मांगेगी। डॉ. यादव गुरुवार को बिहार में अपना धुंआधार प्रचार जारी रखते हुए मधुबनी जिले की बिस्फी विधानसभा में हरिभूषण ठाकुर बचौल और गया जिले की वजीरगंज विधानसभा में बीरेंद्र सिंह के समर्थन में बड़ी चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने जनता से एनडीओ प्रत्याशियों के समर्थन में वोट मांगा। वे कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी जमकर बरसे। डॉ. यादव की सभाओं में जनसैलाब उमड़ पड़ा। क्या बच्चे, क्या बूढ़े, क्या महिलाएं, क्या युवा, हर वर्ग उनकी बात सुनने सभा स्थल पहुंचा।

**दो सभाएं लेकर मांगे एनडीए के समर्थन में वोट**

**खास बातें**
- बिस्फी विधानसभा और वजीरगंज विधानसभा में ली चुनावी सभाएं
- डॉ. यादव की सभाओं में जनसैलाब उमड़ पड़ा



बिहार में चुनावी सभा लेते मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा- मताधिकार जनता का सुदर्शन चक्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने बुआ के बेटे शिशुपाल को 100 गलतियों तक छूट दी थी। इसी प्रकार आप लोग भी याद रखना, वोटिंग के दिन जैसे ही 11 नवंबर को आपके हाथ में ईवीएम के रूप में सुदर्शन चक्र आए, पूरा हिसाब चुकता करना। कलियुग में मताधिकार ही जनता का सुदर्शन चक्र है। उन्होंने जनता से कहा कि याद रखना विपक्ष के प्रत्याशी ने अयोध्या में मंदिर की 12 एकड़ जमीन दबाई थी। सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से अयोध्या में मंदिर बन पाया है।

### लोकतंत्र और अपनी गरिमा का ध्यान रखें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बिहार रवाना होने से पहले एयरपोर्ट पर कहा कि दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कि जब बिहार में पहले चरण का चुनाव शुरू हो गया है, ऐसे में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी हरियाणा चुनाव का मुद्दा उठाकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। पहले भी उन्होंने चुनाव आयोग की इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर सवाल उठाए थे और सुप्रीम कोर्ट में उनकी धज्जियां उड़ीं। मेरी यही सलाह है कि राहुल लोकतंत्र और अपनी गरिमा का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में एनडीए सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। ऐसे में बिहार की जनता विकास चाहती है। इसलिए बिहार में फिर से नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनाने जा रही है।

### सीएम डॉ. मोहन ने वजीरगंज में कहा- विपक्ष ने वोट बैंक के लिए आपस में लड़ाया



सभा में उमड़ी हजारों लोगों की भीड़

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वजीरगंज में विपक्ष के नेताओं को निशाना बनाकर कहा हमारे यहां राम-रहीम में कोई अंतर नहीं है। लेकिन, कांग्रेस और उनके साथ वालों ने वोट बैंक के लिए भगवान राम को लेकर दंगे कराए। उन्होंने कहा कि आज यहां फिर नीतीश कुमार की सरकार बनेगी। आपके बीच जांचा-परखा, देखा-भाला प्रत्याशी है। उसे भारी मतों से विजयी बनाएं। कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से कोई पूछता है तो वे कहते हैं बिहार छोटा-मोटा राज्य है। बदला लेने का यही सही समय है।

### डूबती नैया देख राहुल लगाने लगे बेईमानी का आरोप

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुश्मन बहुत चालाक है। विपक्ष के नेता चुनाव में कांग्रेस और साथियों की नैया डूबते देख नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हरियाणा चुनाव में बेईमानी का दावा कर रहे हैं। राहुल कह रहे हैं कि अब बिहार चुनाव में भी यही होगा। लेकिन, राहुल गांधी किस मुंह से कहें कि उनकी ये हालत क्यों हो रही हैं। अगर कांग्रेसी आपके पास आएं तो उनसे पूछिए कि क्या कभी अयोध्या और मथुरा-वृंदावन गए? बिहार में डबल इंजन की सरकार में अब माता सीता का धाम भी बनेगा। डॉ. यादव ने कहा कि शराबबंदी के बाद बिहार की तस्वीर बदली है। माताओं-बहनों को 10-10 हजार की राशि मिली है। किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है।

अजा-जजा वर्ग के विकास और कल्याण के लिए कर रहे निरंतर कार्य



मुख्यमंत्री निवास पर केंद्रीय संसदीय समिति से चर्चा करते डॉ. यादव

## अजा-जजा वर्ग के हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना उद्देश्य

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के सामाजिक-आर्थिक और शैक्षणिक विकास तथा कल्याण के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। योजनाओं और कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए राज्य सरकार विभिन्न सुझावों के प्रति संवेदनशील और नवाचारों के लिए तत्पर है।

डॉ. यादव ने पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री निवास पहुंची अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण के लिए गठित केंद्रीय संसदीय समिति के सदस्यों के साथ चर्चा में यह बात कही। केंद्रीय समिति प्रदेश के दो दिवसीय प्रवास पर थी। समिति में राज्यसभा सांसद मिथलेश कुमार, ममता ठाकुर, सुमित्रा बाल्मीक, देवेन्द्र प्रताप सिंह, फूलो देवी नेताम, रवांगारा नार्जरी, हरीश मीना, अरूण कुमार, प्रोतिमा मंडल, जगन्नाथ सरकार, गोविंद करजोल, डी प्रसाद राव और विष्णु दयाल राम शामिल थे।

### संसद में प्रस्तुत की जाएगी समिति की तैयार रिपोर्ट

केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष कुलस्ते ने बताया कि अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय समिति द्वारा मैदानी स्तर पर समीक्षा की जा रही है। साथ ही कर्मचारियों के सेवा में प्रतिनिधित्व और उनके लिए संचालित कल्याणकारी गतिविधियों की प्रगति का भी आंकलन किया जा रहा है। योजनाओं व कार्यक्रमों के संबंध में समिति ने स्थानीय समुदायों, प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से संवाद किया है। समिति द्वारा तैयार की जा रही यह रिपोर्ट संसद में प्रस्तुत की जाएगी।

## पुरूंगा कोल ब्लॉक की जनसुनवाई को रद्द करने की मांग पर अड़े ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

धरमजयगढ़ से रायगढ़ तक पुरूंगा कोल ब्लॉक के लिए प्रस्तावित जनसुनवाई के विरोध की आग सुलग गई है।

11 नवम्बर को होने वाली जनसुनवाई को निरस्त करने की मांग को लेकर तीन पंचायत के पांच गांव के ग्रामीण दो दर्जन से अधिक वाहनों में सवार होकर रायगढ़ पहुंचे और धरमजयगढ़ विधायक के नेतृत्व में जंगी रैली निकालते हुए कलेक्टोरेट की ओर रवाना हुए, मगर उन्हें बीच रास्ते में ही बैरिकेटिंग कर रोक लिया गया। ग्रामीणों की सिर्फ एक ही मांग है और वह है कि पुरूंगा कोल ब्लॉक के लिए आयोजित जनसुनवाई को निरस्त किया जाए और वहां कोयला खदान न शुरू की जाए।

अपनी इस मांग को लेकर ग्रामीण अभी भी सर्दी में सड़क पर ही धरने पर बैठे हैं। यहां यह बताते चलें कि पुरूंगा अंडर ग्राउंड कोल ब्लॉक वाली अम्बुजा सीमेंट को आवंटित हुई है।

## पेट्रोल पंप से 65 लाख का गबन, तीन आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जिले से बड़ी खबर सामने आई है, जहां पेट्रोल पंप में 65 लाख रुपए की गबन के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला बम्हनीडीह थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी गगन जयपुरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सारागांव रोड स्थित प्योर पेट्रोलियम पेट्रोल पंप में कार्यरत नीरज कुमार साहू ने अपने पिता लोचन प्रसाद साहू और भाई धीरज कुमार साहू के साथ मिलकर षड्यंत्रपूर्वक 65 लाख रुपए का गबन किया है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडे के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में गठित टीम ने मुख्य आरोपी नीरज साहू को रायपुर से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह 2022 से पंप में काम कर रहा था और मालिक की अनुपस्थिति का फायदा उठाकर पूरी रकम गबन कर ली।

## धोती-गमछा पहनने पर विवाद, बुजुर्ग को रेस्टोरेंट में नहीं मिली एंट्री, हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़



कला संस्कृति की नगरी में गुरुवार रात नेशनल छातामुड़ा बाइपास हाईवे से सटे नव संचालित अमाया रिजॉर्ट रेस्टोरेंट में धोती-बनियान पोशाक पर विवाद उत्पन्न कर दिया। पोते के जन्मदिन पर रात्रि भोजन करने सपरिवार आए लोगों को कपड़े पर भेदभाव, होटल के अंदर प्रवेश वर्जित का पीड़ा सहना पड़ा। इस दृश्य ने पूरे शहर का मिजाज बदल दिया।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुई घटना

*सोशल मीडिया में रात्रि में वायरल इस घटना के बाद बखेड़ा खड़ा कर दिया। स्वजन होटल के मुख्य द्वार के सामने धरने में बैठ गए। भेदभाव की भनक सामाजिक संगठन को लगते ही वे भी इसमें शामिल हो गए। छत्तीसगढ़ी लोक अस्मिता को झकझोरा, बल्कि भारतीयता बनाम दिखावे की संस्कृति की बहस भी तेज करते हुए धरना प्रदर्शन नारेबाजी करने लगे।*

### सामाजिक संगठनों ने जताया भारी विरोध

सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने तीखा विरोध करने लगें, रायगढ़ में छत्तीसगढ़ी परिधान का अपमान नहीं सहेंगे, इसे छत्तीसगढ़ी अस्मिता का अपमान बताया। इस बीच अपमानित बुजुर्ग विष्णु चरण साव, ग्राम बरमकेला निवासी ने बताया कि वह वर्षों से ऐसे ही परिधान में है, यकीन न आए तो उसके आधार कार्ड को देखा जा सकता है। आधी रात जूटमिल पुलिस की मौजूदगी में आंदोलन के बाद होटल प्रबंधन ने माफी मांगी, तब कही जाकर मामला शांत हुआ।

दिसंबर में विभागीय पदोन्नति समिति की होगी बैठक

## आईएएस और एसएएस के लिए डीपीसी जनवरी माह में सेलवेन्द्रन बनेंगे पीएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईएएस और एसएएस के अफसरों को पदोन्नति प्रदान करने दिसंबर में विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक होगी। इसमें 2010 बैच के आईएएस सचिव और कमिश्नर पद पर पदोन्नत होंगे। 2013 बैच एडीशनल सेक्रेटरी और 2022 बैच के अफसर एडीशनल कलेक्टर के पद पर पदोन्नत होंगे।

जनवरी में जीएडी कार्मिक के सचिव 2002 बैच के आईएएस एम सेलवेन्द्रन को प्रमुख सचिव के पद पर पदोन्नत किया जाएगा। वहीं 92 बैच की आईएएस माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष स्मिता भारद्वाज के मार्च 2026 में सेवानिवृत्त होने पर 95 बैच के आईएएस और आरजीपीवी नरोन्हा प्रशासन अकादमी के महानिदेशक सचिन सिन्हा को मुख्य सचिव वेतनमान में पदोन्नत कर एसीएस बनाया जाएगा। जीएडी कार्मिक ने आईएएस और एसएएस अधिकारियों को पदोन्नति देने के लिए अगले माह दिसंबर में विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक करने की तैयारी कर ली है। इस पदोन्नति से आईएएस और एसएएस के तीन से चार बैच के अफसरों को पदोन्नति का फायदा मिलेगा।

### आहूजा को अपर मुख्य सचिव बनने साल भर करना होगा इंतजार

*पदोन्नति समिति की बैठक दिसंबर में हो जाने से एक जनवरी को 2002 बैच के आईएएस जीएडी कार्मिक के सचिव एम सेलवेन्द्रन को प्रमुख सचिव पद पर पदोन्नत किया जाएगा। उनके ही बैच के एक अधिकारी अजीत कुमार केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ है, इसलिए उन्हें प्रदेश वापस लौटने पर फायदा मिलेगा। 96 बैच के आईएएस और सहकारिता तथा मछुआ कल्याण और आयुष विभाग के प्रमुख सचिव डीपी आहूजा को अपर मुख्य सचिव बनने के लिए एक साल का इंतजार करना होगा।*

### इस बैच के ये अफसर होंगे प्रमोट

*भोपाल कलेक्टर सहित 2010 बैच के आईएएस अफसर एमडी पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अनय द्विवेदी, भोपाल कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, स्वास्थ्य आयुक्त तरुण राठी, आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा, अपर सचिव पिछड़ा वर्ग अनुराग चौधरी, आयुक्त कोष एवं लेखा भास्कर लाक्षकार, अभिजीत अग्रवाल, आशीष सिंह, षनमुंग प्रिया मिश्रा, छोटे सिंह, दिनेश श्रीवास्तव, सपना निगम, दीपक सक्सेना, आरपीएस जादौन, बसंत कुर्रे, सुरेश कुमार, चंद्रशेखर बालिंबे, शैलेन्द्र सिंह सचिव और कमिश्नर बन जाएंगे।*

## इंटक कार्यालय में 7 फीट लंबे सांप से मची दहशत

रेस्क्यू टीम सांपों को पकड़कर जंगलों में छोड़ने का सराहनीय कार्य कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

इन दिनों कोरबा जिले के शहरी क्षेत्रों में सांपों के घरों में घुसने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, जिससे सर्पदंश की घटनाओं का खतरा बना रहता है हालांकि,राहत की बात यह है कि यहां की वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम सांपों को पकड़कर सुरक्षित जंगलों में छोड़ने का सराहनीय कार्य कर रही है, जिसके चलते अब लोग सांपों को मारने के बजाय रेस्क्यू टीम को सूचना दे रहे हैं।



### 7 फीट का धामन सांप खिड़की की जाली में फंसा

सुबह के समय इंटक कार्यालय में मौजूद लोग उस वक्त घबरा गए, जब उन्होंने देखा कि खिड़की के अंदर एक करीब 7 फीट लंबा विशाल सांप फंसा हुआ है। सांप खिड़की में लगी जाली के अंदर फंस गया था और बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था। तत्काल इसकी सूचना वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम के अध्यक्ष जितेंद्र सारथी को दी गई। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने बड़ी बहादुरी और सावधानी के साथ खिड़की में फंसे इस धामन सांप को बाहर निकाला और उसे एक थैले में सुरक्षित डाला। सांप के रेस्क्यू होने और सुरक्षित जंगल में छोड़े जाने के बाद कार्यालय के सभी लोगों ने राहत की सांस ली और रेस्क्यू टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया। यह घटना एक बार फिर बताती है कि कोरबा में वन्यजीवों के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और लोग सांपों को मारने के बजाय बचाने पर जोर दे रहे हैं।

1 नवंबर को विधानसभा में जानकारी मांगी, अब तक नहीं कराई उपलब्ध

## विधानसभा सत्र से पहले 17 साल पुराने शासकीय आश्वासनों का अफसर से मांगा हिसाब: तोमर ने अधिकारियों को किया तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा में लंबित आश्वासनों की सुनवाई होने जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने 17 सालों से पुराने रिकॉर्ड को खंगालने के बाद शासकीय आश्वासनों की सूची तैयार करके विभागों से जानकारी मांगी है। 10 नंबर को विधानसभा में पांच विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव को जवाब के साथ बैठक में शामिल होने के लिए निर्देश दिए हैं।

खास बात है कि जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने हद ही कर दी है। लंबित आश्वासनों के बारे में जानकारी ही विधानसभा सचिवालय को नहीं दी है, जबकि 1 नवंबर को विधानसभा सचिवालय को जल संसाधन विभाग की तरफ से जानकारी भेजनी थी। जल संसाधन विभाग के 160 से अधिक अफसरों को नोटिस जारी करके लंबित आश्वासन की जानकारी भेजने के लिए विभाग ने आदेश जारी किया है।

**जल संसाधन विभाग के 160 से अधिक अफसरों को नोटिस जारी**

10 नंबर को होने वाली बैठक में राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, सहकारिता विभाग, जल संसाधन विभाग और औद्योगिक नीति निवेश प्रोत्साहन विभाग के अफसर को बुलाया गया है। सत्र के अनुसार लंबित आश्वासन की जानकारी भी मौखिक या फिर लिखित रूप से अधिकारियों को देनी होगी। हालांकि अधिकारियों से एक और विषय पर जरूर चर्चा होगी। विधायकों के सवाल पर जानकारी एकत्रित की जा रही है। ऐसा जवाब देने वाले अफसर के खिलाफ भी विभाग के अधिकारी एक्शन लेंगे। विधानसभा सचिवालय की तरफ से विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने खास तौर पर निर्देश जारी किए हैं कि अध्यक्ष ने सदन के दौरान विधायक का कोई सवाल स्वीकार किया है तो उसका जवाब आना चाहिए। 15 से 20 दिनों के भीतर विभाग को जवाब देना है। अगर जवाब नहीं दिया जाता है तो इसके संबंध में विभाग कार्रवाई करेंगे। हालांकि विधानसभा के नियम में यह उल्लेख नहीं है कि जानकारी एकत्रित की जा रही है।

### विधायकों के सवाल पर 230 जवाबों में लिखा- जानकारी एकत्रित की जा रही

*पिछले विधानसभा सत्र के दौरान विधायकों ने कई मुद्दों को लेकर सवाल उठाए थे। जनता से जुड़े हुए मुद्दे पर विभाग में कहा कि जानकारी एकत्रित की जा रही है। इस विषय को विधानसभा सचिवालय में गंभीरता से लिया है। विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि पिछली सदन की कार्रवाई के दौरान जिन पर यह जवाब आया कि जानकारी एकत्रित की जा रही है। उनकी जानकारी बुलाई जाए और विधायकों को इस बारे में सूचना भी दी जाए। पिछली विधानसभा सत्र में 230 सवालों के जवाब में विभागों ने कहा था कि जानकारी एकत्रित की जा रही है।*

पाला और ओला में हो जाती है फसल नष्ट

### एक जिला एक उत्पाद फसल मटर के हाल बेहाल

# गिरदावरी में शामिल नहीं मटर की फसल, प्राकृतिक आपदा में खून के आंसू रोता किसान

हरिभूमि, जबलपुर।

केंद्र सरकार की योजना के तहत प्रदेश सरकार द्वारा "एक जिला एक उत्पाद" योजना में मटर की फसल को जबलपुर जिले की फसल तो घोषित कर दिया गया, परंतु इसको लगाने वाला किसान आज भी खून के आंसू रोता है जब उसकी फसल को बाजार में दाम नहीं मिलते तथा ओला और पाला में खेती बर्बाद हो जाती है। किसानों की मानें तो भले ही किसान मटर की खेती कर रहा है, परंतु इसकी लागत लगातार बढ़ती जा रही है। अनेक बार यह स्थिति बनी है कि प्राकृतिक आपदा ने पूरी फसल को नष्ट कर दिया और गिरदावरी में मटर की फसल शामिल नहीं होने से मुआवजा तक नहीं मिल पाया।उल्लेखनीय है कि बीते चार साल से किसानों को उम्मीद में रखा गया था कि मटर की फसल को गिरदावरी में शामिल किया जाएगा, परंतु उनकी यह उम्मीद अब टूटने लगी है। अभी मटर की इस फसल को सब्जी यानी कि उद्यानिकी विभाग में रखा गया है, जबकि अगर मटर की फसल को गिरदावरी यानि की फसल के समय चक्र में रखा जाता है, तो किसान को इससे बड़ा फायदा हो सकता है।

हरिभूमि फालोअप


गिरदावरी में नाम नहीं, कैसे मिले किसानों को फसल का दर्जा
एक जिला एक उत्पाद मटर के हाल...

### बीज तक नहीं मिलता यहां

किसानों का कहना है कि भले ही प्रदेश सरकार ने मटर को एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत शामिल कर लिया है, परंतु यहां पर मटर की उम्दा किस्म का बीज भी उपलब्ध नहीं है। बाजार में बीज नहीं होने से हमको बीज के लिए उत्तर प्रदेश का रुख करना पड़ता है, इसलिए मटर को जबलपुर का नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश का बताया जाता है, जबकि उत्तर प्रदेश में भी जबलपुर से ही मटर जाता है।

### ये है मजबूरी

अधिकारियों की मानें तो गिरदावरी में फिलहाल दो ही चक्र बने हुए हैं। पहला खरीफ और दूसरा रबी की फसल का। तीसरा चक्र बनाने के लिए सॉफ्टवेयर में बड़ा फेरबदल करना होगा। जो सरकार के हाथ में है। ये बात बिल्कुल सही है कि पहले किसान सिर्फ दो ही फसलें लेता था, परंतु समय बदलने के साथ किसान आधुनिक खेती करने लगा है। किसान के पास संसाधन भी आ गए हैं। जिससे अब किसान वर्ष भर में चार फसल तक ले रहा है, ऐसे में किसान को उनकी फसलों का फायदा मिलना चाहिए।

### गिरदावरी में शामिल करने हो सकता बड़ा आंदोलन

बताया जा रहा है कि मटर की फसल को बचाने किसान जी जान से जुटा हुआ है, तथा सरकार अधिकारियों की राह देख रहा है कि वह कब इसे गिरदावरी में शामिल करवाएगें। इसके बावजूद अगर फसल गिरदावरी में शामिल नहीं हो पाई, तो किसान अपनी बात कहने बड़ा आंदोलन कर सकते हैं।

### किसानों को होंगे ये फायदे

- मटर को गिरदावरी में शामिल होने से किसानों को मिलने लगेगा लाभ
- केंद्र सरकार की बीमा योजना में शामिल हो जाएगी फसल
- राज्य सरकार प्राकृतिक आपदा में कर सकेगी किसानों की मदद
- फसल के आधार में बैंकों से मिल सकेगा किसानों को ऋण
- किसान क्रेडिट कार्ड में बढ़ जाएगी किसानों की लिमिट



## समूह जल प्रदाय योजना के कार्यों का किया निरीक्षण

**जबलपुर**। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने जल निगम अंतर्गत जबलपुर समूह जल प्रदाय योजना के कार्यों का निरीक्षण किया। यह कार्य 1098.57 करोड़ की लागत से क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने योजना अंतर्गत शहपुरा विकासखंड के धरमपुरा में नर्मदा तट पर निर्माणाधीन इंटेकवेल कम पंप हाऊस एवं 95 एमएलडी क्षमता के जल शोधन संयंत्र का भी निरीक्षण किया गया। मंत्री श्रीमती उइके ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य में प्रगति लायें और समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। इसके लिये श्रमिकों की संख्या बढायें तथा प्रत्येक कार्य स्थिल के लिये निरीक्षण दल बनायें। उन्होंने कहा कि कार्य प्रगति के लिये साप्ताहिक योजना बनायें और मार्च 2026 तक इसे पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान जल निगम के महाप्रबंधक संजय बाधवा द्वारा जल निगम के कार्यों के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि जबलपुर समूह जल प्रदाय योजना से जबलपुर जिले के 848 गांवों में जल प्रदाय किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी शरद सिंह भी उपस्थित थे।



## अभाविप का रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में प्रदर्शन

**जबलपुर**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय तथा इसके अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों की गंभीर शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं आधारभूत समस्याओं को लेकर कुलसचिव महोदय को 13 सूत्रीय मांगों से युक्त ज्ञापन सौंपा गया। परिषद ने इन समस्याओं के समाधान हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।मुख्य समस्याएँ एवं मांगें हैं कि बीएससी द्वितीय वर्ष एवं बीए द्वितीय वर्ष की परीक्षाएँ लगभग आठ माह पूर्व सम्पन्न हो चुकी हैं, परंतु परिणाम अब तक घोषित नहीं किए गए, इसके उत्तर में परीक्षा नियंत्रक महोदया का कहना है कि "कुछ उत्तर पुस्तिका के बंडल घुम गए हैं मिल जाएँगे तो रिजल्ट आजायेगा" विद्यार्थियों ने जब विरोध किया तो उन्होंने कहा की बंडल मिल गया है और 7 दिनों में परिणाम घोषित हो जाएगा, इसके अलावा एलएलबी के रिजल्ट में सैंकड़ों विद्यार्थियों के रिजल्ट में ऐब्सेंट लिखा आया है, इसका कड़ा विरोध विद्यार्थी परिषद ने जताया।

अभाविप के प्रदेश मंत्री माखन शर्मा ने कहा कि परीक्षा नियंत्रक महोदया का इस प्रकार का बयान उनकी लापरवाही एवं प्रशासनिक फेलियर को उजागर करता है, इस प्रकार की संवेदनहीनता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी, शर्मा ने कहा कि जब विश्वविद्यालय 12 घंटों में रिजल्ट निकाल सकता है तो 8 माह से परीक्षा परिणाम क्यों नहीं घोषित किये? अभाविप ने उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है

परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो विद्यार्थी परिषद व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगी। प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी के प्रदेश मंत्री माखन शर्मा , महानगर मंत्री आर्यन पुंज, ऐश्वर्य सोनकर,अनमोल सोनकर, शोभित मिश्रा,मान्या पांडेय, तृषा पांडेय ,सत्यम पटेल, आशुतोष पटेल ,भास्कर पटेल, लखन मांझी, प्रफुल तिवारी, सूर्यांश ठाकुर, आदेश ठाकुर , समर्थ बघेल,गौरव बाल्मीकि , अरमान पांडे,कृष्ण गोलवंश, वरुण शर्मा, किशन द्विवेदी, अनिमेष केवट, संस्कार मिश्रा , नयन जैन ,यश पटेल , विभुम बाजपेयी ,आयुष बारी, नितिन ठाकुर, साहिल सिंह राजपूत एवं सैंकड़ों की संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय गान वंदे मातरम के 150 वां स्मरणोत्सव मनाया गया

**जबलपुर**। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके की गरिमामय उपस्थिति में कलेक्ट्रेट में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150वें स्मरणोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विधायक अशोक रोहाणी, संतोष बरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोटिया, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, संभागायुक्त धनंजय सिंह, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय व नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार सहित सभी अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150वें स्मरणोत्सव के दौरान सभी ने वंदे मातरम् राष्ट्रीयगीत का गायन किया। पुलिस बैंड दल द्वारा देश भक्ति के मधुर धुन ने सभी को मुग्ध कर दिया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संबोधन का लाईव टेलीकास्ट किया गया, जिसे सभी ने देखा और सुना। इस अवसर पर पीएचई मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने उपस्थित सभी को राष्ट्रीय गीत के 150वी वर्षगाठ की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान वंदे मातरम् राष्ट्रगीत संपूर्ण राष्ट्र को एक सूत्र में बांध दिया था और इस गीत का स्वतंत्रता संग्राम में बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि जबलपुर में भी कई स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहूति दी। उनमें राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह का नाम सभी जानते हैं, उन्हें भी श्रद्धांजली देकर नमन किया गया। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि वंदे मातरम् गीत उन दिनों की याद दिलाता है जिन परिस्थितियों में बंकिमचंद चटर्जी ने यह गीत लिखा और प्रकाशित कराया। उन्होंने कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ.राजेन्द्र प्रसाद ने भी कहा था कि जिस प्रकार राष्ट्रगान का सम्मान करते हैं वैसे ही राष्ट्रगीत को भी सम्मान दें। उन्होंने कहा कि देश में आपात काल के दौरान यह गीत एकजुटता का प्रतीक रहा है। साथ ही कहा कि पूरे साल भर इस राष्ट्रगीत को हर तिथि में सम्मान देते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। स्कूल, कॉलेज व अलग-अलग संस्थाओं में भी वंदे मातरम् राष्ट्रगीत को पहुंचाना है। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि आप सभी लोगों के सहयोग से मध्यप्रदेश व भारत विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। सबका साथ, सबका विकास को लेकर भारत की भूमिका अग्रणी है।




## स्वास्थ्य पर मंडराते खतरे को लेकर निगम में प्रदर्शन

जबलपुर।

महाकौशल लॉ स्टूडेंट एसोसिशन के नेतृत्व में पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न मोहल्लों एवं मुख्य मार्गों पर अत्यधिक गंदगी, खुले नाले और टूटे हुए चैंबर के कारण नागरिकों को हो रही असुविधा एवं गंभीर दुर्घटनाओं को लेकर निगम महापौर को ज्ञापन सौंपा गया। एसोसिशन अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने बताया कि खुले नालों और असुरक्षित चैंबरों के कारण

बच्चों और बुजुर्गों के गिरने की दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। बरसात के मौसम में जलभराव और संक्रामक बीमारियों (जैसे डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड) का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही साथ दुर्गंध और गंदगी से सामाजिक एवं पर्यावरणीय प्रदूषण में वृद्धि हो रही है। एवं रात्रिकालीन दुर्घटनाओं का भारी जोखिम बना हुआ है क्योंकि कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट भी कार्यरत नहीं हैं।

इस दौरान अंकुश चौधरी, एड मोहित प्यासी, रोहित कुरील, राहुल अगरिया, फजल शाह, सुरजीत सतनामी , इमरान खान, मोहित प्यासी, अभिरूप चंसोरिया, अंकित जैन, अमित पटेल, सुरेंद्र शर्मा, हर्ष प्रताप, फिरोज खान, अंकित चौधरी, प्रियेश शर्मा, समीर कोल, रोहित गुप्ता, विवेक ताम्रकार, विवेक सिलावट, इरफान, शोएब खान आदि उपस्थित रहे।







### जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियों जारी

जबलपुर। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस पर जबलपुर के सदर स्थित गैरीसन ग्राउंड में प्रस्तावित राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है, अतः कार्यक्रम की गरिमा को देखते हुए मंच, पंडाल, बैठक व्यवस्था, प्रदर्शनी आदि सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी करें। गैरीसन ग्राउंड से वापस आकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हितग्राहियों को लाने के लिए बसों की व्यवस्था के साथ ही अन्य आवश्यक विषयों पर विस्तार से चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

### निर्वाचन साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारियों की बैठक में कार्य के क्रियांवयन की बनी रुपरेखा

## मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के लिए प्राचार्यों की हुई बैठक

जबलपुर।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जबलपुर जिले में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को जनभागीदारी से अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन तथा स्वीप नोडल अधिकारी अभिषेक गहलोत के निर्देशन में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती ज्योति परस्ते ने की। श्रीमती परस्ते ने एक विस्तृत पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से एसआईआर प्रक्रिया की रूपरेखा, उद्देश्य, समयरेखा और पात्र मतदाता की परिभाषा पर गहन जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बीएलओ द्वारा प्रत्येक परिवार तक पहुँचाए जा रहे गणना फॉर्म को 4 दिसम्बर तक भरकर अनिवार्य रूप से लौटाना आवश्यक है, अन्यथा संबंधित व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने इस प्रक्रिया को लोकतंत्र को मजबूत बनाने का सामूहिक प्रयास बताते हुए 'हर पात्र मतदाता – हर सही नाम' के लक्ष्य को साकार करने के लिए प्रत्येक नागरिक की सहभागिता पर बल दिया।



बैठक का संचालन करते हुए जिला स्वीप समन्वयक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव ने निर्वाचन साक्षरता क्लबों की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज के विद्यार्थी ही लोकतंत्र के सच्चे दूत हैं, जो सोशल मीडिया और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से निर्वाचन साक्षरता को एक जन आंदोलन का रूप दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान सभी कॉलेजों में मतदाता जागरूकता सप्ताह, 'हर पात्र मतदाता – हर सही नाम' शपथ कार्यक्रम, क्विज़, पोस्टर-भाषण-निबंध प्रतियोगिताएं और डिजिटल इनोवेशन एक्टिविटीज़ आयोजित की जाएंगी। साथ ही बताया गया कि प्रत्येक कॉलेज में एसआईआर अवेयरनेस रजिस्टर संधारित किया जाए और विद्यार्थियों को फॉर्म भरवाने में सहयोगी स्वयंसेवक के रूप में जोड़ा जाए।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि हैशटैग के साथ एक डिजिटल प्रचार अभियान शुरू किया जाएगा। जिसमें छात्रों द्वारा तैयार किए गए वीडियो, पोस्टर और रील्स के माध्यम से मतदाता सूची सुधार का संदेश व्यापक स्तर पर प्रसारित किया जाएगा।इस दौरान सभी प्राचार्यों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे अपने-अपने संस्थानों में "हर पात्र मतदाता – हर सही नाम" अभियान को सफल बनाएंगे और शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों के माध्यम से अधिकतम पात्र नागरिकों तक यह संदेश पहुंचाएंगे।

## सड़कों पर आवारा मवेशियों से बढ़ रही दुर्घटनाएं

### स्कार्पियो की टक्कर से गाय की मौत, विद्युत पोल क्षतिग्रस्त

जबलपुर।

शहर में सड़कों पर बढ़ते आवारा पशुओं की आवाजाही हादसों की बड़ी वजह बनती जा रही है। ताज़ा मामला चेरीता क्षेत्र का है, जहाँ स्कूल के सामने देर रात एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा उस समय हुआ जब काले रंग की स्कॉर्पियो दमोह नाका की ओर से बलदेव बाग की तरफ जा रही थी। बताया जा रहा है की सड़क पर खड़ी गाय को बचाने में कार अनियंत्रित हो गई. चालक के नियंत्रण खोते ही स्कॉर्पियो पहले सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकराई, इसके बाद गाय को ज़ोरदार टक्कर मार दी, जिससे गाय की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की तीव्रता का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, इंजन चकनाचूर हो गया और सामने का शीशा पूरी तरह टूट गया।हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए। आसपास मौजूद लोगों का आरोप है कि वाहन चालक नशे की हालत में था, जिसके कारण वह गाड़ी पर नियंत्रण नहीं रख सका। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुँची, वाहन को जब्त कर चालक को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। फिलहाल पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हजारों लोगों ने किया सामूहिक गान

# वन्दे मातरम - माँ भारती की आराधना का अमर गीत



**जबलपुर।** राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के 150 वर्षपूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में वन्दे मातरम का स्मारणोत्सव मनाया गया इसी तारतम्य में भारतीय जनता पार्टी जबलपुर द्वारा मप्र की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके के मुख्य आतिथ्य, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, पूर्व विधायक हरेंद्रजीत सिंह बब्बू, पूर्व महापौर सदानंद गोडबोले, डॉ जितेंन्द्र जामदार, स्वाति गोडबोले, जीएस ठाकुर, राममूर्ति मिश्रा, अरविन्द पाठक, पंकज दुबे, रजनीश यादव, अश्वनी पराँजपे की उपस्थिति में सामूहिक वन्दे मातरम गान का आयोजन शहीद राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह की बलिदान स्थली मालगोदाम चौक में किया गया। सामूहिक वन्दे मातरम गान में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओ, मातृ शक्ति एवं युवाओं ने शामिल होकर एक स्वर एक लय में गान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया, इसके पूर्व सभी अतिथियों ने राजा शंकरशाह, कुंवर रघुनाथ शाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने कहा वंदे मातरम् को आज 150 वर्ष पूर्ण हो रहे है, वन्दे मातरम, जो माँ भारती की आराधना का अमर गीत है, इस गीत ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के हर चरण में देशभक्ति की लौ प्रज्वलित की, हर भारतवासी के हृदय में एकता, साहस और समर्पण की शक्ति जगाई। इस अमर गीत की रचना महामनीषी बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने की थी, जिसने "भारत" की भावना को शब्दों में ढालकर पूरे देश में आत्मगौरव का संचार किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने इस अवसर पर कहा जब वंदे मातरम् अपने 150 वर्ष पूर्ण कर रहा है, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र के आह्वान पर सम्पूर्ण देश में इसका स्मारणोत्सव मनाया जा रहा और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आज जबलपुर महानगर के कार्यकर्ताओ ने शहीद शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह की बलिदान स्थली पर एकत्र होकर वन्दे मातरम का सामूहिक गान किया।

श्री सोनकर ने कहा हम सभी ने वन्दे मातरम गान के माध्यम से मिलकर माँ भारती को नमन किया और इस कालजयी गीत के राष्ट्रीय स्वाभिमान को हृदय से स्मरण किया।

इस अवसर पर संदीप जैन, कैलाश साहू, अभय सिंह ठाकुर, राजेश मिश्रा, अंजू भार्गव, तृष्णा चटर्जी, संतोषी ठाकुर, डिम्पी विश्वकर्मा, प्रशांत केसरवानी, श्रीकान्त साहू, रवि शर्मा, रविन्द्र पचौरी, राजेश ठाकुर, रूपा राव, संजय यादव, अभिनव यादव, केदारनाथ पोरते, दिलीप पटेल, संतोष यादव, नरेश पटेल, आशीष राव, राहुल रजक, पुष्पराज सेंगर, डॉ सुभाष तिवारी, जीतू कटारे, राहुल दुबे, नरेश पटेल, श्रीराम शुक्ला, मधुबाला राजपूत, रीना राय, सीमा सिंह, आदि उपस्थित थे।

## पटवा समाज का परिचय सम्मेलन जबलपुर में 9 को

**जबलपुर।** पटवा समाज द्वारा राष्ट्रीय स्तर का वैवाहिक परिचय सम्मेलन 09 नवंबर 2025 दिन रविवार को प्रातः 10:30 से सायं 6:00 बजे तक आयोजित है। इस महासम्मेलन में देश के अनेक राज्यों के सामाजिक प्रतिनिधियों का आगमन हो रहा है। सम्मेलन में प्रमुख रूप से दो समानान्तर सत्र होंगे, जिसमें प्रथम सत्र उद्घाटन सत्र होगा, दूसरे सत्र में विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय होगा। परिचय सम्मेलन के समानांतर समाज के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के पदाधिकारियों के मध्य समाज सुधार एवं आगामी योजनाओं हेतु वैचारिक बैठक भी आयाजित है। परिचय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम के अतिथि के रूप में म.प्र. के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक अभिलाष पांडे, केंट क्षेत्र के विधायक अशोक रोहाणी होंगे। अखिल भारतीय पटवा वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दयाशंकर पटवा एवं प्रांतीय अध्यक्ष श्रीकान्त पटवा की उपस्थिति में माँ महागौरी एवं माँ नर्मदा का पूजन व दीप प्रज्जवलन किया जाएगा।

## भागलपुर में राहुल गांधी की जनसभा में शहर की महिला कांग्रेस नेत्री सुश्री सुमिता मिश्रा की रही सक्रिय भागीदारी



**जबलपुर।** भागलपुर में महागठबंधन प्रत्याशी अजीत शर्मा के समर्थन में शुक्रवार को आयोजित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सांसद राहुल गांधी की विशाल जनसभा में शहर की महिला कांग्रेस नेत्री सुमिता मिश्रा व उनकी टीम की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस जनसभा में जबलपुर के गोरखपुर क्षेत्र के कांग्रेसी परिवार की मंझली बहू व अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय पर्वेक्षक एवं मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष सुश्री सुमिता मिश्रा ने भी अपनी महिला कांग्रेस की साथियों के साथ भाग लेकर पार्टी के पक्ष में जोशपूर्ण समर्थन व्यक्त किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री अलका लांबा, कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुश्री सुप्रिया श्रीनेत, भागलपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष परवेशजी सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सुश्री सुमिता मिश्रा ने कहा कि "महिला कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में देशभर में न्याय, समानता और सशक्तिकरण की आवाज को बुलंद कर रही है। बिहार की जनता महागठबंधन को भारी बहुमत से विजय दिलाएगी।" कार्यक्रम में महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक नारे लगाकर भागलपुर से कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा के समर्थन में माहौल को जोश से भर दिया। सुश्री मिश्रा पार्टी की केंद्रीय पर्यवेक्षक के नाते बिहार में कांग्रेस के समर्थन में सघन दौरे कर रहीं है।

### देशभर के रक्षा क्षेत्र से जुड़े संस्थान, उद्यमी और एमएसएमई वेंडर्स हुए शामिल

## व्हीएफजे में इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉन्क्लेव 2025 का हुआ शुभारंभ



**जबलपुर।** व्हीएफजे में आज इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉन्क्लेव 2025 का शुभारंभ संजय द्विवेदी, सीएमडी, आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड, चेन्नई के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में अनिल राठौर, कार्यकारी निदेशक MPIDC, एसपी डेकाटे, नियंत्रक सीक्यूए, संपत उपाध्याय, एसपी जबलपुर, सुश्री शालिनी सिंह, CEO CGSSC नई दिल्ली, सुश्री रचना जिंदल, संयुक्त निदेशक CII एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। व्हीएफजे में पहली बार इंडियन डिफेंस मैनुफैक्चरिंग कॉन्क्लेव आयोजन एवीएनएल एवं CII के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रवीण कुमार, सीजीएम व्हीफजे ने सप्लाई चैन को मजबूत करने, लोकल वेंडर्स को भरपूर काम मिलने और साझा रूप से मिलकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय द्विवेदी, सीएमडी आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत में स्वदेशी रक्षा उपकरणों के उत्पादन का प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है। इसमें डिफेंस पीएसयू और निजी क्षेत्र की कंपनियों का बड़ा योगदान है। उन्होंने बताया कि AVNL जो की एक मिनीरतन कंपनी है, नए रक्षा उत्पादों के निर्माण एवं उनके विकास में लघु और मध्यम श्रेणी के उद्योगों से सहयोग की अपेक्षा रखती है और मिलकर अत्याधुनिक रक्षा उत्पादों के निर्माण के लिए आगे बढ़ने के लिए तैयार है।

इससे पहले अपने उद्बोधन में अनिल राठौर, कार्यकारी निदेशक, MPIDC ने जबलपुर को डिफेंस इंडस्ट्रीज की स्थापना और उनके विकास के लिए सर्वथा अनुकूल बताया। इसके अलावा मप्र सरकार की ओर से प्रदान की जाने वाली सुविधाओं और कर में छूट के बारे में बताया। उन्होंने सभी उद्यमियों से मप्र में निवेश करने और उद्योग बढ़ाने की अपील की। सुश्री रचना जिंदल, सीईओ CII ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### जबलपुर रेल मंडल और छटवीं बटालियन में हुआ कार्यक्रम

## राष्ट्रगान गायन और सद्भावना दौड़ का किया आयोजन



**जबलपुर।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर के प्रांगण में "वन्दे मातरम्" के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा की गरिमामयी उपस्थिति में राष्ट्रगीत "वन्दे मातरम्" का सामूहिक गायन किया गया।

कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक द्वय आनन्द कुमार एवं सुनील टेलर, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता रामबदन मिश्रा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (सम.) राहुल जयपुरियार, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता स्वप्निल पाटिल, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक रजनीकांत साहू, मंडल वाणिज्य प्रबंधक नितेश कुमार सोने, मंडल कार्मिक अधिकारी वरुण चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी एवं सभी विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प.म.रे. सांस्कृतिक अकादमी के गायक कलाकारों द्वारा राष्ट्रगीत "वन्दे मातरम्" का समूह गायन किया गया। इसके पश्चात सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मीटिंग हॉल में एकत्रित हुए, जहाँ उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशव्यापी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित "वन्दे मातरम्" कार्यक्रम से वर्चुअल रूप से जुड़कर उनका प्रेरक उद्बोधन सुना तथा एक स्वर में राष्ट्रगीत गाकर देशभक्ति की भावना का परिचय दिया।

इसी क्रम में जबलपुर रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों जबलपुर, मदन महल, नरसिंहपुर, पिपरिया, कटनी, कटनी साउथ, कटनी मुंडवारा, रीवा, सतना, दमोह, सागर एवं ब्यौहारी सहित अन्य स्टेशनों पर भी "वन्दे मातरम्" के 150 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया गया तथा उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से राष्ट्रगीत का प्रसारण किया गया।

### सद्भावना मैराथन दौड़ का आयोजन

"राष्ट्रगीत वन्दे मातरम्" के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 6वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल जबलपुर द्वारा सद्भावना मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। सेनानी सिद्धार्थ चौधरी के निर्देशन में आयोजित इस मैराथन दौड़ का शुभारंभ उप सेनानी लामु सिंह श्याम द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। दौड़ रांझी क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होती हुई 6वीं वाहिनी मुख्यालय के प्रथम द्वार पर संपन्न हुई। इस अवसर पर वाहिनी एवं पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय (पी.टी.एस.) के समस्त राजपत्रित अधिकारी, अराजपत्रित अधिकारियों सहित लगभग 250 पुलिस कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् की ऐतिहासिक धरोहर के प्रति सम्मान व्यक्त करना एवं आपसी सद्भावना, एकता तथा अनुशासन के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना रहा।

## कृषि विवि की शोधार्थी मोनिका पटेल को मिला सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति पुरस्कार



**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय की शोधार्थी मोनिका पटेल ने डीबीटी द्वारा वित्तपोषित चना मिशन परियोजना शोध कार्य को 10वीं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ग्लोबल रिसर्च इनिशिएटिव्स फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर एंड एलाइड साइंसेज में प्रस्तुत किया। यह सम्मेलन विगत दिनों एम.पी.यू.ए.टी., उदयपुर, राजस्थान में आयोजित हुआ। मोनिका पटेल के उत्कृष्ट शोध कार्य और प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विभाग के समस्त अध्यापकों, वैज्ञानिकों एवं सहकर्मियों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी।

## एसपी ने किया जनरल परेड का निरीक्षण



**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने शुक्रवार को पुलिस लाईन स्थित परेड ग्राउंड में जनरल परेड का निरीक्षण किया। पुलिस ग्राउंड पहुंचने पर रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य द्वारा एसपी को सलामी दी गयी, उसके बाद परेड प्रारम्भ की गई। परेड का निरीक्षण करने के बाद एसपी संपत उपाध्याय ने अलग-अलग ड्रिल तथा आर्म्स ड्रिल एवं यातायात प्लाटून द्वारा की गयी मैनुअल यातायात संकेत ड्रिल को देखा गया। परेड पश्चात आप पुलिस लाईन कार्यालय पहुंचे जहाँ आपको क्वाटरगार्ड में क्वाटर द्वारा सलामी दी गयी। जनरल परेड पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन 2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारी सहित जिले में पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी शहर, देहात सहित थानो से लगे 265 अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

## वंदे मातरम राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूरे होने पर हुआ सांस्कृतिक आयोजन

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के विद्यार्थियों शिक्षकों एवं अन्य सदस्यों ने राष्ट्रगीत का गायन किया।हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ.श्रीकृष्ण तिवारी,डॉ माया पारस,अनिल राजपूत और शुभम शर्मा,इतिहास विभाग अध्यक्ष डॉ.एस.के.मेहरौलिया की उपस्थिति तथा समाजशास्त्र विभाग की सुषमा मरावी एंव इतिहास विभाग की अंशिका रावत के नेतृत्व में महाविद्यालय के 46 विद्यार्थियों ने वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत का गायन किया। डॉ मेहरौलिया द्वारा वंदे मातरम गीत के इतिहास पर प्रकाश डाला गया।

## बरगी बस स्टॉप पर महिला का जेवर से भरा पर्स चोरी

**जबलपुर।** बरगी थाना अतंर्गत बरगी बस स्टॉप पर एक महिला के पर्स में रखे सोने के झाले अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। बताया गया है कि महिला अपनी मां के साथ पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव में शामिल होने बरगी आई थी। बरगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गार्ड लाईन वार्ड नंबर 1 दमोह निवासी 50 वर्षीय श्रीमति सीमा जैन गत दिवस 5.30 बजे अपनी मां गुणमाला जैन के साथ दमोह से पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव में शामिल होने के लिए जबलपुर पहुंची थी। जबलपुर से बरगी आते समय वह और उनकी मां एक ही सीट में बैठे थे। रात लगभग 8.30 बजे दोनों बरगी बस स्टाप पर उतर गये और अपनी बहन के घर बरगी पहुंचे जहां पर उसने अपना पर्स चैक किया तो पर्स में रखी प्लास्टिक की डिब्बी में रखे सोने के झाले नहीं रखे थे। जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। सोने के झाले वजनी 10 ग्राम कीमती लगभग 1 लाख 20 हजार रूपये के बताए गए है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### रेल इंजन से टकराकर अज्ञात युवक की मौत

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना अतंर्गत खजरी फाटक के पास अपलाईन में इंजन से टकराकर एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस खजरी फाटक के पास अपलाईन में इंजन से टकराकर एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। अज्ञात व्यक्ति की उम्र लगभग 30 वर्ष बताई गई है। रेलवे स्टेशन गोसलपुर से प्वाइंटसमेन अनिल कुमार ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर अज्ञात शव की शिनाख्त कर रही है।

## भारतीय जीवन बीमा निगम के राष्ट्रीय प्रबंध निर्देशक का हुआ भव्य स्वागत



**बरेला।** भारतीय जीवन बीमा निगम के राष्ट्रीय प्रबंध निर्देशक सतपाल भानु , मुंबई क्षेत्रीय प्रबंधक धर्मपाल सर, भोपाल प्रादेशिक विपणन प्रबंधक अशोक ठाकुर , विपणन प्रबंधक मनोज वर्मा , जबलपुर सीनियर डिवीजन मैनेजर आर के यादव , पारसनाथ शुक्ला सी एल आई ए मैनेजर जबलपुर ,सतीश कुमार बिल्लौर , श्री लक्ष्मण तिवारी एमडीआरटी जबलपुर के आगमन पर शारदा मंदिर में सरपंच आशीष शुक्ला के आवास पर आशीष शुक्ला ने माता शारदा की चुनरी भेट कर एवं बरेला परिक्षेत्र के जीवन बीमा अभिकर्ताओं ने पण्डित लक्ष्मण तिवारी के मार्गदर्शन में फूल माला से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर समाजसेवी पंडित अरविन्द तिवारी, दाल चन्द विश्वकर्मा, जीवन बीमा निगम के अभिकर्ता सुरेन्द्र तिवारी, राकेश साहू, किशोरी द्विवेदी, ताराचंद पटेल, जगदीश यादव, लवकुश यादव, अमित जैन,कृष्ण कुमार लोधी, सुभाष पांडे, ओम तिवारी, सुनील चक्रवती, दीपेश लोधी, अमित दुबे, आशीष पटेल, विकास चौरसिया, अरविन्द लोधी, राकेश सेन, तंतु रजक, सहित बड़ी संख्या में बीमा अभिकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

### पुरानी रंजिश पर 2 ने मिलकर 1 को चाकू मारा

**जबलपुर।** घमापुर थाना अतंर्गत न्यू कछियाना मोहल्ला में पुरानी रंजिश पर दो बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यू कछियाना मोहल्ला निवासी 18 वर्षीय सुमित मलिक गत शाम लगभग 4.45 बजे घर के पास बैठा था तभी मोहल्लें के नैन मलिक और अंशु सकतेल पुरानी रंजिश पर गालीगलौज कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 118(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## भाई के साथ की मारपीट, बहनों के साथ की गालीगलौज

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अतंर्गत इंद्रानगर गली नंबर 1 संतोषी माता मंदिर के पास गुप्तेश्वर में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर चार बदमाशों ने एक युवक के साथ गालीगलौज व मारपीट कर थप्पड़ मारे और युवक की दोनों बहनों के साथ गालीगलौज कर धक्का देकर गिरा दिए।

गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्रानगर गली नंबर 1 संतोषी माता मंदिर के पास गुप्तेश्वर निवासी 22 वर्षीय मनीष राय गत रात लगभग 11 बजे घर पर था तभी अमन चक्रवर्ती, पीयूष सोनकर, ताशू यादव एवं सागर तिवारी उसके घर के सामने आये और उसे घर के बाहर बुलाकर उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये की मांग करने लगे, मना करने पर पीयूष सोनकर उसे एक थप्पड़ मार दिया ओर ताशू यादव गाली गलौज करने लगा। इसी दौरान मनीष की दोनों बहनें शालिनी एवं नीलू घर से बाहर निकलीं तो सागर तिवारी उनके साथ गाली गलौज करते हुए उन्हें धक्का देकर गिरा दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296 (ए), 115(1), 351(3), 119(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### दुकान की दीवार तोड़कर काजू, बादाम, आटा, चावल ले गए चोर

**जबलपुर।** बेलबाग थाना अतंर्गत गुरंदी बाजार गलगला में एक किराना दुकान की दीवाल तोड़कर अज्ञात चोर किराना सामान चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 70 हजार रुपए बताई गई है। बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार द्वारकानगर लालमाटी निवासी 37 वर्षीय जय कुमार आगीचा गत रात लगभग 10 बजे गुरंदी बाजार गलगला में स्थित जय ट्रेडर्स किराना दुकान बंद करके अपने घर लालमाटी चला गया था। दूसरे दिन सुबह लगभग 4 बजे उसके भाई ज्ञानचंद ने चोरी की सूचना दी। वह सूचना पाकर तुरंत दुकान पहुंचा तो देखा कि दुकान की दीवाल टूटी थी और दुकान में रखा सामान एक बोरी में 30 किलो मखाना, 2 बोरी जीरा, 8 किलो काजू, 8 किलो बादाम, 7 कट्टी 30 किलो वाला आटा, 18 बोरी चावल (प्रत्येक बोरी में 30 किलो), लगभग 70 हजार रूपये का सामान अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## निधन



**श्रीमति राम दुलारी-** संजय नगर आधारताल जबलपुर निवासी पति स्व. कमल प्रसाद दुबे की पत्नि श्रीमति राम दुलारी का 89 बर्ष की आयू में निधन हो गया। अंतिम संस्कार शोभापुर आधारताल श्मशानघाट में संपन्न किया गया।

**श्री अनिल सलरिया-** आदर्श नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री अनिल सलरिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कौशल रजक-** नारायण चौक द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री सरजू प्रसाद रजक के पुत्र श्री कौशल रजक (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री डुमारी लाल पटेल-** ब्यौहारबाग निवासी श्री डुमारी लाल पटेल (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेंद्र विश्वकर्मा-** विक्टोरिया अस्पताल रोड निवासी श्री महेंद्र विश्वकर्मा (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री उत्तम कुमार सोनी-** नई बस्ती अमखेरा निवासी श्री उत्तम कुमार सोनी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रुक्मणी पटेल-** छुई मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री प्रकाश पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती रुक्मणी पटेल (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती चिंतामणी नौटियाल-** अधारताल निवासी श्री सुरेंद्र नौटियाल की धर्मपत्नी श्रीमती चिंतामणी नौटियाल (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रोहित प्रधान-** अनिका अपार्टमेंट गोरखपुर निवासी श्री रोहित प्रधान (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राम भुवन शुक्ला-** संजय नगर अधारताल निवासी श्री राम भुवन शुक्ला (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती संकृति बाई अहिरवार-** सिद्धबाबा पानी की टंकी के पास निवासी श्री लालचंद अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती संकृति बाई अहिरवार (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री धर्मेंद्र दास बैरागी-** ग्राम मुंडी डिंडोरी निवासी श्री मंगू दास बैरागी के पुत्र श्री धर्मेंद्र दास बैरागी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंद्रकला दाहिया-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री छोटे लाल दाहिया की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रकला दाहिया (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सावित्री साहू-** गौरीघाट पुराने थाने के पास निवासी श्री रवि शंकर साहू की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री साहू (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पूनम समुंद्रे-** वेटरनरी कैम्पस सिविल लाइन निवासी श्री इंद्रपाल समुंद्रे की धर्मपत्नी श्रीमती पूनम समुंद्रे (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति कालम से.मी.
सिंगल साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

# शेयर बाजार में बड़ा बदलाव, सेबी शार्ट सेलिंग व एसएलबी ढांचे की करेगा समीक्षा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शुक्रवार को घोषणा की कि बाजार नियामक जल्द ही 'शॉर्ट सेलिंग' और प्रतिभूति उधारी ढांचे की व्यापक समीक्षा के लिए एक कार्य समूह का गठन करेगा।

- 'शॉर्ट सेलिंग' शेयर बाजार में एक ट्रेडिंग रणनीति है

'शॉर्ट सेलिंग' शेयर बाजार में एक ट्रेडिंग रणनीति है, जिसमें निवेशक किसी शेयर के दाम गिरने की संभावना पर मुनाफा कमाने की कोशिश करता है। यानि अगर किसी को लगता है कि किसी कंपनी का शेयर नीचे जाएगा, तो वह शेयर उधार लेकर बेच देता है और बाद में कम दाम पर खरीदकर वापस करता है। नसेबी ने 2007 में 'शॉर्ट सेलिंग' का फ्रेमवर्क शुरू किया था, जो आज तक लगभग अपरिवर्तित बना हुआ है।

## सेबी ढांचे की व्यापक समीक्षा के लिए एक कार्य समूह का करेगा गठन

### बाजार में पारदर्शिता बढ़ाने पर फोकस

तुहिन कांत पांडेय ने बताया कि 'स्टॉकब्रोकर' और म्यूचुअल फंड नियमों की व्यापक समीक्षा पहले से जारी है। सेबी निवेशकों के हितों की सुरक्षा और बाजार पारदर्शिता बढ़ाने पर फोकस कर रहा है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के बहिर्वाह को लेकर पूछे गए सवाल पर सेबी चेयरमैन ने कहा- एफपीआई को भारत की विकास गाथा में बहुत मजबूत विश्वास है। वैश्विक निवेशकों का भरोसा भारत की अर्थव्यवस्था और उसके दीर्घकालिक विकास में कायम है।




### अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर मिलता है

उधार लिए गए शेयरों का इस्तेमाल प्रायः शॉर्ट सेलिंग या सेटलमेंट विफलताओं से बचाव के लिए होता है। विशेषज्ञों के अनुसार, एसएलबी से निवेशकों को अपने निष्क्रिय शेयरों से अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर मिलता है, साथ ही यह बाजार की लिक्विडिटी और दक्षता बढ़ाने में भी मदद करता है।

### क्या है एसएलबी सिस्टम?

एसएलबी प्रणाली के तहत निवेशक या संस्थान अपने डीमैट खातों में रखे शेयरों को शुल्क लेकर दूसरे निवेशकों को उधार दे सकते हैं। यह लेनदेन स्टॉक एक्सचेंज प्लेटफॉर्म के जरिए किया जाता है। क्लियरिंग कॉर्पोरेशन इस प्रक्रिया में सेटलमेंट की सुरक्षा और गारंटी प्रदान करता है।

### क्यों जरूरी है समीक्षा?

'शॉर्ट सेलिंग' का फ्रेमवर्क 2007 से अपडेट नहीं हुआ है। एसएलबी प्रणाली, जो 2008 में शुरू हुई थी, कई बार संशोधित होने के बावजूद वैश्विक मानकों के अनुरूप पूरी तरह तैयार नहीं मानी जाती। इसलिए सेबी अब इन दोनों प्रणालियों का गहन पुनर्मूल्यांकन करना चाहती है।

## खबर संक्षेप

### अरविंद लिमिटेड के लाभ में 70 फीसदी का उछाल




**नई दिल्ली।** कपड़ा एवं परिधान कंपनी अरविंद लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 70 प्रतिशत बढ़कर 106.74 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई सिंतबर तिमाही में 62.77 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

### पीएफसी का लाभ नौ फीसदी बढ़कर 7,834 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ नौ प्रतिशत बढ़कर 7,834.39 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने सूचना में यह जानकारी दी। पीएफसी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 7,214.90 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

### डॉलर के मुकाबले रुपया दो पैसे टूटकर 88.65 पर बंद



**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को दो पैसे गिरकर 88.65 पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपये में गिरावट आई। घरेलू मुद्रा पर असर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 88.61 पर खुला और कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 88.72 के निचले स्तर तक गिर गया।

### नाइका का लाभ बढ़कर पहुंचा 34 करोड़ रुपए पर




**नई दिल्ली।** फैशन एवं सौंदर्य उत्पादों की खुदरा विक्रेता फर्म नाइका की मूल कंपनी एफएसएन ई-कॉमर्स का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ कई गुना बढ़कर 34.4 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 10.04 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### हिंडाल्को के शुद्ध लाभ में 21 फीसदी का इजाफा




**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की इकाई हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 21.2 प्रतिशत बढ़कर 4,741 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को भारतीय कारोबार के मजबूत प्रदर्शन, अनुशासित लागत प्रबंधन और विभिन्न क्षेत्रों में परिचालन दक्षता के बल पर यह मुनाफा हुआ।

### गेल चेयरमैन के लिए दीपक गुप्ता के नाम की सिफारिश




**नई दिल्ली।** लोक उपक्रम चयन बोर्ड (पीईएसबी) ने सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेललिमिटेड के निदेशक (परियोजना) दीपक गुप्ता को कंपनी का अगला चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त किए जाने की सिफारिश की है। पीईएसबी ने अपनी वेबसाइट पर जारी एक सूचना में बताया कि छह नवंबर को 12 आवेदकों के साक्षात्कार के बाद गुप्ता को इस पद के लिए चुना गया। वह मौजूदा सीएमडी संदीप कुमार गुप्ता का स्थान लेंगे जो 28 फरवरी, 2026 को सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

## फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने जारी की रिपोर्ट

# देश में त्योहारों की 42 दिन की अवधि में वाहनों की रिकॉर्ड खुदरा बिक्री दर्ज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार, इस वर्ष त्योहारों के दौरान कुल खुदरा बिक्री बढ़कर 52,38,401 इकाई हो गई जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 43,25,632 इकाई थी। वाहन डीलरों के संगठन फाडा के अध्यक्ष सी. एस. विग्नेश्वर ने बयान में कहा, ''2025 की 42-दिवसीय त्योहारों की अवधि देश में मोटर वाहनों की खुदरा बिक्री के लिए महत्वपूर्ण साबित हुई। इसमें सभी श्रेणियों में अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की गई।''

- सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई
- यात्री व दोपहिया वाहनों का रिकॉड पंजीयन किया गया
- त्योहारों के दौरान कुल खुदरा बिक्री बढ़कर 52,38,401 इकाई हो गई

*घरेलू बाजार में मोटर वाहन की खुदरा बिक्री में विभिन्न त्योहारों की 42 दिन अवधि में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसकी मुख्य वजह यात्री वाहनों व दोपहिया वाहनों का रिकॉर्ड पंजीकरण तथा जीएसटी में बदलाव से विभिन्न खंडों में कीमतों में गिरावट रही।*

### खपत बढ़ाने में जीएसटी 2.0 का असर रहा

इस अवधि के दौरान यात्री वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 7,66,918 इकाई हो गया जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 6,21,539 इकाई था। विग्नेश्वर ने कहा, ''किफायती दाम बढ़ाने और मध्यम वर्ग की खपत बढ़ाने के जीएसटी 2.0 का असर साफ दिखाई दिया। कॉम्पैक्ट और सब-4 मीटर कार में जोरदार उछाल देखा गया क्योंकि कर की दरें कम होने से खरीदारी का आधार बढ़ा। कई डीलर ने बताया कि कई मॉडल में खुदरा बिक्री की गति आपूर्ति से अधिक रही।''



*तिपहिया व वाणिज्यिक वाहनों में नौ व पंद्रह फीसदी की वृद्धि रही : इसी प्रकार 42 दिन की अवधि के दौरान तिपहिया व वाणिज्यिक वाहनों के पंजीकरण में क्रमशः नौ प्रतिशत और 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मोटर वाहन की खुदरा बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर 41 प्रतिशत बढ़कर 40,23,923 इकाई हो गई।*

### दोपहिया की खुदरा बिक्री 22 फीसदी बढ़ी

दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 22 प्रतिशत बढ़कर 40,52,503 इकाई हो गई जो 2024 में 33,27,198 इकाई थी। विग्नेश्वर ने कहा कि इस क्षेत्र को बेहतर ग्रामीण माहौल, बेहतर नगदी और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के युक्तिकरण के कारण सामर्थ्य में सुधार का लाभ मिला। उन्होंने कहा कि इस दौरान कम्यूटर बाइक व स्कूटर की अच्छी मांग के साथ-साथ इलेक्ट्रिक वाहनों में भी रुचि बढ़ी।

### दोपहिया की बिक्री सालाना आधार पर 52 फीसदी रही

इसी प्रकार अक्टूबर में दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 52 प्रतिशत बढ़कर 31,49,846 इकाई हो गई जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 20,75,578 इकाई थी। फाडा के अनुसार, अक्टूबर में तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 1,29,517 इकाई हो गई, जबकि वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में पिछले महीने की समान अवधि की तुलना में 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### अगले तीन माह रहेगे सकारात्मक

वाहन डीलरों के संगठन ने कहा, ''जीएसटी 2.0 के निरंतर प्रभाव, स्थिर ग्रामीण आय और शादियों व फसलों की मौसमी मांग के कारण अगले तीन महीनों के लिए भारत के मोटर वाहन का खुदरा परिदृश्य निर्णायक रूप से सकारात्मक बना हुआ है।''

# डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों में जुलाई से फिर आई तेजी

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर टी. रबी शंकर ने शुक्रवार को कहा कि जुलाई, 2025 से डिजिटल धोखाधड़ी के मामले एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। शंकर ने यहां भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एक कार्यक्रम में कहा, "लेनदेन की संख्या के अनुपात में देखें तो इस वर्ष की शुरुआत से जुलाई तक धोखाधड़ी के मामलों में उल्लेखनीय गिरावट आई थी। लेकिन जुलाई के बाद से ये मामले फिर बढ़ने लगे हैं। शंकर ने कहा कि वृद्धि मौसमी या चक्रीय हो सकती है और आरबीआई इसके कारणों की जांच कर रहा है। आरबीआई के वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में धोखाधड़ी के मामलों की संख्या घटकर 23,953 पर आ गई जबकि इससे पहले के वित्त वर्ष में यह 36,000 से अधिक थी। धोखाधड़ी की अधिकांश घटनाएं डिजिटल भुगतान के क्षेत्र, जैसे कार्ड और इंटरनेट लेनदेन के दौरान हुईं। रिपोर्ट के मुताबिक, निजी क्षेत्र के बैंक संख्या के लिहाज से करीब 60 प्रतिशत धोखाधड़ी मामलों के लिए जिम्मेदार हैं, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का हिस्सा मूल्य के आधार पर 71 प्रतिशत से अधिक है।

- आरबीआई के डिप्टी गवर्नर शंकर ने एसबीआई के एक कार्यक्रम में कहा



*क्रमिक डिजिटलीकरण से प्रतिस्पर्धा संभव नहीं : केंद्रीय बैंक के डिप्टी गवर्नर ने बैंकरों को संबोधित करते हुए कहा कि पारंपरिक बैंक संरचनात्मक रूप से कमजोर हैं क्योंकि उनके पास बड़ा शाखा नेटवर्क, उच्च अनुपालन लागत और जटिल आईटी ढांचा है। उन्होंने आगाह करते हुए कहा कि ये बैंक केवल "क्रमिक डिजिटलीकरण" करने से प्रतिस्पर्धी नहीं रह पाएंगे।*

### अवसंरचना को आधुनिक व लचीला बनाने की सलाह

शंकर ने बैंकों से प्रमुख अवसंरचना को आधुनिक बनाने और उसे लचीला करने की सलाह दी ताकि वे फिनटेक परिवेश के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकें। आरबीआई डिप्टी गवर्नर ने कहा कि भविष्य में बैंकों की प्रतिस्पर्धात्मकता अब केवल बैलेंस शीट की ताकत पर नहीं बल्कि डेटा क्षमताओं और तकनीकी लचीलापन पर निर्भर करेगी।

# घरेलू शेयर बाजार में तीसरे दिन भी गिरावट



- सेंसेक्स 95 अंक फिसला
- निफ्टी 25,500 अंक से नीचे आया

एजेंसी ⏭ मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 95 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 25,500 अंक से नीचे आ गया।

विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 94.73 अंक यानी 0.11 प्रतिशत गिरकर 83,216.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 640.06 अंक तक लुढ़क गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी 17.40 अंक यानी 0.07 प्रतिशत कमजोर होकर 25,492.30 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल में सर्वाधिक 4.46 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

इसके अलावा टेक महिंद्रा, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के शेयर भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फिनसर्व के शेयर में तेजी दर्ज की गई। घरेलू शेयर बाजार में शुरुआती गिरावट से काफी हद तक उबरने में सफल रहे।

# भारत में एआई का उपयोग रिकॉर्ड गति से बढ़ रहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी कंपनी ओपनएआई में अंतरराष्ट्रीय रणनीति के प्रबंध निदेशक ओलिवर जे ने शुक्रवार को कहा कि भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) अपनाने में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है और इसकी गति हर साल तीन गुना बढ़ रही है। जे ने कहा कि देश में एआई को अपनाने की यह तीव्र गति युवा आबादी द्वारा इसके बढ़ते इस्तेमाल से प्रेरित है।ओलिवर जे ने कहा, '' भारत में हम जो गति देख रहे हैं वह अविश्वसनीय है। हम जबरदस्त वृद्धि देख रहे हैं। भारत में हमने जो वृद्धि देखी है वह साल दर साल तीन गुना हो गई है...। जे ने 'सीएनबीसी-टीवी18 के ग्लोबल लीडरशिप समिट' 2025 में कहा, '' जब हम भारत के बारे में सोचते हैं, तो हमारा मूल विश्वास है कि अगर आप भारत के लिए निर्माण करते हैं तो आप दुनिया के लिए भी निर्माण कर सकते हैं। भारत वास्तव में अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी को अपनाने में अग्रणी है। जब आप 18 से 24 वर्ष की आयु के बीच की आबादी के बारे में सोचते हैं, तो यह भारत में एक तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र है। उन्होंने उल्लेख किया कि कैसे भारत के डेवलपर और व्यवसाय एआई के उपयोग में सक्रिय रूप से शामिल हैं।



- ओपनएआई के ओलिवर जे ने कहा, भारत में वृद्धि अभूतपूर्व
- एआई की गति भारत में हर साल तीन गुना तेजी से बढ़ रही

### चैटजीपीटी के लिए भारत दूसरा तेजी से बढ़ता बाजार

जे ने भारत के विभिन्न क्षेत्रों में एआई की परिवर्तनकारी क्षमता और भारतीय उद्यमों एवं नीति निर्माताओं के साथ भविष्य में सहयोग की संभावनाओं को लेकर आशा व्यक्त की। ओपनएआई इस वर्ष के अंत में नयी दिल्ली में अपना पहला भारतीय कार्यालय खोलने जा रहा है।

# सरकार ने उपभोक्ता कानून में सुधारों का प्रस्ताव रखा

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों की रूपरेखा पेश की। इस कदम का मकसद लंबित मामलों को कम करना और कृत्रिम मेधा (एआई) तथा डिजिटल मंच के जरिये विवाद समाधान में तेजी लाना है। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने 2019 के कानून में सुधारों पर चर्चा के लिए नयी दिल्ली में एक परामर्श बैठक आयोजित की, जिसमें मामलों के निपटारे के लिए सख्त समयसीमा और एआई तथा मशीन लर्निंग टूल्स सहित प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग पर जोर दिया गया।

# सोना 100 रुपए टूटकर 1,24,600 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी स्थिर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा बिकवाली के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 100 रुपये गिरकर 1,24,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। स्थानीय सराफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार के बंद भाव 1,24,100 रुपये से 100 रुपये गिरकर 1,24,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रही। वहीं 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पिछले बाजार सत्र में 1,24,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, शुक्रवार को चांदी की कीमतें सभी करों सहित 1,53,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 19.84 डॉलर यानी 0.5 प्रतिशत बढ़कर 3,996.93 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि हाजिर चांदी 0.96 प्रतिशत बढ़कर 48.48 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

**OFFICE OF THE NAGAR NIGAM DHAMTARI CHHATTISGARH**

**DETAILED NOTICE INVITING TENDER (2nd Call)**

SYSTEM TENDER NO/178841/NIT NO: 309 Dated 04/11/2025

Online tenders are invited by the COMMISSIONER, Dhamtari for the following work in Form ₹A₹ for PERCENTAGE RATE TENDER AND CONTRACT FOR WORKS from the contractors registered with Unified Registration System (Single Window) on GoCG PWD & e-Procurement System Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) as per the 'key Dates' mentioned below. All other conditions for submission of tenders and criteria for prequalification etc. have been mentioned in the tender documents.

| Name of work | Probable amount of contract (Rs. in Lakh) | Earnest money (Rs. in Lakhs) | Time allowed for completion | Cost of Tender Document (in Rupees) | Validity ofthe Bid (From the last date of bid submission) | Class of the Contractor |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Revamping Material of Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of Dhamtari, Chhattisgarh | Rs 479.68 Lakh | Rs 2.40 Lakhs | Construction Period 06 months (from the date of issuing of Work Order) including rainy season.. Trial run 03 months. | 10000.00 (Rupees Ten Thousand only) | 120 days | In Class 'B' or above registered with Unified Registration System (Single Window) on GoCG PWD |

On-Line Bid Submission Last Date **24/11/2025**. Time **5:30pm**

**COMMISSIONER**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**DHAMTARI (C.G.)**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - नरसिंहपुर (म.प्र.)**
प्रकाशन क्र. 014 / 2025-26 निविदा आमंत्रण सूचना ( संक्षिप्त ) दिनांक 03.11.2025

म. प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्यों की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं। विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं भविष्य में होने वाले समस्त संशोधन केवल ऑन-लाइन पोर्टल http://www.mptenders.gov.in ही देखे जा सकेंगे। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार हैं :-

| स. क्र. | निविदा सूचना क्र./दिनांक | ई-निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रु. लाख में) | कुल अमानती राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में.) | ऑन लाइन निविदा क्रय/प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 053/ 03.11.2025 | 2025_PHED _460462_1 | Repairing, Maintenance and Chlorination of Hand-Pumps by providing required Labour (including Machanic) and Transportation etc as per approved specification \| (Material will be supplied by the department) in villages of Block- Chichali, Dist.- Narsinghpur ( 3rd Call) | 16.76 | 33520.00 | 2000.00 | 18.11.2025 | 365 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 2 | 054/ 03.11.2025 | 2025_PHED _460463_1 | Balance work and Repairing of Exiting Piped Line Water Supply Scheme under Jai Jeeyan Mission at Village: Bagadara Block:-Saikheda Ditt-Narsinghpur (M.P.) based on Tube Well including installation of electric submersible water motor pump, \|laying & jointing distributionpipe linesystem, repairing of RCC OHT, installation of Transformer, Erection of Pump house, household tap connections, including cost of all material & labour with 45 Days of trial run after completion of construction/Execution of work with successful testing and commissioning (1st Call) | 10.00 | 20000.00 | 2000.00 | 18.11.2025 | 120 दिवस वर्षा ऋतु सहित |

G-21157/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड - नरसिंहपुर

**पश्चिम मध्य रेल**

**इंजीनियर विभाग खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक** : डी.आर.एम.डब्ल्यू.जे.बी.पी. 161–2025 दिनांक 31.10.2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : भेड़ाघाटः भेड़ाघाट में गुड्स शेड के विकास कार्य **भाग–1:** भेड़ाघाट– एचएल गुड्स प्लेटफॉर्म (350 मीटर X 12 मीटर) का निर्माण, ढके हुये शेड सहित– भेड़ाघाट में गुडस शेड का विकास। **भाग–2:** भेड़ाघाट सीजीएस कार्यालय, मर्चेंट रूम, श्रमिक कक्ष (लेबर रूम) तथा शौचालय सुविधाओं का निर्माण – भेड़ाघाट में गुड्स शेड का विकास। **भाग–3:** भेड़ाघाट पेयजल सुविधाओं की व्यवस्था – भेड़ाघाट में गुड्स शेड का विकास। **भाग–4:** भेड़ाघाट – धूल सुरक्षा दीवार (375 मीटर X 5 मीटर) का निर्माण भेड़ाघाट में गुड्स शेड का विकास। **भाग–5:** भेड़ाघाट जल निकासी सुविधा सहित आरसीसी पहुँच मार्ग का निर्माण –भेड़ाघाट में गुड्स शेड का विकास **भाग–6:** भेड़ाघाट – सेप्टिक टैंक/सोख गड्ढे की व्यवस्था – भेड़ाघाट में गुड्स शेड का विकास। **भाग–7:** भेड़ाघाट – जल छिड़काव प्रणाली की स्थापना – भेड़ाघाट में गुड्स शेड का विकास। **भाग–8:** एन.एस. मद – योजना के अग्र एवं पश्च भाग की ऊँचाई तथा अनुभागीय विवरण दर्शाते हुए डिजाइन एवं ड्रॉइंग तैयार करना, **कार्य का अनुमानित मूल्य** : 14,01,46,234/–, **बयाना राशि रूपये** : 8,50,700/–, **समापन अवधि** : 24 माह, **निविदा सूचना क्रमांक** : डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी–162–2025, दिनांक : 03/11/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : मंडल अभियंता (मुख्यालय)/जबलपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत शेष 4 विविध कार्य– **भाग–1:** सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर के अंतर्गत नए महाप्रबंधक भवन, जबलपुर की तीसरी मंजिल पर विद्युत विभाग (पीसीईई कार्यालय) के मरम्मत/पुनर्निर्माण का कार्य। **भाग–2:** सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर के अंतर्गत पूर्व हाउबाग (Howbag)/ एन.जी. रेलवे स्टेशन में रेलवे की भूमि की सफाई एवं समतलीकरण का कार्य, चारदीवारी/फेंसिंग सहित, ताकि अतिक्रमण रोका जा सके एवं भूमि का रेलवे उपयोग हेतु संरक्षण किया जा सके। **भाग–3:** सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर के अंतर्गत महाप्रबंधक भवन, जबलपुर स्थित मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल की मरम्मत का कार्य। **भाग–4:** सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर के अंतर्गत महाप्रबंधक कोर भवन, जबलपुर स्थित चिकित्सा विभाग मुख्यालय कार्यालय की मरम्मत/पुनर्निर्माण का कार्य, **कार्य का अनुमानित मूल्य** : 95,21,600/– ,**बयाना राशि रूपये** : 1,90,400/–, **समापन अवधि** : 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांक** : डी.आर.एम. डब्ल्यू–जे.बी.पी–163–2025 दिनांक. 03.11.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : जबलपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (उत्तर) के अधिकार क्षेत्र में इटारसी–मानिकपुर पर एल.सी. संख्या 360, 374, 376, 377, 378, 382, 390, 391, 392, 397, 400, झुकेही–कैमोर में एल.सी. संख्या JK1, JK2, JK3, JK4, JK5, JK9, JK10 एवं सतना–रीवा खंड पर एल.सी. संख्या 1 और 18 के गेट लॉज में सुधार, डब्लू सी मानक ऊँचाई गेज प्रदान करना और सड़क की सतह का मरम्मत कार्य । **कार्य का अनुमानित मूल्य** : 1,36,16,662.64, **बयाना राशि रूपये** : 2,18,100.00, **समापन अवधि** : 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांक** : डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी–164–2025 दिनांक. 03.11.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : बचे हुए कार्यों को पूरा करनाः– i. वरि. मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर सेक्शन के अंतर्गत कटनी–सतना पर 38 नं (1 में 12–33 नं और 1 में 8.5–5 नं) थ्रू टर्नआउट रिन्यूवल और 12 नं (1 में 12) टर्नआउट के थ्रू स्लीपर रिन्यूवल का कार्य। ii. वरि. मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर सेक्शन के अंतर्गत सतना–मानिकपुर एवं सतना–रीवा पर 65 नं (1 में 12) थ्रू टर्नआउट रिन्यूवल और 14 नं (1 में 12) टर्नआउट के थ्रू स्लीपर रिन्यूवल का कार्य । **कार्य का अनुमानित मूल्य** : 3,00,79,898/–, **बयाना राशि रूपये** : 3,00,400/–, **समापन अवधि** : 12 माह, **उपरोक्त सभी निविदाओं में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक** : 25.11.2025, **उपरोक्त सभी निविदाओं में खुलने का समय 15.15 बजे तिथि** : 25.11.2025।

हस्ता.
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## चिंतन

# अब देश की रक्षा में तैनात फाइटर जेट भी होंगे स्वदेशी

पूरी दुनिया ने देखा कि आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत पाकिस्तान पर कई गुणा भारी पड़ा। पाकिस्तान के अंदर घुसकर हमारे जवानों ने आतंकी अड्डों को नष्ट कर दिया। लाहौर और रावलपिंडी तक भारतीय हमलों की गूंज सुनाई दे रही थी। हमारी ड्रोन तकनीक पाकिस्तान की चीन से ली गई वायु प्रतिरक्षा प्रणाली पर कहीं ज्यादा भारी पड़ी। हमारे ड्रोन मौत बनकर सीधे दुश्मन की फौजी छावनियों के ऊपर मंडरा रहे थे। इसके बाद पाकिस्तान ने भारत के सैन्य ठिकानों और आम नागरिकों को तुर्किये और चीनी ड्रोन बेड़े के जरिये निशाना बनाने की कोशिश की, लेकिन एक भी प्रयास सफल नहीं हो पाया। उसने सैकड़ों ड्रोन एक साथ भेजे, परंतु स्वदेशी वायु प्रतिरक्षा प्रणाली आकाशतीर ने उन्हें विफल कर दिया। भारतीय वायु प्रतिरक्षा प्रणाली का कमाल ही कहा जाएगा कि कोई पाकिस्तानी ड्रोन चंडीगढ़ अथवा दिल्ली तक नहीं पहुंच सका और उन्हें सीमा के निकट ही ध्वस्त कर दिए गए। जब 9-10 मई की रात पाकिस्तान ने बड़े हमले की मंशा से ड्रोन के साथ उन्नत फतह श्रेणी की मिसाइलें दागी गईं तो हमने उन्हें भी नाकाम कर दिया और इसके कुछ ही मिनट में हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान के उन सभी वायु सैनिक अड्डों को निशाना बनाया, जहां पर उन्नत श्रेणी के अमेरिकी एफ-16 और चीनी जेफ-17 विमान थे। भारत ने उस एयरबेस को भी तबाह कर दिया, जहां तुर्किये के ड्रोन का बड़ा बेड़ा था और जिसके जरिये पाकिस्तान बड़े ड्रोन हमले कर रहा था। यदि पाकिस्तान को अमेरिका और चीन से मिले अति उन्नत लड़ाकू विमानों, चीनी वायु प्रतिरक्षा प्रणाली और तुर्किये से मिले ड्रोन के बावजूद मुंह की खानी पड़ी तो यह हमारी अद्भुत सैन्य सामर्थ्य ही था और इसमें सबसे बड़ा योगदान था हमारी स्वदेशी तकनीक का। भारत की विजय मात्र पाकिस्तान पर ही नहीं, अपितु अमेरिकी, चीनी और तुर्किये की हथियार तकनीक पर भी है। इस युद्ध के दौरान आकाश जैसी स्वदेशी वायु प्रतिरक्षा प्रणाली ने शानदार काम किया। पाकिस्तान के किसी भी नापाक मंसूबे को कामयाब नहीं होने होने दिया। इसी कामयाबी से आगे बढ़ते हुए अब भारत स्वदेशी जेट के निर्माण की और कदम बढ़ा रहा है। अगले साल की शुरुआत से ही भारत में स्वदेशी फाइटर जेट इंजन का उत्पादन शुरू हो जाने की संभावना है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए यह बहुत बड़ी खबर है। कि जेट इंजन के उत्पादन के लिए अमेरिकी जनरल इलेक्ट्रिक और फ्रांस की सफ्रान समेत कई वैश्विक कंपनियों के साथ चर्चा चल रही है। इसके बाद तेजी से इस पर काम शुरू होने की संभावना है। इसके निर्माण में सबसे खास बात यह है कि भारत फाइटर जेट इंजन बनाने के लिए भले ही अन्य देशों के साथ तालमेल करे, लेकिन इनका निर्माण देश में ही होगा। भले ही हाल-फिलहाल की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भले ही रूस से एस-400 खरीदा जाए या किसी अन्य देश से कुछ और, लेकिन इरादा साफ होना चाहिए कि है कि भविष्य में जो भी रक्षा उपकरण चाहिए उसका निर्माण देश में ही होगा। तभी देश आत्मनिर्भर होगा।



अर्थव्यवस्था
डॉ.जयंतीलाल भंडारी

# विकास के लिए नए सुधार जरूरी

> पिछले एक दशक में भारत अपने आर्थिक, वित्तीय और अन्य सुधारों के दम पर वैश्विक चुनौतियों के बीच मजबूती से आगे बढ़ा है और भारत की घरेलू खपत भी भारत की आर्थिक शक्ति बन गई है। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा है कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और व्यापार तनाव के बीच वैश्विक वृद्धि दर धीमी है, इसके बावजूद भारत मजबूत घरेलू खपत के दम पर 6.6 फीसदी विकास दर प्राप्त करते हुए दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक विकास दर की संभावनाएं रखता है। साथ ही भारत की विकास दर चीन से भी अधिक अनुमानित है।

हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिल्ली स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स में अपने व्याख्यान में कहा कि इस वर्ष कर संरचना को सरल बनाने वाले वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) तथा आयकर सुधारों के बाद अब सरकार अगली पीढ़ी के सीमा शुल्क सहित अन्य सुधारों की डगर पर तेजी से काम कर रही है। इसी के आधार पर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी भारतीय अर्थव्यवस्था जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होते हुए दिखाई दे सकेगी। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पिछले एक दशक में भारत अपने आर्थिक, वित्तीय और अन्य सुधारों के दम पर वैश्विक चुनौतियों के बीच मजबूती से आगे बढ़ा है और भारत की घरेलू खपत भी भारत की आर्थिक शक्ति बन गई है। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा है कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और व्यापार तनाव के बीच वैश्विक वृद्धि दर धीमी है, इसके बावजूद भारत मजबूत घरेलू खपत के दम पर 6.6 फीसदी विकास दर प्राप्त करते हुए दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओ में सबसे अधिक विकास दर की संभावनाएं रखता है।

साथ ही भारत की विकास दर चीन से भी अधिक अनुमानित है। इसी तरह एसबीआई कैपिटल मार्केट्स की नई रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समय वैश्विक व्यापार की चुनौतियों और ट्रंप के 50 फीसदी उच्च टैरिफ के चलते भारत की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। ऐसे में चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही यानी अक्टूबर से मार्च के बीच मजबूत घरेलू खपत और सरकार के पूंजीगत व्यय अर्थव्यवस्था को सहारा देते हुए दिखाई देंगे। निश्चित रूप से इस समय जीएसटी सुधारों से भारत की घरेलू खपत तेजी से बढ़ते हुए दिखाई दे रही है। पिछले दिनों दिवाली के त्योहारी बाजार में बिक्री रिकॉर्ड ऊंचाई पर रही है। ई-कॉमर्स ने दमदार उछाल दर्ज की है। जीएसटी में सरलता और नए जीएसटी ढांचे के रोडमैप के तहत जीएसटी के चार टैक्स स्लैब में बदलाव करते हुए इन्हें घटाकर 5 फीसदी और 18 फीसदी स्लैब में बदलाव ने त्योहारी बाजार को नई उर्जा दी हैं। जीएसटी की दरों के साथ-साथ आयकर में कटौती से लोगों को लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये की बचत प्राप्त हुई है। इससे देशवासी बचत से हुई खुशी के साथ खरीदी का बचत उत्सव मनाते हुए दिखाई दिए हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि अक्टूबर 2025 में भारत का फाइनेंशियल वेलबीइंग इंडेक्स (एफडब्ल्यूबीआई) 110.3 तक पहुंच गया है, जो वैश्विक औसत 103.6 से ज्यादा है। इसके साथ ही उपभोक्ता विश्वास भी पिछले साल से 8 अंक बढ़ा है, जो 2022 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के मुताबिक जहां वर्ष 2023 में दिवाली के त्योहारी बाजार में 3.75 लाख करोड़ रुपये और वर्ष 2024 में 4.25 लाख करोड़ रुपये की खरीदारी हुई थी, वहीं इस बार त्योहारी सीजन के तहत खरीदारी पांच लाख करोड़ रुपये के अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गई। इस बार दिवाली पर देश में लोगों की क्रय शक्ति बढ़ने और अमेरिका में डॉलर की वैल्यू घटने से इस साल त्योहारी सीजन में चांदी और सोने का भाव भी रिकॉर्ड स्तर पर रहे हैं। डॉलर की तुलना में रुपया मजबूत हुआ है। शेयर




बाजार का ग्राफ बढ़ा है। विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर के स्तर पर रहा है। इन सबके परिणामस्वरूप इस समय औद्योगिक उत्पादन बढ़ रहा है और मैन्यूफेक्चरिंग सेक्टर से लेकर सर्विस सेक्टर तक मांग का बढ़ता हुआ नया अध्याय दिखाई दे रहा है। मांग व उत्पादन बढ़ने से रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि हो रही है। लेकिन अब जीएसटी और आयकर सुधार के साथ कुछ और सुधारों पर भी ध्यान दिया जाना होगा। पेट्रोल और डीजल को भी जीएसटी व्यवस्था में शामिल करने की तैयारी करनी होगी। एक बार जब पेट्रोल और डीज़ल को जीएसटी प्रणाली में शामिल कर लिया जाएगा, तो इनके उपभोक्ताओं को तो लाभ होगा ही, लेकिन इनका उपयोग करने वाली प्रत्येक कंपनी को भी लाभ होगा, क्योंकि वे इन उत्पादों पर दिए गए कर को अपने अंतिम कर भुगतान के विरुद्ध समायोजित कर लाभ ले सकेंगी। अब जीएसटी कर मूल्यांकन प्रणाली को व्यवस्थित करना भी आवश्यक है। इस बात पर ध्यान देना होगा कि जिस प्रकार इनकम टैक्स मूल्यांकन प्रणाली अब पूरी तरह से ऑनलाइन हो चुकी है और इसमें आम तौर पर किसी मानव हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होती, वैसा ही अब जीएसटी प्रणाली को पूरी तरह ऑनलाइन और फेसलेस बनाने के लिए आगे बढ़ाना होगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि लोगों के जीवन को आसान बनाने व आर्थिक मजबूती के लिए अब सरकार को आगामी पीढ़ी के सुधार एजेंडा पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। सरकार को कृषि, बैंकिंग, श्रम, डिजिटलीकरण और वित्तीय क्षेत्र में सुधारों की डगर पर आगे बढ़ना होगा। डिजिटलीकरण से वित्तीय समावेशन में मदद बढ़ाना होगी। घरेलू बाजार को और मजबूत बनाने के मद्देनजर लॉजिस्टिक लागत घटाने के लिए नई लॉजिस्टिक नीति के अनुरूप तेजी से आगे बढ़ना होगा। इनके साथ-साथ विनिवेश पर नए सिरे से जोर देने की आवश्यकता है। देश में विनिवेश एक नया नहीं बल्कि पुराना एजेंडा है। सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान एक नई रणनीतिक विनिवेश नीति की घोषणा की थी। इस नीति के मुताबिक सरकार केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसई) में अपनी मौजूदगी न्यूनतम करेगी। इस बारे में कुछ रणनीतिक क्षेत्रों की ओर ध्यान दिया जाना होगा। इनमें बीमा, परिवहन और दूरसंचार, बिजली, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष और रक्षा, पेट्रोलियम, कोयला और अन्य खनिज आदि प्रमुख हैं। साथ ही सरकार को गैर रणनीतिक क्षेत्रों के सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण या उन्हें बंद किए जाने के मोर्चे पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि विनिवेश से प्राप्त राशि का एक हिस्सा सार्वजनिक ऋण की अदायगी में भी उपयोग किया जा सकता है। ऐसे में सरकार पर ब्याज भुगतान का बोझ कम होगा और राजकोषीय गुंजाइश बढ़ेगी। ऐसी स्थिति सरकार और अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर होगी। उम्मीद करें कि अब सरकार जीएसटी और इनकम टैक्स में किए गए परिवर्तनकारी सुधारों के बाद आगामी पीढ़ी के सुधारों के लिए तेजी से आगे बढ़ेगी और इससे देश विकसित भारत की डगर पर आगे बढ़ेगा। उम्मीद करें कि देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए जहां सरकार अगली पीढ़ी के सुधारों की ओर तेजी से आगे बढ़ेगी, वहीं पूरे देश में और अधिक करोड़ों लोग स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों के उपयोग को जीवन का मूलमंत्र बनाएंगे तथा इससे देश आत्मनिर्भरता की डगर पर भी तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा। उम्मीद करें कि आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच नए आर्थिक सुधारों से लगातार आगे बढ़ रहे भारत में विकास तथा प्रति व्यक्ति आय में और तेजी से वृद्धि होगी और इससे अर्थव्यवस्था के साथ आम आदमी की मुस्कुराहट भी बढ़ती हुई दिखाई देगी।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आधी आबादी
डॉ. मोनिका शर्मा



# बिहार चुनाव : अपने मत मायने समझती स्त्रियां

बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के प्रथम चरण में आधी आबादी ने जमकर मतदान किया। कई क्षेत्रों में तो महिलाओं ने पुरुष मतदाताओं की तुलना में अधिक मतदान किया है। पहले चरण की 121 सीटों पर हुई बंपर वोटिंग में महिला वोटरों का उत्साह राजनीति के समीकरण बनाने और बिगाड़ने वाला प्रतीत होता है। इतना ही नहीं, शहरों से लेकर गांवों-कस्बों तक, मतदान केन्द्रों पर लगी स्त्रियों की लंबी कतारें एक नागरिक के तौर पर अपने मत के मायने समझने का भी द्योतक बनीं हैं। व्यापक रूप से देखा जाय तो महिलाओं की यह भागीदारी कई मायने में शिक्षा, सजगता और सामाजिक भूमिका में आ रहे सकारात्मक बदलावों का भी परिणाम है। दरअसल, जीवन की बेहतरी से जुड़ी सरकारी योजनाएं हों या सुरक्षित परिवेश बनाने की कवायद। सरकारी नीतियों और सामाजिक माहौल से महिलाओं का जीवन सबसे अधिक प्रभावित होता है। यही वजह है कि बिहार में 2010 के बाद आधी आबादी ने हर बार बढ़-चढ़कर मतदान किया है। तब से महिलाएं इस राज्य में भी चुनाव की धुरी बनी हुई हैं। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के प्रथम चरण में हुए रिकॉर्ड 64.66 प्रतिशत मतदान में भी स्त्रियों की भागीदारी अहम दिखी है। ध्यातव्य है कि 2020 के पहले चरण की तुलना में यह आंकड़ा कुल मतदान का करीब 8 प्रतिशत ज्यादा है। मतदान में स्त्रियों की बढ़ती हिस्सेदारी के चलते ही इस बार भी बिहार विधानसभा चुनाव में सभी दलों ने महिला मतदाताओं पर केन्द्रित योजनाओं पर विशेष ध्यान भी दिया है। चाहे एनडीए हो या फिर महागठबंधन, सभी दल आधी आबादी की महत्वपूर्ण भूमिका को समझने और सरकार बनाने के लिए उनका साथ पाने के लिए प्रयासरत दिखे। यूं भी बीते कुछ दिनों में प्रदेश में चुनावों में विकास, सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दे छाये रहे हैं। समझना मुश्किल नहीं कि ऐसे सभी मुद्दे महिलाओं के व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक जीवन पर गहरा असर डालते हैं। यही वजह है कि महिला मतदाताओं के झुकाव को समझने की कवायदें केवल राजनीतिक विश्लेषण का विषय भर नहीं है। जीवनयापन से जुड़ी सहजता देती योजनाओं और नीतियों के अलावा सम्मान और सुरक्षा महिलाओं के लिए सबसे अहम मुद्दा रहा है। असल में महिला वोटरों को लुभाने की होड़ के परिणाम के अलावा आधी आबादी के इस उत्साह और रुझान को उनके दायित्वबोध से जोड़कर देखना भी जरूरी है। भारत की स्त्रियां भी ना केवल जमीनी मुद्दों को समझती हैं बल्कि उनसे जुड़े सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव को सबसे ज्यादा झेलती भी हैं ।

देशभर से आए दिन सामने आती घटनाएं बताती हैं कि सुरक्षा और जीने की सहजता का आधी आबादी को आज भी इंतजार है। यही वजह है कि सुरक्षा बिहार विधानसभा चुनाव में अहम चुनावी मुद्दा रही है। नतीजतन, महिला मतदाताओं के लिए सुरक्षित परिवेश की जरूरत जाति या सामुदायिक भेद से परे वोट करने की बुनियाद बन गई है। मतदाता समूह के रूप में अपने संवैधानिक अधिकार को इस्तेमाल करते हुए आधी आबादी की बहुत की सोच बहुत स्पष्ट रहती है। निःसन्देह, लाभकारी योजनाएं उन्हें भी प्रभावित करती हैं पर असुरक्षित माहौल में किसी भी तरह की सहायता का कोई अर्थ नहीं रह जाता। समझना आवश्यक है कि 2016 में बिहार की महिलाओं ने शराबबंदी और सुरक्षित परिवेश को अपना समर्थन देकर इसी बात को पुख्ता किया था। असल में देखा जाए तो स्त्रियों के स्वतंत्र रूप से अपना मत देने के आंकड़े ही शराब बंदी के बाद बढ़े हैं। तब महिलाओं ने अपने जीवन से हर पक्ष को प्रभावित करने वाले शराबबंदी के निर्णय के लिए नितीश कुमार का खुलकर समर्थन किया था। भारत के चुनावी इतिहास में स्त्रियों का यह रुझान बहुत व्यावहारिक और परिपक्व सोच की बानगी माना जाता है। महिलाओं के विरुद्ध दर्ज अपराधों के आंकड़े बताते हैं कि बिहार में शराबबंदी के बाद महिलाओं के विरुद्ध हिंसा में कमी आई। विशेषकर घरेलू हिंसा दुष्कर्म, छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न और भावनात्मक हिंसा जैसे अपराधों में रेखांकित करने योग्य कमी आई। महिलाओं की बड़ी आबादी का जीवन इस निर्णय से प्रभावित हुआ। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के आंकड़ों के मुताबिक 83 प्रतिशत विवाहित महिलाओं ने बताया कि शराबबंदी से पहले पर उन्हें अक्सर पति की शारीरिक या भावनात्मक हिंसा झेलनी पड़ती थी। सामाजिक बेहतरी, पारिवारिक स्थिरता और स्वास्थ्य लाभ से जुड़ा यह निर्णय आज भी महिला वोटरों के मन के जुड़ा है। ऐसे में महिला मतदाताओं का बड़ी संख्या में वोट देने के लिए घर से निकलना इस बार भी निर्णायक साबित हो सकता है।

( लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## हम जो भी करेंगे वह कर्म है



संकलित
दर्शन

'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है । जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा। कर्म हमारी स्थिति है, जैसे हम जी रहे हैं। विकर्म हमारी समझ होगी, अकर्म हमारा होना हो जाएगा।

## दूसरों की जरूरतें पूरी करना ही दान



संकलित
प्रेरणा

महाभारत का एक प्रसंग है। एक दिन युधिष्ठिर ने वेद व्यास से पूछा कि दान बड़ा है या पूजा-पाठ और तपस्या? व्यास जी ने युधिष्ठिर को अपनी बात समझाने के लिए एक कथा सुनानी शुरू की। व्यास जी ने कहा कि एक मुद्गल नाम के महर्षि थे, वे भिक्षा मांगकर जीवन चलाते थे। भिक्षा में उन्हें आटा, खाने-पीने की चीजें, हवन सामग्री मिल जाती थीं। दान में मिली चीजों से ही वे खाना बनाते और पूजा-पाठ करते थे। कभी-कभी ऐसे दिन भी आते थे, जब उन्हें भिक्षा नहीं मिल पाती थी। अधिकतर अमावस्या और पूर्णिमा पर ऐसा हुआ करता था। इन दोनों तिथियों पर ऋषि मुद्गल से मिलने दुर्वासा ऋषि आया करते थे। दुर्वासा मुनि को खाना खिलाने के बाद उनके लिए कुछ बचता नहीं था तो उन्हें भूखे रहना पड़ता था। एक दिन फिर ऐसा ही हुआ तो दुर्वासा मुनि ने मुद्गल ऋषि से पूछा कि आप मुझे खाना देकर खुद भूखे रहते हैं, लेकिन मैंने कभी भी आपके चेहरे पर भूख के लक्षण नहीं देखे हैं, क्या आपको भूख नहीं लगती है? मुद्गलजी ने कहा कि मेरे लिए दान का महत्व सबसे ज्यादा है। अन्न दान तो सर्वश्रेष्ठ होता है, जब आपकी भूख शांति होती है, तब मैं भी तृप्त हो जाता हूं। मैं दान पुण्य कमाने के लिए नहीं करता हैं, मैं सिर्फ दूसरों की मदद करना चाहता हूं। व्यास जी ने युधिष्ठिर को आगे समझाया कि तपस्या स्वयं के लिए की जाती है, लेकिन दान हमेशा दूसरों की भलाई के लिए किया जाता है। इसलिए दूसरों की आवश्यकता की पूर्ति करना ही दान है। इसलिए दान तप से भी श्रेष्ठ है।

## सटाका




## आज की पाती


### अन्न की बर्बादी और अति खाना हानिकारक

वर्ष 1945 को दुनिया में पहली बार संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य भुखमरी से निपटना भी है। वर्ष 1979 में विश्व खाद्य दिवस प्रथम बार मनाया गया था। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य दुनियाभर में खाद्य सुरक्षा और संतुलित भोजन के प्रति जागरूक करना भी हो गया है। भोजन प्राणी जाति के तंदरुस्त रहने के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन भोजन संतुलित और प्रकृति के दायरे में होना चाहिए। ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट 2024 में यह बताया गया है कि हमारे देश की रैंकिंग में कुछ सुधार हुआ है। इस बार हमारा देश 105वें स्थान पर रहा, हालांकि बांग्लादेश 84वें, नेपाल 68वें और श्रीलंका 56वें स्थान पर हैं।

- पराग विश्वकर्मा, दुर्ग

## ट्रेंड

### राष्ट्र गीत को नमन



मैं अपने पूजनीय राष्ट्र गीत - एक शाश्वत गान - को नमन करता हूं जिसने राष्ट्रवाद की भावना को जागृत किया और जो पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है। 'वंदे मातरम्' भारत की सांस्कृतिक विरासत और सभ्यतागत लोकाचार का स्थायी प्रतीक है।

**- सी. पी. राधाकृष्णन, उपराष्ट्रपति**

### आरजेडी बेचैन



बिहार में जंगलराज की वापसी के लिए आरजेडी कितना बेचैन है, इसका पता चुनाव अभियान में वायरल हो रहे उसके गानों से चलता है। इनमें गरीब, दलित-महादलित और अति पिछड़े समाज के लोगों को डराने का प्रयास साफ नजर आता है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### शेल्टर होम तैयार



दिल्ली सरकार ने सर्दी में जरूरतमंद नागरिकों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करने की दिशा में बड़ा और प्रभावी कदम उठाया है। 250 अतिरिक्त शेल्टर होम तैयार किए गए हैं। इस बार शेल्टर होम्स में आधुनिक तकनीक का उपयोग भी किया जा रहा है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### अब गारंटी है



'आप' सरकार ने सिर्फ 3 साल में ही बिना रिश्वत और बिना सिफारिश के पंजाब में 56 हजार सरकारी नौकरियां दीं हैं। अब गारंटी है... इन चुनाव नतीजों के तुरंत बाद तरन-तारन में सड़कें, फ्लाइओवर और लड़कियों के लिए टेक्निकल कॉलेज बनेंगे।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## करंट अफेयर

# लुटनिक ने ट्रंप की शुल्क शक्तियों का किया बचाव



अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने दावा किया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ''बात मनवाने'' के लिए शुल्क का इस्तेमाल एक कूटनीतिक हथियार के रूप में किया और भारत से आग्रह किया कि वह रूस से ''तेल खरीदना बंद करे'' ताकि यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने में मदद मिल सके। लुटनिक ने बृहस्पतिवार को फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की। साथ ही उन्होंने ऐसे वक्त में ट्रंप की शुल्क शक्तियों के इस्तेमाल का बचाव किया जब उच्चतम न्यायालय में इसकी वैधता पर सुनवाई जारी है। लुटनिक ने कहा, 'राष्ट्रपति इन शुल्कों का उपयोग न्याय खरीदने के लिए कर रहे हैं। वह रूस और यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए शुल्क का उपयोग कर रहे हैं, जहां उन्होंने भारत से कहा है कि 'तेल खरीदना बंद करो'।' न्यायालय इस बात की जांच कर रहा है कि क्या 1977 के 'इंटरनेशनल इमरजेंसी इकॉनमिक पावर्स एक्ट' (आईईपीए) के तहत ट्रंप के लिए आपातकालीन शक्तियों का उपयोग करके कई देशों, जिनमें भारत भी शामिल है पर व्यापक प्रत्यावर्ती शुल्क लागू करना कानूनी था। लुटनिक ने विश्वास जताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति यह मुकदमा जीतेंगे क्योंकि ये शक्तियां अमेरिका की रक्षा करती हैं।

## ऑफ बीट

# पुरुष-महिलाओं के मस्तिष्क में जीन का व्यवहार अलग



दशकों से पुरुषों और महिलाओं में बुद्धिमत्ता तथा व्यवहार के अंतर को लेकर बहस होती रही है, लेकिन अब वैज्ञानिक साक्ष्य यह दर्शाते हैं कि जैविक रूप से पुरुष और महिला के मस्तिष्क में सैकड़ों जीन अलग-अलग ढंग से सक्रिय रहते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इन जीनों का अलग-अलग तरीके से सक्रिय होना मस्तिष्क विकारों, जैसे अल्जाइमर और पार्किंसन जैसी बीमारियों से जुड़ा हो सकता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, पुरुष और महिला मस्तिष्कों के बीच ये आनुवंशिक अंतर विकास की प्रारंभिक अवस्था में ही स्थापित हो जाते हैं और संभवतः मस्तिष्क के विकास को आकार देने में भूमिका निभाते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल मनुष्यों में, बल्कि अन्य प्राइमेट (वनमानुष) प्रजातियों में भी पाई गई है, जिससे संकेत मिलता है कि ये अंतर बहुत प्राचीन हैं। जीन गतिविधि में अंतर कई दशकों के शोध से यह पुष्टि हुई है कि पुरुषों और महिलाओं में मस्तिष्क की संरचना, कार्यप्रणाली और मानसिक रोगों की प्रवृत्ति में अंतर है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं था कि इन अंतरों में कितना योगदान जीन का है और कितना पर्यावरण का। 2017 में किए गए एक अध्ययन में सैकड़ों पुरुषों और महिलाओं के मरणोपरांत मस्तिष्क ऊतक का विश्लेषण किया गया था।

### शव खेत में दफनाया, दो दिन में दूसरी मां की हत्या से सिहर उठा जिला

# जादू-टोना के शक में बेटे ने मां को पीट-पीटकर मार डाला

शहडोल जिले में अंधविश्वास का खौफनाक चेहरा एक बार फिर सामने आया है। दो दिन के भीतर जिले में दूसरी बार बेटे ने अपनी ही मां की हत्या कर दी। पहली वारदात ब्यौहारी के बरकछ गांव की थी, जहां बेटे ने मां को मारकर शव के साथ दो दिन तक घर में बैठा रहा और अब झींकबिजुरी चौकी के कुटेला गांव में जादू-टोना के शक में बेटे ने अपनी मां की जान ले ली।

शहडोल।





## शहडोल में फिर उफना अंधविश्वास

जिले के झींकबिजुरी चौकी अंतर्गत ग्राम कुटेला में घटित एक हृदयविदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया है। यहां 25 वर्षीय युवक ने अंधविश्वास और जादू-टोना के शक में अपनी ही मां प्रेमबाई उम्र 45 वर्ष की कुल्हाड़ी और डंडों से निर्मम हत्या कर दी। हत्या के बाद बेटे ने अपने चाचा के लडक़े और अन्य परिजनों के साथ मिलकर शव को खेत में दफना दिया, ताकि कोई साक्ष्य न बचे। यह दिल दहला देने वाली वारदात 6 नवंबर की रात की बताई जा रही है। पुलिस को जानकारी तब मिली जब गांव के सरपंच को शक हुआ और उसने चौकी में सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने खेत की खुदाई कर शव बरामद किया। जब मिट्टी से महिला का शव बाहर निकाला गया, तो पूरा गांव सन्न रह गया। ग्रामीणों की आंखें नम थीं, किसी को विश्वास नहीं हो रहा था कि एक बेटा इतनी बेरहमी से अपनी मां की हत्या कर सकता है।

### बेटे की गवाही में झलका अंधविश्वास

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सत्येंद्र सिंह अपने चाचा कमलेश सिंह की अचानक हुई मृत्यु के बाद से अपनी मां पर जादू-टोना करने का संदेह करने लगा था। उसका कहना था कि उसकी पत्नी और बच्चे बार-बार बीमार पड़ते हैं और इसका कारण मां के काले जादू को मानता था। इसी अंधविश्वास की आग में उसने खून का रिश्ता तोड़ दिया। घटना की रात आरोपी ने अपने चाचा के बेटे ओमप्रकाश सिंह के साथ मिलकर मां पर हमला बोल दिया। प्रेमबाई लगातार बेटे से रहम की भीख मांगती रही, बेटा, मत मार, मैं तेरी मां हूं, लेकिन सत्येंद्र का दिल पत्थर बन चुका था। वह तब तक वार करता रहा जब तक मां की सांसें थम नहीं गईं। जब मां की मौत हो गई, तो दोनों ने परिवार के तीन अन्य सदस्यों गुलाब सिंह, अमन सिंह और अमोद सिंह की मदद से शव को खेत में गड्ढा खोदकर दफना दिया।

### दो दिन बाद खुला राज

दो दिन तक परिवार ने गांव में किसी को भनक नहीं लगने दी, लेकिन ग्रामीणों को प्रेमबाई के न दिखने पर शक हुआ। सरपंच ने जब पूछताछ की, तो घरवालों के जवाब टालमटोल वाले लगे। इसके बाद सूचना पुलिस तक पहुंची। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खेत की खुदाई कर शव निकाला और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस घटना में पुलिस ने सत्येंद्र सिंह पुत्र, ओमप्रकाश सिंह भतीजा, गुलाब सिंह, अमन सिंह और अमोद सिंह कुल पांच आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। डीएसपी हेडक्वार्टर राघवेंद्र द्विवेदी ने बताया प्राथमिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि पुत्र ने जादू-टोना के शक में अपनी मां की हत्या की और शव को खेत में दफनाया। साक्ष्य मिटाने में परिवार के अन्य सदस्यों की भी भूमिका सामने आई है। सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और आईपीसी की धारा 302, 201 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### अंधविश्वास की जकड़ में जिला

महज दो दिन पहले शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के ग्राम बरकछ में भी एक दर्दनाक घटना सामने आई थी। वहां एक बेटे ने अपनी मां सविता कोल की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी, सिर्फ इसलिए क्योंकि मां उसे पढ़ाई के लिए टोकती थी। हत्या के बाद आरोपी बेटा दो दिन तक शव के साथ घर में ही बैठा रहा। इन दोनों घटनाओं ने पूरे जिले को झकझोर दिया है। जिले में लगातार दो दिनों के भीतर मां की हत्या के दो मामले सामने आने से प्रशासन और समाज दोनों चिंतित हैं। लगातार घट रही ऐसी घटनाएं बताती हैं कि शिक्षा और आधुनिकता के बावजूद अंधविश्वास की जड़ें कितनी गहरी हैं।

## 6 अधिक जवान मलेरिया से बीमार

**बालाघाट।** बालाघाट जिले में नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात सीआरपीएफ और हॉकफोर्स के आधा दर्जन से अधिक जवान मलेरिया से बीमार हो गए हैं। इन सभी जवानों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, उनकी हालत में सुधार हो रहा है। नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों को दोहरी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर उन्हें नक्सलियों से निपटना होता है, वहीं दूसरी ओर जंगली इलाकों में मच्छर और मधुमक्खी जैसे कीटों के हमले से वे बीमार पड़ रहे हैं। यह घटना दक्षिण बैहर क्षेत्र की है, जहां पुलिस चौकी के साथ-साथ हॉक फोर्स, सीआरपीएफ और कोबरा जवानों के कैंप स्थापित हैं। यह इलाका घने जंगलों और पहाड़ों से घिरा हुआ है। नक्सलियों की सूचना पर जवानों को अक्सर लंबी दूरी तक सर्चिंग अभियान पर जाना पड़ता है, जहां उन्हें भूख-प्यास के साथ-साथ मच्छरों के प्रकोप का भी सामना करना पड़ता है। हाल ही में, सर्चिंग के दौरान मधुमक्खी के काटने से कुछ जवानों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अब शुक्रवार को, आधा दर्जन से अधिक जवानों को मलेरिया के लक्षण पाए जाने के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया है।

## लग्जरी कार से गांजा और कोरेक्स की तस्करी का पर्दाफाश, दो तस्कर गिरफ्तार

**रीवा।** पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत एवं उप पुलिस महानिरीक्षक रीवा रेंज हेमंत चौहान के नेतृत्व में जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार 2.0 अभियान के तहत नशे के कारोबार पर बड़ा प्रहार किया गया है। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशन में थाना चोरहटा पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में नशीले पदार्थों की बड़ी खेप पकड़कर तस्करों को गिरफ्तार किया है। थाना चोरहटा पुलिस को 7 नवंबर 2025 को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम देवरा बाईपास रोड के पास एक सफेद रंग की इनोवा कार में भारी मात्रा में गांजा ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आशीष मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कार को रोक कर तलाशी के दौरान इनोवा कार से 105 किलो 980 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 21 लाख 20 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने वाहन को भी जब्त किया, जिसकी कीमत करीब 20 लाख रुपये है। गांजा की तस्करी में लिप्त आरोपी की पहचान अखिलेश सिंह पटेल उर्फ पप्पू, पिता जगन्नाथ पटेल, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम बीड़ा थाना सेमरिया जिला रीवा के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की विवेचना की जा रही है।कोरेक्स सिरप की तस्करी का भी भंडाफोड़थाना चोरहटा पुलिस ने दूसरी कार्रवाई में नशीली कफ सिरप की तस्करी का नेटवर्क ध्वस्त किया है। मुखबिर की सूचना पर 7 नवंबर को ग्राम खैरी बस्ती रेलवे लाइन के पास घेराबंदी की गई, जहां एक सफेद मारुति जेन कार में अवैध रूप से कोरेक्स सिरप की खेप लाई जा रही थी।

## पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का रीवा पहुंचने पर हुआ आत्मीय स्वागत



**रीवा।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का रीवा एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत किया गया। पूर्व राष्ट्रपति रीवा में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अधिवेशन में शामिल होने के लिये भोपाल से वायुयान द्वारा रीवा पहुंचे। रीवा एयरपोर्ट में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद जनार्दन मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान सहित जनप्रतिनिधियों, साहित्य परिषद के पदाधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने पूर्व राष्ट्रपति का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

### जहरीली कफ सिरप कांड

# मुख्य आरोपी प्रवीण सोनी की पत्नी ज्योति सोनी भी गई जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

**तीन दिन की रिमांड ख़त्म होने के बाद कफ सिरप कांड के मुख्य आरोपी डॉ प्रवीण सोनी की पत्नी ज्योति सोनी भी जेल भेजी गई । कोर्ट में पेशी के दौरान पीड़ित परिजन भी मौजूद रहे , जिन्होंने डॉक्टर नहीं डाकू है , आरोपियों को फांसी दो जैसे नारे भी लगाए।**



परासिया में जहरीले सिरप के चलते दो दर्जन से अधिक मासूमों की मौत के मामले की जांच में अब तक 7 लोगों को जेल भेजा जा चुका है । जिनमें मामले से जुडी 7 वीं आरोपी ज्योति सोनी को शुक्रवार को जेल भेजा गया । ज्योति सोनी की 30 अक्टूबर को अग्रिम ज़मानत रद्द हुई थी, जिसके बाद एस आई टी की टीम ने ज्योति सोनी को गिरफ्तार करने के लिए काफी कशमकश की , आरोपी के परिजनों , कहीं जाकर अपना मेडिकल स्टोर की प्रोपराइटर डॉ प्रवीण सोनी की पत्नी आरोपी ज्योति सोनी पुलिस की गिरफ्त में आई । जिसे पुलिस के द्वारा रिमांड ली गई थी । शुक्रवार को रिमांड का समय पूरा होने पर पुनः ज्योति सोनी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया ।

### रिमांड से क्या लगा हाथ

आरोपी ज्योति सोनी की 3 दिनों रिमांड के दौरान एस आई टी की टीम ने काफी कुछ जानकारी हासिल करने की कोशिश की । पता चला है , की मेडिकल स्टोर का लाइसेंसी सौरभ जैन कभी - कबार ही मेडिकल स्टोर जाता था । मेडिकल स्टोर में शेड्यूल **G** , **H** , **H**1 जैसी दवाइयां जिनका डोज़ थोड़ा भी कम - ज्यादा होने पर मरीज की किडनी फेल होने , लकवा लगने जैसी रिस्क होती है । इन दवाइयों को बेचने पर किस डॉक्टर ने लिखा , किस मरीज को दी गई , ये सब लिखित रिकॉर्ड रखना होता है , पर मेडिकल स्टोर में ऐसा कोई रिकॉर्ड मेंटेन नहीं किया जाता था । मेडिकल स्टोर को आई टी आई वाला संचालित करता था ।

### अब तक ये गिरफ्तार

(1) गोविंदन रंगनाथन (श्रीसन कंपनी तमिलनाडु का मालिक )(2) के माहेश्वरी (श्रीसन कंपनी की कर्मचारी)(3) डॉ प्रवीण सोनी शिशु रोग विशेषज्ञ परासिया ।(4) राजेश सोनी (संचालक न्यू अपना फर्मा एजेंसी)(5) सौरभ जैन (मेडिकल स्टोर का लाइसेंस धारी)(6) सतीश वर्मा (एम आर) मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव)(7) ज्योति सोनी (प्रोपराइटर अपना मेडिकल स्टोर)

### सगे भतीजे और नाती ने मिलकर की हत्या

# 24 घंटे के भीतर डबल मर्डर का हुआ खुलासा







हरिभूमि न्यूज बालाघाट/कटंगी।

बालाघाट जिले के कटंगी शहर के अर्जुननाला में नट्टी टोला रोड़ में बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात्रि में हुए डबल मर्डर का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। हांके दंपत्ति की गला रेतकर निर्मम हत्या को किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं बल्कि घर-परिवार से जुड़े दो सदस्यों ने मिलकर की। शुक्रवार की शाम साढ़े 04 बजे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निहित उपाध्याय, एसडीओपी विवेक शर्मा, सीएसपी वैशाली कराहलिया ने कटंगी थाने में प्रेसवार्ता कर पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया। पुलिस ने बताया कि रमेश हांके और उनकी धर्मपत्नी पुस्पकला हांके का मर्डर भतीजे दुलीचंद हांके और नाती सचिन हांके दोनों निवासी सुकली थाना तिरोड़ी ने मिलकर किया। पुलिस ने आरोपियों के पास चुराए गए सोने-चांदी के जेवरात जब्त किए है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 103 (1), 332 (बी) की कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है।

### कर्ज चुकाने की हत्या

पुलिस ने बताया कि दोनों ही आरोपियों पर करीब 04 लाख रुपए का कर्ज था और कर्ज की राशि चुकाने के लिए हत्या और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार आरोपियों को पूर्व से ही पता था कि मृतक के पास काफी मात्रा में नकदी रकम और सोने-चांदी के जेवरात है। आरोपी यह भी जानते थे कि रमेश हांके शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद ब्याज में पैसे देने का व्यापार करते है। इसके अलावा सुकली में पोल्ट्री फार्म भी है। जिसकी देखरेख आरोपी सचिन हांके के द्वारा ही की जाती थी। पुलिस ने यह भी बताया कि सचिन हांके मृतक के घर में करीब 04 वर्षों तक रहकर पढ़ाई कर चुका था इसलिए घर परिवार की वास्तविकता से वह पूरी तरह से अवगत था। आरोपी इस बात से भी वाकिफ थे कि घर में केवल हांके दंपत्ति ही निवास करते है उनके दोनों बेटे नागपुर में जॉब करते है। ऐसे में दोनों आरोपियों ने चोरी और हत्या की प्लानिंग की फिर बेहद आसानी से घर में प्रवेश किया और हत्या करने के बाद आलमारी से सोने-चांदी के जेवर 15 हजार रुपए नकदी सहित 10 लाख रुपए का मशरूका चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने तकनीकि साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को जल्द ही पकड़ लिया। पुलिस ने इस पूरी वारदात के बाद करीब 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले, एफएसएल और डॉग स्क्वायड की मदद ली। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेह होने पर आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उन्होंने जुर्म करना कबूल कर लिया है।

### गाड़ी पंचर होने का बनाया बहाना

पुलिस ने बताया कि आरोपी सचिन ने 05 नवंबर की रात्रि साढ़े 11 बजे रमेश हांके को फोन लगाया और गाड़ी पंचर होने की बात कहीं। रमेश जब घर से बाहर निकले तब दोनों ही आरोपी सुनियोजित तरीके से घर में घुसे जहां उन्होंने सबसे पहले पुष्पकला हांके का चाकू से गला काट दिया और इसके बाद जब रमेश घर लौटे तो उनकी भी गला काटकर हत्या कर दी। दरअसल, पुलिस जांच में यह सामने आया था कि आरोपियों ने घर में प्रवेश करने के लिए किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ नहीं थी। यहीं से पुलिस को संदेह हुआ कि वारदात को किसी करीबी ने ही अंजाम दिया है और पुलिस इसी आधार पर जांच कर रही थी। 24 घंटों के भीतर पुलिस को इसमें सफलता भी मिल गई।

### इनका रहा योगदान

इस हत्याकांड का खुलासा करने के लिए 12 टीमें बनाई गई थी जिसमें एफएसएल अधिकारी गौतमा मेश्राम, थाना प्रभारी कटंगी धमेन्द्र कुशराम, उपनिरीक्षक कमलेश यादव, छत्रपाल सिंह, दीपक गौतम, तरुण चौहान, पवन यादव, सहायक उप निरीक्षक सतीश गेडाम, दादूराम पटले, प्रधान आरक्षक प्रशांत चौधरी, आरक्षक आलोक बिसेन, नीरज सनोड़ीbया, विमलेश सिसोदिया, सुमित यादव, हेमंत बघेल, लक्ष्मी प्रसाद बघेल, विकास तोमर, गौतम बघेल, थानसिंह पटले का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बुंदेलखंड की धरती पर वर्ल्ड चैंपियन बनकर लौटी क्रांति गौंड का जोरदार स्वागत

छतरपुर।



भारतीय महिला विश्वकप क्रिकेट टीम में साउथ अफ्रीका को पराजित वनडे बल्ड कप जीतने के बाद क्रांति गौंड का आज शुक्रवार को छतरपुर जिले में आगमन हुआ। छतरपुर जिले के आगमन के दौरान क्रांति गौड की क्रांति देखने को मिली। खजुराहो एयरपोर्ट से लेकर उसके ग्रह ग्राम घुवारा तक जगह जगह फूल मालाओं और गुलदस्तों से स्वागत करते हुए लोगों ने पलक पावडे बिछा दिए। छतरपुर में पहली बार ऐसा लगा की विश्व में भारत का नाम रोशन करने बाली छतरपुर जिले में जन्मी लाड़ली बिटिया का लोगों ने जोरदार स्वागत किया प्रधानमंत्री से मिलने के बाद विश्व कप क्रिकेट टीम की खिलाड़ी क्रांति गौड का भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सम्मान किया। सीएम हाउस में हुए सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने क्रांति गौड को मोमेन्टों देकर और शाल उठाकर सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि क्रांति गौड के पिता जो पुलिस विभाग में सस्पेंड चल रहें है, उनको बहाल किया जाएगा और छतरपुर में खेल गतिविधियों को बढावा देने के लिए विश्व स्तरीय स्टेडियम बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि15 नबम्वर को जनजातीय गौरव दिवस पर जबलपुर में क्रांति गौंड के सम्मान में बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा सीएम हाउस में खेल मंत्री विश्वास सारंग ने क्रांति गौड के पिता मुन्ना सिंह, मां नीलम और कोच राजीव बिल्थरे को सम्मानित किया।

### चार्टड विमान से पहुंची खजुराहो

विश्वकप क्रिकेट टीम की बिजेता क्रांति गौड चार्टड विमान से खजुराहो एयरपोर्ट पर पहुंची। विधायक अरबिंद पटैरिया ने बुंदेलखंड की बेटी क्रांति गौड का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजुद रहे। राजनगर विधायक अरबिंद पटैरिया ने भगवान मतगेंश्वर की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग मौजुद रहें। खजुराहो से छतरपुर तक भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ पहुंची विश्व चैम्पियन क्रांति गौड का जगह जगह स्वागत अभिनन्दन किया गया। और बमीठा में भी कई जगह उनका स्वागत हुआ। छतरपुर पहुंचने पर पन्ना नाके से लेकर कलेक्टेट में दर्जनों जगह क्रांति गौड का स्वागत किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में क्रांति गौड के पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक ने स्वागत किया। पन्ना नाके पर अम्बेडकर मूर्ति के पास अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संगठन के द्वारा विश्व बिजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी क्रांति गौंड का स्वागत किया गया। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही और भारी पुलिस बल मौजुद रहा। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाद विश्व चैम्पियन खिलाड़ी क्रांति गौड कलेक्टर कार्यालय पहुंची, जहां पर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने अपने चेम्बर में क्रांति गौड को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एंव अपर कलेक्टर भी मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत में क्रांति गौड़ ने कहा मैंने पहले ही कहा था कि मैं भारत की टीम में खेलूंगी और खेली भी, अब विश्व कप जीतकर लौटी हूं। यह मेरे लिए और पूरे बुंदेलखंड के लिए गर्व की बात है। एयरपोर्ट पर उनके स्वागत के दौरान भारी भीड़ उमड़ी रही, जिसके चलते सीआईएसएफ को भी व्यवस्था बनाए रखने में मशक्कत करनी पड़ी। उनके पिता अपनी बेटी की सफलता पर बेहद भावुक दिखाई दिए और खुशी से अभिभूत होकर बोले कि यह पल उनके जीवन का सबसे बड़ा गौरव है। एयरपोर्ट से निकलने के बाद क्रांति गौड़ का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। क्रांति के कोच राजीव बिल्थरे ने बताया कि मुख्यमंत्री ने आत्मीय तरीके से क्रांति गौड़ और उनके परिवार का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड की बेटियों के बेहतर खेल भविष्य के लिए छतरपुर में एक सर्वसुविधायुक्त खेल मैदान का निर्माण कराया जाएगा जिससे क्रांति जैसी बेटियां राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का गौरव बढ़ा सकें। वहीं पन्ना नाके पर जैन छोले-भटोरे के संचालक विक्की जैन द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

### उद्योगपतियों ने कहा "अब जबलपुर बनेगा ग्लोबल पहचान का केंद्र"

# संस्कारधानी में भारत गोल्फ महोत्सव को मिल रहा जोरदार समर्थन

जबलपुर।

मध्यप्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर एक ऐतिहासिक खेल आयोजन की मेजबानी करने जा रही है। 8 और 9 नवंबर को होने जा रहा भारत गोल्फ महोत्सव शहर में उत्साह और गर्व का माहौल लेकर आया है। शहर के उद्योगपति, व्यापारी और आमजन इस आयोजन को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उनका कहना है कि यह आयोजन जबलपुर को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक मानचित्र पर नई पहचान दिलाएगा।

### उद्योग जगत ने दिखाई एकजुटता

गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी आर्यवीर आर्या की मौजूदगी में शहर के प्रमुख उद्योगपतियों, बिजनेस संगठनों और गणमान्य नागरिकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पंकज माहेश्वरी, राहुल अग्रवाल, शैलेश राजपाल, मुनींद्र मिश्रा, हिमांशु खरे और सीनियर एडवोकेट अभिषेक ध्यानी सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हुईं।



### बैठक का उद्देश्य

बैठक का मुख्य उद्देश्य न सिर्फ गोल्फ को बढ़ावा देना था, बल्कि जबलपुर को एक ग्लोबल डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने की दिशा में ठोस कदम उठाना भी था। आयोजन से न सिर्फ खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यह शहर की ब्रांडिंग, बिजनेस और टूरिज़्म सेक्टर को भी नई ऊंचाई देगा।

### भारत गोल्फ महोत्सव खेल और संस्कार का संगम

गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट जबलपुर के आर्मी एरिया में होगा। इस ग्रैंड इवेंट में फिल्म अभिनेता रणदीप हुड्डा, डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला, लेफ्टिनेंट जनरल पदम सिंह शेखावत सहित देशभर के नामी गोल्फ खिलाड़ी और हस्तियां शिरकत करेंगी। महोत्सव के दौरान गोल्फ टूर्नामेंट के साथ-साथ जवानों के साथ दौड़, पौधारोपण, बच्चों को गोल्फ ट्रेनिंग, वीर नारियों का सम्मान, और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

### बैठक में सभी ने एक सुर में कहा

"भारत गोल्फ महोत्सव हमारे शहर के लिए गर्व का अवसर है। यह आयोजन जबलपुर की नई पहचान बनेगा और पर्यटन, निवेश तथा उद्योग के नए द्वार खोलेगा।"

### जबलपुर के विकास का सुनहरा मौका

उद्योगपतियों और आयोजकों का मानना है कि यह आयोजन जबलपुर को पेन इंडिया लेवल से ग्लोबल लेवल तक पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाएगा। आयोजकों ने कहा कि "यह सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि जबलपुर के गौरव, पर्यटन और विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।"



## विश्वविजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य व आदिवासी समाज की प्रथम महिला क्रिकेटर क्रांति गोंड की जीत में योगदान पर हर्ष व्यक्त किया

**जबलपुर।** बलिदानी राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह प्रतिमा स्थल पर नगर के समाजसेवियों एवं खेल प्रेमियों ने एकत्रित होकर भारतीय महिला क्रिकेट टीम को प्रथम बार वर्ल्ड कप जीतने पर हर्ष व्यक्त किया। भारत की बेटियों की जीत पर वरिष्ठ समाजसेवी घनश्याम यादव, बालकृष्ण उइके, भानसिंह तेकाम, शैलेष लोधी, गयाप्रसाद धुर्वे, शेखलाल आर्मो, बृजलाल बरकड़े, बालसिंह मरावी, राजेन्द्र तेकाम सहित अन्य ने हर्ष व्यक्त कर मप्र आदिवासी समाज की प्रथम महिला क्रिकेटर क्रांति गोंड एवं सम्पूर्ण महिला खिलाड़ियों को बधाई प्रेषित की।



## सुनीता पंच बनीं "स्ट्रांग वुमन मध्यप्रदेश"

**जबलपुर।** मॉडल हेल्थ क्लब की वरिष्ठ महिला पावर लिफ्टर सुनीता पंच ने विगत दिवस छिंदवाड़ा में आयोजित हुई मध्यप्रदेश पॉवर लिफ्टिंग इक्विप्ड स्पर्धा 2025 में मास्टर वुमन कैटेगरी के 76 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाकर अपनी श्रेष्ठता कायम रखी। साथ ही ओवरऑल कैटेगरी में चैंपियन बनकर "स्ट्रांग वुमन मध्यप्रदेश" का खिताब जीतकर न केवल मॉडल हेल्थ क्लब, बल्कि पूरे जबलपुर का नाम रोशन किया। सुनीता की सफलता पर हेल्थ क्लब के संरक्षक श्रीराम शुक्ला, डॉ. बलराम पटेल, प्रशिक्षक सचिन यादव, क्लब के वरिष्ठ सदस्य संतोष गुप्ता, ब्रज यादव, ए.के. दुबे, अनिल नामदेव, जगदीश चौहटेल, पंकज यादव, राजेन्द्र प्रजापति, डैनी बुंदेला, मनीष यादव, पंकज चौधरी आदि ने मैडल-ट्राफी देकर उनका सम्मान किया एवं उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।



## शोभायात्रा, देव आह्वान से श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**जबलपुर।** रामपुर दुर्गानगर शिव महाराज के घर के पास सार्वजनिक राधा रानी महिला मंडल एवं महिला शक्ति द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का सात दिवसीय आयोजन किया गया है। 07 नवम्बर कथा शुभारंभ के प्रथम दिवस कथा व्यास अनुज कृष्णम (शिवांस) महाराज के मुखारबिंद से संगीतमय कथा में भागवत महातम्य, शुभ आगमन, परीक्षित जन्म की कथा सुनाई गई। इससे पूर्व श्रीमद् भागवत कथा की शोभायात्रा निकाली गई। 07 से 14 नवम्बर तक अपरान्ह 03 बजे से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में उपस्थिति का अनुरोध दिनेश तामसेतवार, ठाणेश्वर महावर, पं. शिव पाठक सहित राधा रानी महिला मंडल की सदस्यों ने किया है।



## राष्ट्र गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर स्काउट गाइड ने मनाया 75वां स्थापना दिवस

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट एवं गाइड्स जबलपुर मंडल के सदस्यों ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में राष्ट्र गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाई। साथ ही 07 नवम्बर 1950 को स्थापित भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 75 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस मनाया। 75वीं वर्षगांठ पर स्काउट सदस्यों ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में सुनील टेलर, सुबोध विश्वकर्मा, दीप्ति शर्मा, रामबदन मिश्रा, नितेश कुमार सोने, सचिपति नंदन सहित अन्य पदाधिकारियों एवं रेल कर्मचारियों को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में विमलेश तिवारी जिला संगठन आयुक्त स्काउट, आरती रैकवार, सरिता अमरावंशी, संजीव तिवारी एवं मंडल के सभी स्काउट गाइड उपस्थित रहे।



## यूथ कांग्रेस चुनाव में चिंटू सिंह ने जीत दर्ज की

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के हुए यूथ कांग्रेस चुनाव में जिला जबलपुर से महासचिव पद पर चिंटू सिंह ठाकुर ने जिले में 4911 वोटों से विजय प्राप्त की। इस उपलब्धि पर सभी साथियों ने चिंटू सिंह ठाकुर को पुष्पमाला पहनाकर बधाई प्रेषित की।

## "मराठी संस्कृति का निरंतर प्रवाह अर्थात लोकधारा रंगयात्रा" का शुभारंभ

**जबलपुर।** मराठी साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल द्वारा आयोजित द्वि-दिवसीय लोकधारा रंगयात्रा का शुभारंभ महापौर जगात बहादुर सिंह अन्नु, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, डॉ. भारती सुळे, डॉ. रवींद्र हरणे, जस्टिस धर्माधिकारी, कल्पना हर्णे द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। स्वाति गोडबोले द्वारा वंदे मातरम गायन के पश्चात प्रमुख अतिथियों का स्वागत किया गया। मराठी साहित्य अकादमी के निर्देशक संतोष गोडबोले यांनी स्वागत भाषण केले, राधिका क्रिएशन नागपुर की निर्मिती मराठी विनोदी नाटक "टू बाय टू" का मंचन किया गया। नाटक का



कथानक बँक में काम करने वाला विवाह उत्सुक लड़का एवं चोरी वारदात को अंजाम देने वाले अस्सल गुन्हेहगार की लड़की इनका मैरेज ब्यूरो में प्रकाशित फोटो के आधार पर परिणय विवाह निश्चित होता है, कलाकारों ने अपने अभिनय कौशल्य से दर्शकों को बांधे रखा। नाटक का लेखन उदयन ब्रह्म तथा निर्देशक संजय पेंडसे का रहा।मराठी समाज के वरिष्ठ नाट्य कलाकारों का शाल एवं श्रीफल देकर स्वागत महापौर एवं डॉ. भारती सुळे , डॉ. रवींद्र हरणे, डॉ. अतुल सुळे द्वारा किया गया। मंच संचालन संजय आपटे ने किया। इस अवसर पण डॉ. र.वि. फडणीस, सदानंद गोडबोले, राजेंद्र बर्वे, सुश्री मंजुषा देशमुख, जया पागे, एड. हेमंत पोहरकर, अभय गोरे, विजय भावे, श्रीराम मुठे, श्रीमती स्वाति गोडबोले, रवींद्र परांजपे, अनिल राजूरकर, विजय फणसळकर, डॉ. शिरिष नाईक, रंजना वर्तक, अभय सवडतकर उपस्थित थे। कार्यक्रम सफल बनाने में महाराष्ट्र समाज, वारी महामंडळ का सहयोग रहा। आज 08 नवंबर को कलारंजन मुंबई द्वारा "मराठी पाऊल पडते पुढे" की प्रस्तुति की जावेगी।

# जिला संघ जबलपुर ने मनाया स्थापना दिवस

जबलपुर।

जिला संघ जबलपुर द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर, राज्य मुख्यालय भारत स्काउट्स एवं गाइड्स मध्यप्रदेश के आदेशानुसार विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा, संरक्षक अजय तिवारी के मार्गदर्शन तथा जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी के नेतृत्व में जिला प्रशासन के अधिकारीगणों को स्थापना दिवस स्टिकर लगाकर स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दी गईं।

इस अवसर पर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर



नाथूराम गोंड, जिला पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी तथा परियोजना अधिकारी रामानुज तिवारी, थाना प्रभारी आधारताल प्रवीण कुमार कुमरे, डॉ. दीपक राठी एग्रो इकोनॉमिक्स डिपार्टमेंट हेड मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़,को भी स्थापना दिवस स्टिकर प्रदान कर स्थापना दिवस मनाया गया। साथ ही जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला, कंचनपुर में उपयोगी पुस्तकों का वितरण भी किया गया जिससे विद्यार्थियों को शैक्षणिक लाभ प्राप्त हो सके।कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला सचिव व्ही.के. झारिया, संयुक्त सचिव अमिता चौधरी, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ग्रोथ राहुल राजपूत, गाइड कैप्टेन किरण येवले तथा स्काउट एवं गाइड्स का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।



## संत सुदर्शन जयंती पर दिया एकजुटता का संदेश

**जबलपुर।** संत शिरोमणी महर्षि सुदर्शन की जयंती पर कछियाना द्वारकानगर में श्रद्धा, भक्ति के साथ गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। संभागीय डीडीएस सुदर्शन समाज द्वारा आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि विष्णु मलिक थे। इस मौके पर पूजन, अर्चन, आरती तथा भंडार का प्रसाद वितरित किया गया। श्याम नारायण बिरहा ने स्वयं रचित संत सुदर्शन के भजन प्रस्तुत किए, कार्यकर्ताओं ने उदबोधन में एकजुटता का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रसादीलाल बिरहा, सुरेन्द्र राठौर, मनोहर रान, संजीत बिरहा, भागचंद अधिकार, सतीश बिरहा, अनिल ठकुराशी, ओम समद, एड. विनोद डांगे, प्रमोद चोहटेल, राजेश मार्वेकर, राकेश ललपुरहा, मनोहर दहारे, अजय अर्खेल पप्पू, जीवन मलिक, जगदीश चोहटेल, हरिराम बिरहा, श्याम बिरहा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक सदस्य उपस्थित रहे।

## 300 दिन अर्जित अवकाश नगदीकरण का नहीं मिल रहा लाभ

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन वित विभाग की अधिसूचना कमांक एफ-6-1/2018/ नियम / चार दिनांक 28 जुलाई 2018 से म.प्र सिविल सेवा (अवकाश) नियम 25 को संशोधित करते हुए शासकीय सेवकों को अर्जित अवकाश के संचयन की अधिकतम सीमा 240 दिवस के स्थान पर 300 दिवस की गई है। उपरोक्त आदेश से शासकीय सेवकों अथवा सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर अर्जित अवकाश की अधिकतम सीमा 300 दिवस निर्धारित करता है, परंतु इस आदेश का पालन न करते हुए पूर्व में प्रदाय अनुसार अर्जित अवकाश की गणना दो वर्ष पर 15 दिवस एवं एक वर्ष पर 7 दिवस अनुसार की जा रही है, मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने बताया कि शासन का 300 दिवस का अर्जित अवकाश नगदीकरण मात्र एक छलावा है। संघ ने जिला कोषालय अधिकारी जबलपुर से भेंट कर कर्मचारियों के भुगतान में लगातार लग रही आपत्तियों के संबंध में चर्चा की एवं कर्मचारियों को भुगतान में हो रही देरी पर रोष व्यक्त किया गया।

# जबलपुर की एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने हुई बैठक में एयर लाइंस ने कोई ठोस प्रस्ताव नहीं दिया

### बैठक का विवरण किया गया प्रस्तुत

जबलपुर।

भारत के प्रमुख शहरों से जबलपुर की एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने के संबंध में 31 अक्टूबर को हुई बैठक में एयर लाइंस की ओर से कोई भी ठोस प्रस्ताव नहीं रखा गया, जबकि डायरेक्टर जनरल सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने बैठक में स्पष्ट किया कि यदि एयर लाइंस अधिकृत रूप से एयर फ्लाइट्स बढ़ाने का प्रस्ताव रखेगी, तो डीजीसीए उनको आवश्यक मंजूरी देकर इन नई फ्लाइट्स के लिए तथा शेड्यूल में बदलाव करने के लिए टाइम स्लॉट आवंटित करेगी। यह खुलासा इस बैठक के विवरण में किया गया है, यह विवरण आज सामने आया है।

### स्थायी मॉनीटरिंग कमेटी गठित की जाए

बैठक में उपस्थित डॉ. पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया कि जबलपुर के एयर कनेक्टिविटी के बावद डीजीसीए के नेतृत्व में स्थायी मॉनीटरिंग कमेटी बनाई जाए। उन्होंने प्रस्तावित किया कि फ्लायर्स का सर्वे नियमित रूप से किया जाना चाहिए, जिससे आर्थिक सुदृढ़ता की सही स्थिति सामने आ जाएगी। बैठक में उपस्थित याचिकाकर्ता, अधिवक्ताओं, एयर लाइंस के अधिकृत प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान में जबलपुर से कलकत्ता, गोहाटी, राँची, पटना, भुवनेश्वर, पुणे, अहमदाबाद, गोवा तथा चेन्नई के लिए कोई भी सीधी फ्लाइट नहीं है। फ्लाइट संख्या सीमित होने से क्षेत्र का विकास रुक गया है। उन्होंने बताया कि एयर पोर्ट पर 412 करोड़ का खर्च होने से उसे ब्राउनफील्ड स्टेटस दिया गया, लेकिन उसका लाभ अभी भी यात्रियों को नहीं मिला। इस कमी को दूर करना जरूरी है।बैठक में अतिरिक्त सॉलीसिटर जनरल सुनील जैन, एड. आदित्य सांघी, एड. हरप्रीत रूपराह, एड. अनूप नायर, एड. दिनेश उपाध्याय तथा इंडीगो, एलायंस एयर, एयर इंडिया आदि के अधिवक्ता, डीजीसीए के दिनेश कुमार, डुमना एयरपोर्ट के राजीव रतन पांडे आदि उपस्थित रहे।

# सिंधी समाज पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी पर हो देश द्रोह जैसी कठोर कार्यवाही

### छत्तीसगढ़ सीएम को भेजा पत्र

जबलपुर।

रायपुर निवासी अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज व उनके ईष्ट देव के प्रति की गयी अभद्र टिप्पणी से प्रदेश के समूचे सिंधी समाज में रोष व्याप्त है। देश व समाज हित में सक्रिय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र प्रेषित किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसौदिया, जबलपुर अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार वाधवानी एवं सचिव एड. आशीष त्रिपाठी, एड. भावना निगम (महिला विंग अध्यक्ष), डॉ. अभिषेक जैन के द्वारा प्रेषित पत्र में कहा गया है कि रायपुर के अमित बघेल ने जो हरकत की है, वह न केवल मानवीय और शर्मनाक है, बल्कि इससे सामाजिक सदभाव एवं शांति को भी खतरा है, लिहाजा आरोपी पर कठोर से कठोर कार्यवाही की जाना चाहिए ताकि दोबारा इस तरह के कृत्य की पुनरावृत्ति नहीं हो।

**नाम सुधार सूचना**

मैं BIPIN JATAV उम्र लगभग 48 वर्ष पिता LATE K.L. JATAV निवासी- क्वा. नं. 8/1, न्यू क्वॉटर, 09 ब्लॉक 6वी बटालियन, एस.ए.एफ. थाना रांझी, जिला जबलपुर, में निवास कर रहा हूँ। यह कि मेरी पुत्री LAKSHITA RATHORIYA ने सेंट जोसफ कॉन्वेंट हा. से. स्कूल, रांझी, जबलपुर में कक्षा 10वी की परीक्षा वर्ष 2024-2025 में उत्तीर्ण की है जिसमें मेरी पुत्री को कक्षा 10वी की अंकसूची प्राप्त हुयी है। मेरी पुत्री के कक्षा 10वी की अंकसूची में मेरी पत्नि का नाम TRISHNA JATAV दर्ज है। जबकि मेरी पत्नि के आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरी पत्नि का नाम TRISHNA SONI दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। TRISHNA JATAV एवं TRISHNA SONI ये दोनो ही नाम मेरी पत्नि के ही है. किसी अन्य महिला के नहीं है। यह कि मेरी पुत्री LAKSHITA RATHORIYA के शाला के अभिलेख एवं कक्षा 10वी की अंकसूची में मेरी पत्नि का नाम TRISHNA SONI दर्ज किया जावे।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/155
दिनांक:- 07/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती चंद्रावती चौधरी पति श्री रूपलाल चौधरी ने मकान नं. 856/बी-108 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती प्रथम तल 1242 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/160
दिनांक:- 07/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री कन्हैया पेशवानी (2) श्री संतोष कुमार पेशवानी दोनों के पिता श्री नानक राम पेशवानी ने मकान नं. 1104 पु. 631 का भाग वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी खुली भूमि-1614 व.फु. विक्रयपत्रों के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/161
दिनांक:- 07/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुभाष नेमा पिता श्री गोवर्धन नेमा ने मकान नं. 105 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 75 व.फु. रिलीजडीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मै राम सिंह ठाकुर आत्मज स्व. किशन लाल ठाकुर निवासी- मकान नं. 749, द्वारका नगर वार्ड, मयूर कला मंदिर के पास, बरउ मोहल्ला पूर्वी घमापुर जबलपुर यह कि मेरे दो संताने है जिसमें बडा पुत्र नितिन सिंह है जो हमारे साथ निवासरत है तथा छोटा पुत्र निकेत सिंह उम्र करीब 37 वर्ष है जिसकी गलत सगंत शराब, जुआ, उधार आदी गलत गतिविधियों से हम सपरिवार परेशान है जो कि अवैधानिक तरीके से लोगों से पैसा लेकर भाग गया है कई वर्षो से लापता रहा है जिसकी शिकायत भी सम्बंधित थाने में कि गई है, हम अपने पुत्र कि हरकतों से अत्याधिक परेशान हो गये है आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा मेरे पुत्र निकेत सिंह ठाकुर से आज दिनांक से किसी भी तरह से कोई लेना देना नही है हम उसे अपने पुत्र अधिकारों से बेदखल करते है, यदि मेरे पुत्र निकेत सिंह ठाकुर से जिसका जो भी लेन-देने है या करेगा उसका जिम्मेदार व जवाबदार वह स्वंयम होगा हमारा या हमारे परिवार से कोई भी वास्ता या सम्बंध या उत्तरदायत्व निकेत सिंह ठाकुर के प्रति नही है हम अपनी समस्त सम्पत्ति से बेदखल करते है कोई भी व्यक्ति निकेत सिंह ठाकुर से किसी भी तरह का सम्व्यवहार करेगा जिसके परिणाम का उत्तरदायी वह स्वंयम जिम्मेदार रहेंगे।
जबलपुर
दिनांक- 08.11.2025

सीमान्त चौहान (एडवोकेट)
उच्च न्यायालय, जबलपुर
मो.नं. 9424658865
ऑफिस - घमापुर थाना गोपाल होटल रोड जबलपुर, म.प्र.

# एसआरएम विश्वविद्यालय ने डॉ. अच्युत सामंत को मानद डॉक्टरेट डिग्री से किया सम्मानित



**भुवनेश्वर।** शिक्षा, सामाजिक परिवर्तन और मानवीय सेवा के क्षेत्र में अपने निरंतर और निःस्वार्थ योगदान के लिए वैश्विक स्तर पर एक और सम्मान प्राप्त करते हुए, कीट- कीस और कीम्स के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत को एसआरएम विश्वविद्यालय, सोनीपत द्वारा मानद डॉक्टरेट की डिग्री से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया।भारत के उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर यह मानद उपाधि डॉ. सामंत को प्रदान की। इस अवसर पर डॉ. टी. आर. पारिवेन्धर, संस्थापक कुलाधिपति, एसआरएमआईएसटी – चेन्नई; प्रो. परमजीत एस. जसवाल, कुलपति, एसआरएम विश्वविद्यालय सोनीपत (हरियाणा); तथा प्रो. वी. सैमुअल राज, रजिस्ट्रार आदि दीक्षांत समारोह में उपस्थित थे।यह विशिष्ट सम्मान डॉ.सामंत को विश्वभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा प्राप्त 69वां मानद डॉक्टरेट है, जो शिक्षा के माध्यम से वंचित बच्चों को सशक्त बनाने में उनके असाधारण योगदान की पुनः पुष्टि करता है।

एसआरएम विश्वविद्यालय ने अपने प्रशस्ति पत्र में डॉ. सामंत को "सीमा रहित सेवा, भेदभाव रहित शिक्षा और समझौता रहित मानवता" के प्रतीक के रूप में सराहा है। विश्वविद्यालय ने कहा कि उन्होंने ओडिशा के गरीबतम लोगों के उत्थान के लिए शिक्षा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।वहीं डॉ. सामंत ने एसआरएम विश्वविद्यालय, उसकी अकादमिक परिषद् और प्रबंधन बोर्ड के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपाधि उनके लिए अत्यंत गर्व और प्रेरणा का विषय है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.62 अरब डॉलर घटा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 31 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 5.62 अरब डॉलर घटकर 689.73 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विदेशी मुद्रा भंडार 24 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 6.92 अरब डॉलर घटकर 695.35 अरब डॉलर रहा था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 31 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.96 अरब डॉलर घटकर 564.59 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड व येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने बताया कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 3.81 अरब डॉलर घटकर 101.73 अरब डॉलर रह गया।

## प्लुरो फर्टिलिटी ने जुटाई 125 करोड़ रु की सीरीज़ A फंडिंग



**जबलपुर।** हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म प्लुरो फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने बेसेमर वेंचर पार्टनर्स के नेतृत्व में 125 करोड़ रुपये की सीरीज़ A फंडिंग हासिल की है। इस निवेश से कंपनी का मूल्यांकन 1,000 करोड़ रुपये पहुंच गया है। फंडिंग राउंड में विक्रम चटवाल (मेडिअसिस्ट), धर्मिल शेठ और हार्दिक देढिया (फार्मईज़ी), सलिल मुसाले (एस्टार्क वेंचर्स) सहित कई प्रमुख एंजल निवेशकों ने भाग लिया। 2025 में डॉ. जयदीप टांक, डॉ. परीक्षित टांक और डॉ. भास्कर शाह द्वारा स्थापित प्लुरो देशभर के अनुभवी फर्टिलिटी विशेषज्ञों के साथ साझेदारी में आधुनिक, टेक्नोलॉजी-आधारित फर्टिलिटी केयर प्रदान कर रहा है। कंपनी मार्च 2026 तक 25 फर्टिलिटी सेंटर शुरू करने और अगले तीन वर्षों में 100+ क्लीनिकों का नेटवर्क बनाने की योजना पर काम कर रही है। डॉ. जयदीप टांक ने कहा, "प्लुरो डॉक्टरों को तकनीक, रिसर्च और इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए सक्षम बनाकर भारत में फर्टिलिटी केयर के नए युग की शुरुआत कर रहा है।"निवेश से कंपनी अपने नेटवर्क विस्तार, टेक्नोलॉजी अपग्रेड और क्लिनिकल क्षमताओं को और सशक्त बनाएगी।

# 'बट ब्रीदिंग' अब मजाक नहीं, जापानी वैज्ञानिकों ने विकसित की जीवनरक्षक नई तकनीक

टोक्यो। बट ब्रीदिंग, जिसे एंटेरल वेंटिलेशन भी कहा जाता है, एक ऐसी तकनीक है जो फेफड़ों की गंभीर समस्याओं से जूझ रहे मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकती है। इस तकनीक में ऑक्सीजन को मलाशय के माध्यम से शरीर में पहुंचाया जाता है। यह सुनने में भले ही अजीब या मजाकिया लगे, लेकिन बट ब्रीदिंग यानी मलाशय के जरिए सांस लेना संभव है। जापान और अमेरिका के वैज्ञानिकों ने हाल ही में एक ऐसा तरीका विकसित किया है जो फेफड़ों की गंभीर समस्याओं से जूझ रहे मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकता है। वैज्ञानिक भाषा में इसे एंटेरल वेंटिलेशन कहा जाता है। यह तकनीक ऑक्सीजन को मलाशय के माध्यम से शरीर में पहुंचाने पर आधारित है और आश्चर्य की बात यह है कि यह प्रक्रिया वास्तव में काम करती है! इस शोध को इसके हास्यपूर्ण, लेकिन वैज्ञानिक महत्व के कारण 2024 का आईजी नोबेल पुरस्कार भी मिला है। यह पुरस्कार उन खोजों को दिया जाता है जो पहले लोगों को हंसाती हैं और फिर उन्हें सोचने पर मजबूर करती हैं।

### ये तकनीक फेफड़ों की बीमारियों में करेगी मदद

वैज्ञानिकों का मानना है कि ईवीए तकनीक भविष्य में गंभीर फेफड़ों की विफलता, सीओपीडी या कोविड जैसे मामलों में उपयोगी साबित हो सकती है। विशेष रूप से तब जब वेंटिलेटर या ईसीएमओ (एक्स्ट्राकॉर्पोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजनेशन) उपलब्ध न हों। गुरुग्राम के सीके बिड़ला अस्पताल के क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप कुमार ग्रोवर ने कहा कि अगर यह तकनीक सफल होती है तो यह उन मरीजों के लिए नई उम्मीद हो सकती है जिनके फेफड़े काम नहीं कर रहे हैं और जिन्हें पारंपरिक मशीनों से ऑक्सीजन नहीं मिल पा रही। हालांकि, बट ब्रीदिंग शब्द सुनते ही हंसी आ सकती है, लेकिन इस खोज से कई लोगों की जा बचाई जा सकती है।



### लोच मछलियां करती है इस तकनीक का प्रयोग

वैज्ञानिकों को इस विचार की प्रेरणा लोच नामक मछली से मिली, जो कम ऑक्सीजन वाले पानी में जीवित रहने के लिए अपने पाचन तंत्र के माध्यम से ऑक्सीजन अवशोषित करती है। वैज्ञानिकों ने इसी प्रक्रिया को मनुष्यों पर आजमाने का फैसला किया। कुछ और जीव जैसे कछुए, समुद्री कछुए और सूअर की कुछ प्रजातियां भी जब उनके फेफड़े ठीक से काम नहीं करते, तो इसी तरह पीछे से सांस लेते हैं।

### बट ब्रीदिंग के लिए किया गया पहला मानव परीक्षण

ओसाका विश्वविद्यालय के नेतृत्व में वैज्ञानिकों ने हाल ही में इस तकनीक का पहला मानव परीक्षण किया। अध्ययन में 27 स्वस्थ पुरुष शामिल थे, जिन्हें एक विशेष ऑक्सीजनयुक्त तरल पदार्थ में 60 मिनट के लिए रखा गया। परिणाम काफी चौंकाने वाले थे। जानकारी के अनुसार, 20 प्रतिभागियों ने बिना किसी परेशानी के इसे सहन किया, जबकि केवल 7 प्रतिभागियों ने हल्की सूजन और बेचैनी की शिकायत की। किसी में गंभीर दुष्प्रभाव नहीं पाया गया। मुख्य शोधकर्ता डॉ. ताकानोरी ताकेबे के अनुसार, यह पहला मानव डेटा है और फिलहाल हमने केवल सुरक्षा को परखा है। अगला कदम यह जानना है कि यह तकनीक वास्तव में कितनी प्रभावी ढंग से रक्त में ऑक्सीजन पहुंचा सकती है।

# हमारी सोच से ज्यादा अजीब है ब्रह्मांड की असलियत



**लंदन।** अंतरराष्ट्रीय भौतिकविदों की एक टीम ने एक नया अध्ययन किया है, जिसमें उन्होंने गणितीय सीमाएं बताई हैं। उनका दावा है कि ये सीमाएं इस संभावना को खारिज करती हैं कि हमारा ब्रह्मांड एक कंप्यूटर सिमुलेशन है। शोधकर्ताओं ने तर्क दिया है कि भौतिक वास्तविकता की पूरी जटिलता को कंप्यूटर पर दिखाना न केवल तकनीकी रूप से असंभव है, बल्कि गणितीय रूप से भी असंभव है। यह शोध जर्नल ऑफ होलोग्राफी एप्लीकेशन्स इन फिजिक्स में छपा है। इसने उस बढ़ती हुई सोच को चुनौती दी है कि हमारा ब्रह्मांड किसी बहुत बड़े कंप्यूटर का नतीजा हो सकता है।

■ क्या है सिमुलेशन थ्योरी की चुनौती?

### क्या है सिमुलेशन विचार?

यह विचार कि इंसान एक कंप्यूटर से बनाई गई दुनिया में रह रहे हैं इसे दार्शनिक निक बोस्ट्रोम ने 2003 में मशहूर किया था। यह विचार कहता है कि बहुत विकसित सभ्यताएं भविष्य में सोचने समझने वाले जीवों की नकल कर सकती हैं। हाल के सालों में एलन मस्क समेत कई मशहूर लोगों ने सार्वजनिक रूप से इस बात की संभावना जताई है।

### वैज्ञानिकों का नया तर्क

वैज्ञानिक अंदाजा लगाने के बजाय कि कंप्यूटर कितने आगे बढ़ेंगे, इस बात की जांच करते हैं कि क्या सिमुलेशन गणितीय रूप से भौतिकी के नियमों के हिसाब से सही बैठता है या नहीं। इस जांच से वे इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि कोई भी कंप्यूटर नियम पूरे ब्रह्मांड की पूरी तरह से नकल नहीं कर सकता। ऐसा इसलिए, क्योंकि सभी प्राकृतिक घटनाओं को गिनने लायक नियमों में बदला नहीं जा सकता।

### कंप्यूटर नहीं बना सकता ऐसी दुनिया

इस सोच के हिसाब से ब्रह्मांड को किसी कंप्यूटर सिमुलेशन के तौर पर नहीं, बल्कि कुछ मूलभूत नियमों पर बनी प्रणाली के तौर पर देखा जाता है। इन नियमों की सीमाएं कंप्यूटर की गणनाओं से कहीं ज्यादा है। वैज्ञानिकों ने मेटा थ्योरी ऑफ एवरीथिंग नाम का एक ढांचा बनाया है। उनका लक्ष्य इस विचार को साबित करना है कि भौतिकी के नियमों में कुछ ऐसे तत्व होते हैं जिन्हें मशीनें दोबारा नहीं बना सकतीं।

# वायरल गर्ल बनीं 'पुष्कर की मोनालिसा', नशीली आंखों और सादगी पर लट्टू हो रहे लोग

**जयपुर।** राजस्थान के अजमेर जिले के पुष्कर मेले में इस बार ऊंटों और रंगीन झूलों से ज्यादा चर्चा एक लड़की की है।..सुमन देवी की। कालबेलिया समाज की यह 18 वर्षीय सुमन देवी अपनी नशीली आंखों, पारंपरिक राजस्थानी पोशाक और शर्मीली मुस्कान से सबका दिल जीत रही है। सोशल



मीडिया यूजर्स ने प्यार से उन्हें नाम दिया है, 'पुष्कर की मोनालिसा'। सोशल मीडिया पर वे छाई हुई है।

### कालबेलिया समाज की चमकती पहचान

सुमन कालबेलिया समुदाय से हैं, जो अपने मशहूर लोकनृत्य के लिए जाना जाता है। रेतीले धोरों में पली-बढ़ी सुमन की मां की आंखें भी उतनी ही गहरी और नशीली हैं। सुमन का मानना है कि उनकी आंखें उनकी मां की देन है, जिसकी वजह से वह चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

# हेयर स्टाइलिश ने चाय वाले को दिया ऐसा मेकओवर कि देखने वाले रह गए दंग

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर आजकल एक वीडियो खूब चर्चा में है, जिसमें एक हेयर स्टाइलिश एक चाय वाले को ऐसा मेकओवर देता है कि देखने वाले दंग रह जाते हैं। वीडियो में स्टाइलिश मुस्कुराते हुए कहता है, 'लड़की वाले आ रहे हैं देखने...बेफिक्र रहिए, हां ही बोलेंगे।' बस, यही डायलॉग और जबरदस्त




ट्रांसफॉर्मेशन ने वीडियो को वायरल बना दिया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक आम से दिखने वाले चाय वाले को हेयर स्टाइलिश बड़ी नजाकत और क्रिएटिविटी के साथ बिल्कुल नया लुक देता है। पहले साधारण बाल, फिर कैची और ब्लो ड्रायर का कमाल और आखिर में जो चेहरा सामने आता है। मेकओवर को देख हर कोई हैरान रह जाता है। लोग कमेंट सेक्शन में लिख रहे हैं, 'भाईसाहब, अब तो लड़की वाले हां बोले बिना रह ही नहीं सकते।'

## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती

**मिथुन:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय

**धनु:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर:** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

# लक्जरी कार की कीमत में आता है दुनिया का ये सबसे महंगा फल

**टोक्यो।** फलों की दुनिया में हर किसी का अपना फेवरेट होता है। कोई आम का दीवाना होता है, तो किसी को खरबूजे की मिठास पसंद आती है, लेकिन क्या आपने कभी ऐसा खरबूजा देखा है, जिसकी कीमत में एक लग्जरी कार आ जाए? जी हां, ये कोई मजाक नहीं, बल्कि हकीकत है। जापान का 'युबारी किंग मस्कमेलोन' दुनिया का सबसे महंगा खरबूजा माना जाता है।

### जब एक जोड़ी खरबूजे बिकी 29 लाख रुपए में!

जापान के युबारी शहर में उगने वाला यह खास खरबूजा अपनी कीमत और गुणवत्ता दोनों से लोगों को चौंका देता है। 2019 में, एक जोड़ी युबारी किंग खरबूजे की नीलामी में 5 मिलियन येन (करीब 29 लाख रुपए) की बोली लगी थी। वहीं 2021 में, इनकी एक और जोड़ी 24,800 डॉलर यानी करीब 21 लाख रुपए में बिकी, यानी एक खरबूजे की कीमत उतनी जितने में आप सीयूवी खरीद लें।



### युबारी की मिट्टी और मौसम का कमाल

ये खरबूजे होक्काइडो द्वीप के युबारी शहर में उगाए जाते हैं, जहां का ज्वालामुखीय मिट्टी और ठंडा मौसम इन फलों को परफेक्ट स्वाद देता है। यहां की मिट्टी में प्राकृतिक खनिज होते हैं, जो फल को मिठास और खुशबू दोनों देते हैं। हर खरबूजे को बहुत ध्यान से उगाया जाता है।..जैसे कोई कीमती रत्न।


### हर फल को पहनाई जाती है 'पेपर हैट'

इन खरबूजों को 100 दिन तक बड़ी देखभाल में उगाया जाता है। धूप से बचाने के लिए इन्हें कागज की टोपी पहनाई जाती है। तोड़ने से पहले हर फल का निरीक्षण होता है। उसकी सुगंध, जालीदार छिलका और आवाज से तय किया जाता है कि वह परफेक्ट है या नहीं।

### युबारी किंग इतना स्पेशल क्यों?

ये खरबूजे असल में दो प्रजातियों का हाइब्रिड मिक्स या संकर मिश्रण हैं। अर्ल का पसंदीदा और बर्पी का 'मसालेदार' कैंटालूप। इसका स्वाद बेहद मीठा, मुलायम और रसीला होता है, जो दुनिया के किसी भी और खरबूजे में नहीं मिलता। शायद यही वजह है कि जापान में ये खरबूजे लक्जरी गिफ्ट के तौर पर दिए जाते हैं, जैसे कोई कीमती ज्वेलरी।

## शब्द पहेली - 6041



**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

### शब्द पहेली- 6040 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | सो | नि | या | गां | धी | ■ | म | हा | न | ता |
| खा | ना | ■ | प | ■ | र | क्ष | क | ■ | म | ल |
| ना | ■ | म | न | सि | ज | ■ | र | ग | ■ | मे |
| ब | ला | त | ■ | ■ | वा | दा | ■ | म | ह | ल |
| दो | ■ | दा | ■ | क | ला | ■ | आ | ■ | व | ■ |
| श | य | न | क | क्ष | ■ | दि | शा | ही | न | ता |
| ■ | म | ■ | प | ■ | ह | ल | ■ | न | ■ | क |
| का | ज | ल | ■ | शा | म | ■ | ■ | त | ह | त |
| म | ■ | त | य | ■ | व | फा | दा | र | ■ | व |
| चो | र | ■ | की | म | त | ■ | म | ■ | का | र |
| र | म | जा | न | ■ | न | य | न | ज | ल | ■ |

## सूडोकू नवताल - 6051

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

MANDAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 6050 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री गोयल बोले

# न्यूजीलैंड के साथ एफटीए अंतिम दौर में, निवेश के अवसरों पर बातचीत का चौथा राउंड

एजेंसी ▶▶ रोटोरुआ

अमेरिका से साथ चल रहे टैरिफ तनाव के बीच भारत ने न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर आगे बढ़ रहा है। भारत और न्यूजीलैंड ने प्रस्तावित एफटीए के लिए चौथे दौर की वार्ता शुक्रवार को पूरी कर ली। दोनों पक्षों ने इसको शीघ्र अंतिम रूप देने की दिशा में काम करने को लेकर सहमति व्यक्त की है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल अपने न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के साथ इन वार्ताओं की प्रगति की समीक्षा करने के लिए यहां पहुंचे हैं। गोयल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भारत-न्यूजीलैंड एफटीए वार्ता का चौथा दौर वस्तु बाजार पहुंच, सेवाओं, आर्थिक व तकनीकी सहयोग और निवेश के अवसरों पर केंद्रित रहा। उन्होंने कहा कि हम भारत और न्यूजीलैंड के बीच बढ़ते रणनीतिक व आर्थिक संगम के अनुरूप एक संतुलित, व्यापक तथा पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को शीघ्र पूरा करने की दिशा में काम करने के लिए तत्पर हैं।

## बढ़ रहा व्यापार का दायरा

*भारतीयों के साथ वंदेमातरम के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया*

*संतुलित, व्यापक तथा पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को शीघ्र पूरा करेंगे*

*चौथी बैठक वस्तु बाजार पहुंच सेवाओं, आर्थिक अवसरों पर केंद्रित*


न्यूजीलैंड के कृषि, व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के साथ पीयूष गोयल

*अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान मंत्री गोयल ने व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा करने के लिए उद्योग दिग्गजों के साथ बैठकें भी कीं। उन्होंने कहा कि एफटीए पर बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है और उम्मीद जताई कि एफटीए को जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा। एफटीए वार्ता औपचारिक रूप से 16 मार्च 2025 को शुरू की गई थी।*

**द्विपक्षीय व्यापार 11523 करोड़ रुपए रहा**

*वित्त वर्ष 2024-25 में न्यूजीलैंड के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापारिक व्यापार 1.3 अरब डॉलर (करीब 11523 करोड़ रुपए) रहा जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब 49 प्रतिशत अधिक है। न्यूजीलैंड का औसत आयात शुल्क मात्र 2.3 प्रतिशत है। बता दें, एफटीए में, दो देश अपने बीच व्यापार की जाने वाली अधिकतम वस्तुओं पर सीमा शुल्क को या तो काफी कम कर देते हैं या समाप्त कर देते हैं। ये वस्तुओं व सेवाओं के व्यापार को बढ़ावा देने के लिए मानदंडों को भी आसान बनाते हैं।*


पीयूष गोयल ने बे ऑफ प्लेंटी में ते पुके कीवी फल का बगीचा देखा

### दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंध

*मंत्री गोयल ने कहा कि दोनों देशों के व्यापार प्रमुखों के साथ बैठकें करना और इवेंट्स में भाग लेना मजबूत दोनों देशों के मध्य गहरे नागरिक और सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाता है। मैंने नरोटोरुआ में भारतीय कम्युनिटी को संबोधित किया, मेरे साथ मेरे समकक्ष टॉड मैकक्ले भी मौजूद थे। इन भारतीय लोगों के अपनेपन, गर्व और देश के साथ उनके गहरे जुड़ाव ने दिल को छू लिया। उन्होंने भारतीय समुदाय से उनकी विशेषज्ञता और अनुभव के जरिए देश की विकसित भारत यात्रा में योगदान देने का आग्रह किया।*

कीवी के बाग का किया दौरा

## भारतीय किसान से गुणवत्ता पर की चर्चा

पीयूष गोयल ने कीवी फल के बगीचे का दौरा किया, जहां भारतीय कीवी किसानों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि न्यूजीलैंड के कृषि, व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैकक्ले के साथ के साथ बे ऑफ प्लेंटी में ते पुके कीवी फल के बगीचे का बहुत अच्छा दौरा रहा। मैं कीवी के भारतीय किसानों और बागवानों का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने गर्मजोशी से मेरा स्वागत किया। साथ ही, यह मेरे लिए एक जानकारी भरा भ्रमण रहा। हमने बगीचे की वैरायटी, गुणवत्ता, खेती के तरीकों और टिकाऊ कोशिशों पर एक सफल बातचीत की। साथ ही उत्पादकता और गुणवत्ता बढ़ाने की कोशिशों के बारे में भी बेहद कीमती जानकारी मिली।

## खबर संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और डीजीसीए से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे में मारे गए पायलट कैप्टन सुमित सभरवाल के पिता पुष्कराज सभरवाल की स्वतंत्र जांच की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और डीजीसीए से जवाब तलब किया है। इस मामले में कोर्ट ने मृत पायलट के 91 वर्षीस पिता से साफ कहा कि प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में भी पायलट के खिलाफ कोई आरोप नहीं है और उन्हें खुद पर इसका बोझ नहीं लेना चाहिए।

### ओपनएआई के खिलाफ 7 मुकदमे दर्ज




**वॉशिंगटन।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता कंपनी ओपनएआई को सात मुकदमों का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि चैटजीपीटी ने लोगों को आत्महत्या के लिए उकसाया और भ्रम की स्थिति पैदा की। कैलिफोर्निया की अदालतों में दायर मुकदमों में गलत कारण से मौत, आत्महत्या के लिए उकसाना, अनजाने में हत्या और लापरवाही का आरोप लगाया गया है। ओपनएआई के खिलाफ मुकदमा छह व्यस्कों और एक किशोर ने दायर कराया है।

## ट्रंप के पाकिस्तान के गुप्त परमाणु परीक्षणों वाले बयान पर भारत की तीखी प्रतिक्रिया

*विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल बोले*

# तस्करी और धोखाधड़ी से भरा है पाक का इतिहास, यही उसकी पहचान भी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने अपनी साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पाकिस्तान और उसके गुप्त परमाणु कार्यक्रम को खूब लताड़ा। ट्रंप के पाकिस्तान के गुप्त परमाणु परीक्षणों वाले बयान पर भारत ने तीखी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान की गुप्त और गैरकानूनी परमाणु गतिविधियां उसके लंबे इतिहास का हिस्सा हैं, जो तस्करी, निर्यात नियंत्रण उल्लंघन, गुप्त साझेदारियों और एक्यू खान नेटवर्क पर टिका है।

उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान की इन खतरनाक गतिविधियों के प्रति आगाह किया है। जायसवाल ने डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान पर भी प्रतिक्रिया दी, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान जैसे देश अब भी गुप्त परमाणु परीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने इस बयान को गंभीरता से लिया है और यह पाकिस्तान के संदिग्ध परमाणु रिकॉर्ड के अनुरूप है। सूडान में भारतीय नागरिक की गिरफ्तारी पर भी उन्होंने कहा कि भारत सरकार सूडानी प्रशासन और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के संपर्क में है ताकि जल्द रिहाई सुनिश्चित की जा सके। जायसवाल ने कहा कि भारत ने गाजा शांति योजना का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि यह पहल स्थाई शांति की दिशा में आगे बढ़ेगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान को भारत ने गंभीरता से लिया | गाजा शांति योजना का स्वागत इससे स्थाई शांति आएगी

### रूस की सेना में भर्ती होने से बचें


विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल

जायसवाल ने कहा कि रूस में इस समय लगभग 44 भारतीय नागरिक फंसे हुए हैं, जो किसी न किसी रूप में रूसी सेना से जुड़े हैं। भारत सरकार उनके सुरक्षित वापसी के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि हमने यह मामला रूस सरकार के साथ नई दिल्ली और मॉस्को, दोनों स्तरों पर उठाया है। हमारी मांग है कि सभी भारतीयों को जल्द से जल्द रिहा किया जाए और इस तरह की भर्ती प्रक्रिया को तुरंत रोका जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीयों को ऐसे किसी भी ऑफर के झांसे में नहीं आना चाहिए, क्योंकि रूस में चल रहे युद्ध के हालात बेहद खतरनाक हैं और इसमें शामिल होना जानलेवा साबित हो सकता है। जहां तक ट्रंप की भारत यात्रा की बात है, प्रवक्ता ने कहा कि फिलहाल मेरे पास इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### अफगानिस्तान में स्टाफ बढ़ाएंगे

*प्रवक्ता ने बताया कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री हाल ही में भारत आए थे और दोनों देशों के बीच संपर्क लगातार बना हुआ है। भारत ने अफगानिस्तान में अपने मिशन को अब दूतावास का दर्जा दे दिया है और वहां स्टाफ की संख्या बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने सेवानिवृत्त मेजर विक्रांत जेटली के यूएई में हिरासत मामले पर कहा कि भारत सरकार वहां की सरकार से लगातार संपर्क में है और चार बार काउंसुलर एक्सेस मांगी गई है और लगातार सहायता प्रदान की जा रही है।*

### म्यांमार से 270 भारतीय सुरक्षित वापस लाए

रणधीर जायसवाल ने बताया कि दक्षिण-पूर्व एशिया में साइबर स्कैम जॉब ऑफर्स को लेकर भारतीय नागरिकों के लिए नई एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि ऐसे ऑफर भारी जोखिम से भरे हैं और इनमें फंसने पर कई भारतीयों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने बताया कि म्यांमार में अवैध साइबर सेंटर्स पर कार्रवाई के बाद 270 भारतीयों को थाईलैंड से सुरक्षित वापस लाया गया है और कुछ और नागरिकों की वापसी प्रक्रिया में हैं।

### क्वाड में साझेदारी निरंतर आगे बढ़ रही है


जायसवाल ने कहा कि क्वाड एक महत्वपूर्ण मंच है जहां इंडो-पैसिफिक से जुड़े सामरिक, आर्थिक और सुरक्षा मसलों पर साझेदारी होती है। उन्होंने बताया कि हाल ही में मुंबई में आयोजित इंडिया मैरीटाईम वीक में क्वाड देशों सहित 24 देशों ने हिस्सा लिया, जो इस सहयोग की मजबूती का संकेत है।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' पर मंत्रालय के बयान सही

जायसवाल ने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' से जुड़ी सभी गतिविधियों की जानकारी मंत्रालय पहले ही साझा कर चुका है। उन्होंने कहा कि मीडिया में आई टिप्पणियों पर ध्यान देने के बजाय मंत्रालय के आधिकारिक बयानों को ही आधार माना जाए। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री की आगामी यात्राओं और द्विपक्षीय वार्ताओं की जानकारी उचित समय पर साझा की जाएगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का दावा

## अगले साल से भारत में ही बनने लगेंगे स्वदेशी फाइटर जेट इंजन


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि अगले साल की शुरुआत से ही भारत में स्वदेशी फाइटर जेट इंजन का उत्पादन शुरू हो जाने की संभावना है। जेट इंजन के उत्पादन के लिए अमेरिकी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) और फ्रांस की सफ्रान समेत कई वैश्विक कंपनियों के साथ चर्चा चल रही है। उन्होंने कहा कि मिग-21 की विदाई के बाद हल्के लड़ाकू विमान तेजस के लिए इंजनों की आपूर्ति की दिशा में केंद्र सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इस संबंध में अंतिम फैसला सिर्फ सीसीएस (रक्षा मामलों की कैबिनेट समिति) ही लेगी। कॉन्सेप्ट और डारेक्शन को लेकर हमारी स्पष्टता है।

रक्षा मंत्री ने भरोसा जताया कि एक साल के भीतर भारत में फाइटर जेट इंजनों का उत्पादन शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत वह 'मेड इन इंडिया बाय इंडियंस' होंगे।

### टेक्नोलॉजी ट्रांसफर हासिल करने पर जोर

फ्रांस की सफ्रान कंपनी के साथ पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट के लिए पहले इंजन की बातचीत को लेकर रक्षा मंत्री ने कहा कि हम कोशिश कर रहे हैं कि जितनी जल्दी हो सके भारत में उत्पादन शुरू हो सके। इसपर सीसीएस जल्द ही फैसला लेगी। उन्होंने साफ किया कि भारत फाइटर जेट इंजन बनाने के लिए भले ही अन्य देशों के साथ तालमेल करे, लेकिन इनका निर्माण देश में ही होगा। हम समझौते के तहत ही टेक्नोलॉजी ट्रांसफर हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

### स्वदेशी स्टील्थ जेट पर काम उत्साहजनक

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत के पहले दो इंजनों वाले स्टील्थ फाइटर जेट एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) प्रोजेक्ट पर चल रहा काम उत्साहजनक है। ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद ही इन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए इंडस्ट्री पार्टनरशिप मॉडल को मंजूरी दी थी। इस प्रोजेक्ट के तहत उत्पादन शुरू होने में 10 साल लगने की संभावना पर उन्होंने कहा कि यह भी संभावना है कि यह इस समय-सीमा से पहले ही हो जाए।

अमेरिकी राष्ट्रपति का ऐलान

## अब्राहम समझौते में शामिल होने जा रहा है कजाकिस्तान

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जानकारी दी है कि इजराइल के साथ मुस्लिम देश कजाकिस्तान भी अब्राह्म समझौते में शामिल होने जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर इसका ऐलान करते हुए लिखा कि मैंने इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कसीम-जोमार्ट तोकायेव के बीच एक शानदार बातचीत की। कजाकिस्तान मेरे दूसरे कार्यकाल का पहला देश है जो अब्राहम समझौते में शामिल हुआ है। यह दुनियाभर में सेतु बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आज, मेरे अब्राहम समझौते के माध्यम से और भी कई देश शांति और समृद्धि को अपनाने के लिए कतार में खड़े हैं। हम जल्द ही इसे आधिकारिक बनाने के लिए एक हस्ताक्षर समारोह की घोषणा करेंगे।

### वह कई अन्य देशों से कर रहे बातचीत


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

ट्रंप ने बताया कि वह कई अन्य देशों से इस शक्ति समूह में शामिल होने के लिए बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थिरता और विकास के लिए देशों को एकजुट करने में अभी बहुत कुछ बाकी है, वास्तविक प्रगति, वास्तविक परिणाम।

### पहले कार्यकाल में शुरू हुआ था समझौता

*अब्राहम समझौते की शुरुआत ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में की थी। 2020 में अब्राहम समझौते की शुरुआत हुई थी, जिसके तहत इजराइल और अरब देशों के बीच आधिकारिक तौर पर संबंध की शुरुआत हुई थी। यहूदी, ईसाई और इस्लाम के पैगंबर के नाम पर ही इस समझौते का नाम अब्राहम रखा गया। इस समझौते के तहत अरब और मुस्लिम देशों ने इजराइल के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित किए। यूएई के बाद मोरक्को, बहरीन और सूडान भी इसमें शामिल हुए। इस समझौते से जुड़े देशों ने इजराइल में अपनी एंबेसी खोलने पर सहमति जताई। इसके साथ ही व्यापार और पर्यटन की भी शुरुआत हुई।*

भारत-फिनलैंड के बीच परामर्श बैठक

## व्यापार, डिजिटल और एआई सहयोग को मजबूत करने पर जताई सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


हेलसिंकी में विदेश कार्यालय परामर्श बैठक

भारत और फिनलैंड के बीच 13वीं विदेश कार्यालय परामर्श बैठक हेलसिंकी में हुई। दोनों देशों ने द्विपक्षीय सहयोग की पूरी समीक्षा की और व्यापार व निवेश, डिजिटलाइजेशन, क्वांटम कंप्यूटिंग, 5जी/6जी, एआई, सतत विकास, स्वच्छ तकनीक, परिपत्र अर्थव्यवस्था, शिक्षा, अनुसंधान और विकास, तथा लोगों के बीच संबंध और गतिशीलता जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मज़बूत करने पर सहमति जताई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत-फिनलैंड की बैठक हेलसिंकी में हुई। भारत की ओर से सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज और फिनलैंड की ओर से स्थाई राज्य सचिवजुक्का सालोवाारा ने बैठक की अध्यक्षता की। दोनों पक्षों ने आपसी सहयोग की पूरी समीक्षा की और विभिन्न क्षेत्रों में इसे और आगे बढ़ाने पर सहमति दी। फिनलैंड ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के जल्द निष्कर्ष के लिए अपना समर्थन दोहराया। बैठक में क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

## भारत ने क्यूबा को 20 टन मानवीय सहायता सौंपी


**हवाना।** एकजुटता और मानवीय समर्थन के एक संकेत के रूप में, भारत ने तूफान मेलिसा से हुई तबाही के बाद बचाव कार्यों में मदद के लिए क्यूबा को लगभग 20 टन मानवीय सहायता और आपदा राहत सामग्री प्रदान की। हवाना स्थित भारतीय दूतावास ने बताया कि 'वसुधैव कुटुम्बकम–दुनिया एक परिवार है' की भावना से प्रेरित होकर, भारत क्यूबा के लोगों के साथ एकजुटता में खड़ा है और मित्रता और मानवीय सहयोग के बंधन को मजबूत करता है। राहत सामग्री में एक विशेष भारत स्वास्थ्य सहयोग, हित और मैत्री (भीष्म) चिकित्सा आघात इकाई, आवश्यक दवाइयां, बिजली जनरेटर, टेंट, बिस्तर हैं।

भारत ने बीआईएमआरईएन के पहले द्विवार्षिक सम्मेलन की मेजबानी की

# बंगाल की खाड़ी में 'ब्लू इकोनॉमी' सहयोग पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने कोच्चि में बिम्सटेक-भारत समुद्री अनुसंधान नेटवर्क (बीआईएमआरईएन) के पहले द्विवार्षिक सम्मेलन की मेजबानी की। इससे बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में ब्लू इकोनॉमी सहयोग को मजबूती मिलेगी। भारत के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। बीआईएमआरईएन सम्मेलन का आयोजन 4 से 6 नवंबर तक किया गया था। ये मरीन रिसर्च और ब्लू इकोनॉमी के पहलों में क्षेत्रीय सहयोग को आगे बढ़ाने में एक मील का पत्थर साबित हुआ। सम्मेलन में समुद्री चुनौतियों, इकोसिस्टम हेल्थ और रिसर्च के नए तरीकों की खोज पर केंद्रित था। सम्मेलन में युवा रिसर्चर के बीच वैज्ञानिक नेटवर्क का निर्माण, प्रभावी मरीन रिसोर्स मैनेजमेंट और नीतियों के विकास पर चर्चा शामिल रही।

समुद्री चुनौतियों और नए अनुसंधान पर हुई विस्तृत चर्चा | युवा वैज्ञानिकों ने मरीन रिसोर्स मैनेजमेंट पर की बातचीत



कोच्चि में बिम्सटेक–भारत समुद्री अनुसंधान नेटवर्क (बीआईएमआरईएन) सम्मेलन में युवा वैज्ञानिक

### सम्मेलन भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति के अनुरूप

विदेश मंत्रालय ने कहा कि 2022 में कोलंबो बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी ने मरीन साइंस में ग्रुप रिसर्च को मजबूत करने के लिए बीआईएमआरईएन पहल की घोषणा की थी। यह पहल भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट,' 'एक्ट ईस्ट,' 'इंडो-पैसिफिक,' और 'महासागर' रणनीतियों के तहत व्यापक क्षेत्रीय नीतिगत उद्देश्यों के अनुरूप है। यह सम्मेलन सभी भागीदारों को एक साथ लेकर आया ताकि इसकी गतिविधियों के परिणामों पर चर्चा की जा सके। इसके तहत अब तक बिम्सटेक देशों के 25 संस्थानों और 50 से अधिक रिसर्चर्स को जोड़ा है।

### भारत की पहल पर शुरू हुआ था सम्मेलन

विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम मोदी की पहल से इसे 2024 में शुरू किया गया, जिसका उद्देश्य रिसर्च अनुदानों और पीएचडी फेलोशिप के माध्यम से संस्थागत सहयोग को सक्षम बनाना है। इससे भारत के प्रमुख रिसर्च सेंटरों को अन्य बीआईएमआरईएन से जुड़े अन्य देशों के साथ जोड़ा जा सकेगा। इससे पहले अप्रैल में, थाईलैंड में छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान, पीएम मोदी ने एक व्यापक 21-सूत्रीय कार्य योजना प्रस्तुत की थी। पीएम मोदी की इस कार्य योजना के तहत अलग-अलग क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक रोडमैप प्रस्तुत किया गया था।

### समुद्री संसाधनों पर आधारित है ब्लू इकोनॉमी

ब्लू इकोनॉमी से तात्पर्य समुद्री और तटीय संसाधनों का सतत और जिम्मेदार तरीके से उपयोग करके आर्थिक विकास, आजीविका और रोजगार को बढ़ावा देना है। यह आर्थिक गतिविधियों को पर्यावरण संरक्षण, स्थिरता और सामाजिक समानता के साथ संतुलित करने पर केंद्रित है, ताकि समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान न पहुंचे। इसमें मछली पालन और जलकृषि, समुद्री ऊर्जा, समुद्री व्यापार और परिवहन, समुद्री पर्यटन, समुद्री संसाधनों का उपयोग और पर्यावरण संरक्षण शामिल हैं।

यूएस के मंत्री ने टैरिफ का किया बचाव

## भारत को रूसी तेल आयात करने से रोकना हमारा एक कूटनीतिक कदम

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन


यूएस वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक

अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने ट्रंप की टैरिफ नीतियों का बचाव करते हुए करते हुए भारत का हवाला दिया है। उन्होंने दावा किया है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ का एक कूटनीति हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। साथ ही भारत से रूसी तेल आयात रोकने का आग्रह किया ताकि यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने में मदद मिल सके। लुटनिक ने कहा कि ट्रंप ने टैरिफ का इस्तेमाल न्याय खरीदने और वैश्विक स्थिरता बहाल करने के लिए किया। यह बयान उस समय आया है जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट यह तय करने पर विचार कर रहा है कि क्या ट्रंप द्वारा 1977 के अंतराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम (आईईईपीए) के तहत लगाई गई व्यापक टैरिफ नीतियां वैध थीं या नहीं।

लुटनिक ने कहा कि राष्ट्रपति इन टैक्सों का इस्तेमाल न्याय सुनिश्चित करने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने भारत से कहा था कि रूस से तेल खरीदना बंद करें।

# विश्व विजेता बेटियों का सम्मान : स्मृति, जेमिमा और राधा को महाराष्ट्र सरकार ने दिए 2.25 करोड़

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भारतीय महिला विश्व कप विजेता टीम की सदस्य स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और राधा यादव को सम्मानित करते हुए प्रत्येक को 2.25 करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार दिया। दक्षिण मुंबई स्थित मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास 'वर्षा' में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान फडणवीस ने तीनों को 'महाराष्ट्र का गौरव' बताया और कहा कि टीम की जीत युवा लड़कियों को खेलों में शामिल होने के साथ वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगी। फडणवीस ने कहा, 'आपने महाराष्ट्र को गौरवान्वित किया है। आपकी जीत से राज्य में खुशी का माहौल है।




### कोच मजूमदार को 22.5 लाख रुपए का चेक

क्रिकेट टीम के कोच अमोल मजूमदार को 22.5 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया जबकि सहयोगी स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को 11 लाख रुपए दिए गए। गेंदबाजी कोच आविष्कार साल्वी, पूर्व दिग्गज क्रिकेटर डायना एडुल्जी, विश्लेषक अनिरुद्ध देशपांडे, लॉजिस्टिक्स समन्वयक अपर्णा गंभीरराव और सहयोगी स्टाफ सदस्य मिहिर उपाध्याय, पूर्वा काटे और ममता शिरुरुल्ला इस मौके पर मौजूद थे।

### महाराष्ट्र ने हमेशा हमारा समर्थन किया : मंधाना

उप-कप्तान मंधाना ने राज्य के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'हमें आमंत्रित करने और सम्मानित करने के लिए धन्यवाद और वो भी मुंबई में जो इसे और भी खास बनाता है। महाराष्ट्र ने हमेशा हमारा समर्थन किया है। 2017 में भी जब हम उपविजेता रहे थे तब भी हमें सम्मानित किया गया था। हमारे कई सहयोगी स्टाफ इसी राज्य से हैं। उनकी कड़ी मेहनत के बिना यह जीत संभव नहीं होती।'

### सीएम चंद्रबाबू नायडू से मिली श्रीचरणी




अमरावती में भारतीय क्रिकेटर श्रीचरणी और पूर्व कप्तान मिताली राज ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और राज्य के मानव संसाधन विकास एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश से मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने श्रीचरणी को भारत की महिला विश्व कप जीत पर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने श्रीचरणी से कहा कि महिला विश्व कप जीतकर उन्होंने भारतीय महिलाओं की शक्ति का परिचय दिया है। वह महिला एथलीट्स के लिए एक आदर्श बन गई हैं। मुख्यमंत्री नायडू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर श्रीचरणी और पूर्व कप्तान मिताली राज के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, भारत को विजेता बनाने वालीं स्पिनर के साथ सेल्फी। श्रीचरणी ने महिला विश्व कप 2025 में 9 मुकाबले खेलते हुए 27.64 की औसत के साथ 14 विकेट अपने नाम किए थे।

### अमनजोत-हरलीन का चंडीगढ़ में भव्य स्वागत

**चंडीगढ़।** विश्व कप विजेता महिला क्रिकेट टीम की सदस्य अमनजोत कौर और हरलीन देओल का उनके गृहनगर पहुंचने पर उनके परिवारों और पंजाब की सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के शीर्ष नेताओं ने मिठाई खिलाकर और ढोल बजाकर स्वागत किया। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और आप सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर ने हवाई अड्डे से बाहर आते ही दोनों खिलाड़ियों को मिठाई खिलाई और शॉल भेंट करके उनका सम्मान किया। अमनजोत ने कहा, 'यह जीत पूरे भारत, पूरे पंजाब की है।' उन्होंने यह भी कहा कि सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर जीत के बाद टीम के सदस्य सोए नहीं थे। अमनजोत ने कहा, ' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल के बाद फाइनल में भी जीत दर्ज करने के बाद हम सोए नहीं थे।' देओल ने कहा कि उनके परिवार ने हमेशा उनके सपनों का समर्थन किया।



## खबर संक्षेप



### एनएसडब्ल्यू ओपन के सेमीफाइनल में रतिका

**नई दिल्ली।** भारत की रतिका सुथांतिरा सीलन ने सिडनी में स्थानीय प्रतिद्वंद्वी करेन ब्लूम को सीधे गेम में हराकर 'एनएसडब्ल्यू ओपन' स्क्वॉश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त 24 वर्षीय चेन्नई की खिलाड़ी ने पीएसए चैलेंजर स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में करेन को 22 मिनट में 11-8, 11-7, 11-4 से हराया। इस बीच पांचवीं वरीयता प्राप्त वीर चोटरानी ने स्प्रिंगफील्ड (अमेरिका) में 32,000 डॉलर इनामी पीएसए कांस्य स्तर की स्पर्धा 'सेंट जेम्स एक्सप्रेशन' ओपन के अंतिम-16 मुकाबले में मिस्र के मोहम्मद शराफ को 11-7, 10-12, 11-5, 11-8 से हराया।

### गलतियों से सबक लेकर अपने शॉट में किए सुधार




**कैरारा।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने हरफनमौला खेल से प्रभावित करने वाले भारतीय खिलाड़ी अक्षर पटेल ने कहा कि उन्होंने अपनी 'पिछली गलतियों' से सीख लेते हुए बाउंड्री के आकार को अपने शॉट चयन पर हावी नहीं होने दिया। अक्षर ने 11 गेंदों में एक चौका और एक छक्का की मदद से नाबाद 21 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान आखिरी ओवर में मार्कस स्टोइनिस के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौका और छक्का लगाकर टीम के स्कोर को 167 रन तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। अक्षर ने गेंद से भी कमाल करते हुए दो विकेट चटकाए। भारत ने इस मैच को 48 रन से जीतकर श्रृंखला में 2-1 की अजेय बढ़त बना ली। 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए अक्षर ने 'कहा, ' जाहिर है, मुझे पता था कि यह मुश्किल होगा क्योंकि लगातार विकेट गिर रहे थे।

### गेंदबाजों का कहर, अफ्रीकी टीम 221 रन पर सिमटी



**बेंगलुरु।** मार्क्स एकरमैन की शतकीय पारी के बावजूद भारत ए ने दूसरे चार दिवसीय मैच में दूसरे दिन तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बूते दक्षिण अफ्रीका ए की पहली पारी को 221 रन पर समेट कर पहली पारी में 34 रन की बढ़त हासिल की। भारत 'ए' ने दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में तीन विकेट पर 78 रन बनाकर अपनी बढ़त को 112 रन तक पहुंचा दिया। सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल (26) के साथ कुलदीप यादव (शून्य) क्रीज पर मौजूद हैं। प्रसिद्ध कृष्णा (35 रन पर तीन विकेट), मोहम्मद सिराज (61 रन पर दो विकेट) और आकाशदीप (28 रन पर दो विकेट) ने बीसीसीआई उत्कृष्टता केंद्र की पिच का शानदार तरीके से इस्तेमाल करते करने हुए आपस में सात विकेट साझा किए, जिससे दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 221 रन पर सिमट गई।

## आज दोपहर 1:45 बजे से भारत का विदेशी सरजमीं पर पांचवां टी-20

# ऑस्ट्रेलिया दौरे का अंत प्रभावशाली ढंग से करने की कोशिश करेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

विदेशी सरजमीं पर एक और श्रृंखला जीतने की दहलीज पर खड़ी भारतीय टीम 8 नवंबर को पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी बल्लेबाजी की कमजोरियों को दूर कर ऑस्ट्रेलिया दौरे का अंत प्रभावशाली ढंग से करने की कोशिश करेगी।

भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की अजेय बढ़त के साथ ऑस्ट्रेलिया में 17 साल से कोई टी20 श्रृंखला नहीं गंवाने का अपना रिकॉर्ड बरकरार रखा है। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इस दौरे का अंत जीत के साथ करने के लिए पूरा जोर लगाएगी। मैच में सबसे ज्यादा नजरें शुभमन गिल और सूर्यकुमार की बल्लेबाजी पर होंगी, जबकि ऑस्ट्रेलिया अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारत की स्पिन चुनौती का डटकर सामना करना चाहेगा।

### गिल ने दिया लय में वापसी का संकेत

भारतीय टीम ने पिछले मैच में बेहतर रणनीतिक सूझबूझ दिखाई थी और कैरारा की मुश्किल पिच पर बल्लेबाजों ने अच्छा तालमेल बिठाया था। गिल ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई थी, जिससे भारत 14 ओवर में दो विकेट पर 121 रन के स्कोर के साथ मजबूत स्थिति में था। टीम ने हालांकि इसके बाद 15 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए थे। उपकप्तान गिल ने सात पारियों से अर्धशतक नहीं लगाया है लेकिन पिछले मैच में 46 रन के साथ उन्होंने ने लय में वापसी का संकेत दिया था।




### टीम इंडिया का निचला क्रम प्रभावी

भारत का निचला क्रम भी प्रभावी रहा है। अक्षर पटेल ने पिछले मैच में 11 गेंदों में नाबाद 21 रनों की पारी खेली थी। सातवें और आठवें नंबर पर हरफनमौला खिलाड़ियों की मौजूदगी ने टीम को मजबूती प्रदान की है। अर्शदीप सिंह ने गेंदबाजी में एक बार फिर भारत के लिए अपनी उपयोगिता साबित की है, उन्होंने चार विकेट लिए हैं और जसप्रीत बुमराह के साथ नयी गेंद से प्रभावी जोड़ी बनाई है। कुलदीप यादव की अनुपस्थिति के बावजूद वरुण, अक्षर और वाशिंगटन की स्पिन तिकड़ी भारत की एक बड़ी ताकत रही है। शिवम दुबे और वाशिंगटन दोनों ने बल्ले और गेंद से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दुबे की 23 गेंदों में 49 रनों की पारी ने तीसरे टी20 को भारत के पक्ष में मोड़ दिया था वहीं चौथे मैच में वाशिंगटन के तीन रन पर तीन विकेट से भारत ने मुकाबला को जल्दी खत्म करने में सफल रही। दुबे ने इस मैच में भी 22 गेंदों में 18 रन भी बनाए और दो विकेट भी लिए।

### हेजलवुड के हटने से पैनापन की कमी

हरफनमौला मैथ्यू शॉर्ट हेड की अनुपस्थिति में शीर्ष क्रम में प्रभावित करने का एक मौका गंवा दिया। वह शनिवार को अपनी गलतियों की भरपाई करने के लिए बेताब होंगे। जोश हेजलवुड के श्रृंखला से हटने के बाद घरेलू टीम के गेंदबाजी आक्रमण में पैनापन की कमी दिखी है। नाथन एलिस और एडम जम्पा ने ज्यादातर जिम्मेदारी संभाली है, लेकिन चौथे टी20 में बेन ड्वार्शिस को कोई विकेट नहीं मिला। मेजबान टीम आखिरी मैच में महली बियर्डमैन को पदार्पण का मौका देने पर विचार कर सकती है।

### टीमें इस प्रकार

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलियाः** मिशेल मार्श (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जोश इंग्लिस (विकेट कीपर), जोश फिलिप (विकेट कीपर), मिशेल ओवेन, ग्लेन मैक्सवेल, मैट कुहनेमन, एडम जम्पा, महली बियर्डमैन, बेन ड्वार्शिस, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, मार्कस स्टोइनिस।

## 1925 में हुआ था हॉकी महासंघ का गठन

# हॉकी के दिग्गजों ने मनाया सौ साल पूरे होने का जश्न




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता 90 वर्ष के गुरबख्श सिंह से लेकर पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने वाले कप्तान हरमनप्रीत सिंह तक कई दिग्गजों ने भारतीय हॉकी के सौ साल पूरे होने के अवसर पर अपने अनुभवों को साझा किया। सौ वर्ष पहले 1925 में ग्वालियर में भारतीय हॉकी महासंघ का गठन हुआ था। आठ बार की ओलंपिक चैंपियन भारतीय हॉकी टीम के महानायकों को इस अवसर पर मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर सम्मानित किया गया, जिनमें ओलंपिक पदक विजेता गुरबख्श सिंह (1964 और 1968), हरबिंदर सिंह (1964, 1968 और 1972), अशोक कुमार (1972 ओलंपिक और 1975 विश्व कप) , बीपी गोविंदा (1972 ओलंपिक और 1975 विश्व कप), असलम शेर खान (1975 विश्व कप), जफर इकबाल (1980 ओलंपिक) ब्रिगेडियर हरचरण सिंह (1972 ओलंपिक) के अलावा रोमियो जेम्स, असुंथा लाकड़ा और सुभद्रा प्रधान शामिल हैं । इस अवसर पर खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि हॉकी के जरिये ही ओलंपिक में भारत को पहचान मिली और दुनिया को दिखाया कि खेलों में हमारा देश क्या कर सकता है और तभी से हमने पीछे मुड़कर नहीं देखा ।

### आज से साल्ट लेक स्टेडियम में बेटन कप

**कोलकाता।** बेटन कप का 126वां सत्र नव-उद्घाटित विवेकानंद युवा भारती हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसमें 22 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता है, जिससे यह देश का सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम है। साल्ट लेक स्टेडियम परिसर में स्थित इस अत्याधुनिक सुविधा केंद्र का उद्घाटन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया। दुनिया की सबसे पुरानी हॉकी चैंपियनशिप में देश के कई वर्तमान और पूर्व ओलंपियन और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मैदान पर चुनौती पेश करते हुए दिखाई देंगे।

## डब्ल्यूटीए फाइनल्स

# कोको को हराकर अंतिम चार में पहुंची सबालेंका




एजेंसी ▶▶| रियाद

शीर्ष रैंकिंग वाली एरीना सबालेंका ने कोको गॉफ को 7-6, 6-2 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स के ग्रुप चरण में लगातार तीसरी जीत के साथ अमेरिका की इस प्रतिद्वंद्वी को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

सबालेंका की जीत का मतलब है कि वह बेलारूस की शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी जेसिका पेगुला के साथ अपने ग्रुप से सेमीफाइनल में पहुंच गईं।

पेगुला ने इससे पहले जैस्मीन पाओलिनी को 6-2, 6-3 से हराकर अपना रिकॉर्ड 2-1 (दो जीत और एक हार) कर लिया था। गत चैंपियन गॉफ का स्कोर 1-2 रहा, जबकि पाओलिनी का स्कोर 0-3 रहा।


### वाणी ने जीता डब्ल्यूपीजीटी का खिताब



**जयपुर।** वाणी कपूर ने आखिरी तीन होल में तीन बर्डी लगाकर महिला प्रो गोल्फ टूर के 14वें चरण के तीसरे और अंतिम दौर में जैस्मीन शेखर की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए खिताब अपने नाम किया। वाणी ने लगातार तीसरे दिन दो अंडर 68 का कार्ड खेला, जिससे उनका कुल स्कोर छह अंडर का रहा। जैस्मीन ने भी तीसरे दौर में 68 कार्ड खेला लेकिन उनका ओवरऑल स्कोर पांच अंडर का रहा। मौजूदा सत्र की पांचवीं जीत के साथ वाणी ने हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर अपनी बढ़त बनाए रखी। स्नेहा सिंह (69) दो-अंडर 208 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं जबकि अमनदीप ड्राल (70) इवन पार 210 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहीं।

### पाकिस्तान शाहीन टीम के कप्तान बने इरफान खान

**कराची।** पाकिस्तान के सीमित ओवरों के प्रारुप से बाहर चल रहे मोहम्मद इरफान खान को इस महीने दोहा में होने वाले पुरुष एशिया कप 'राइजिंग स्टार्स' टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय युवा टीम (पाकिस्तान शाहीन) का कप्तान नियुक्त किया। राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने इस टीम में तीन ऐसे खिलाड़ियों को शामिल किया है, जिन्होंने सीनियर टीम के लिए कुछ मैच खेले हैं। इसमें इरफान के अलावा स्पिनर सुफियान मुकीम और तेज गेंदबाज अहमद दानियाल शामिल हैं। बाकी खिलाड़ियों ने अंडर-19, शाहीन (ए टीम) या घरेलू सर्किट और पाकिस्तान सुपर लीग में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट का आयोजन 14 से 23 नवंबर के बीच होगा।



# हांगकांग सिक्सेस : भारत ने पाकिस्तान को दी मात, रॉबिन और बिन्नी ने खेली धमाकेदार पारी

एजेंसी ▶▶| हांगकांग

पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा और भरत चिपली की धमाकेदार पारियों के साथ स्टुअर्ट बिन्नी की किफायती गेंदबाजी की बदौलत भारत ने हांगकांग सिक्सेस के बारिश से प्रभावित पूल सी मैच में डकवर्थ लुईस पद्धति (डीएलएस) से पाकिस्तान को दो रनों से हरा दिया। उथप्पा ने 11 गेंदों पर 28 रनों की तेज पारी खेली जबकि चिपली ने 13 गेंदों पर 24 रन बनाए , जिससे भारत ने छह ओवर में 4 विकेट पर 86 रन बनाए। पाकिस्तान ने लक्ष्य का पीछा करने की अच्छी शुरुआत की और भारी बारिश के कारण खेल रुकने से पहले तीन ओवर में 1 विकेट पर




41 रन बना लिए थे। मैच रोके जाते समय पाकिस्तान डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत भारत से दो रन पीछे था। भारत की जीत में स्टुअर्ट बिन्नी का किफायती गेंदबाजी का बड़ा योगदान रहा। उन्होंने अपने ओवर में सिर्फ सात रन खर्च कर एक विकेट लेकर मैच में बड़ा प्रभाव डालने वाला प्रदर्शन किया।

### ऑस्ट्रेलिया ने यूएई को 10 विकेट से हराया

ऑस्ट्रेलिया ने पूल बी मैच में यूएई को 10 विकेट से हराया। टीम ने जैक वुड (11 गेंद में 55 रन) और निक होबसन (पांच गेंद में नाबाद 26 रन) की पारियों से जीत के लिए मिले 88 रन के लक्ष्य को महज तीन ओवर में हासिल कर लिया।

## चाइना चैंपियनशिप

### दीक्षा और प्रणवी ने बनाई कट में जगह

**शेनजेन।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर और प्रणवी उर्स ने दूसरे दौर के बाद अरामको चाइना चैंपियनशिप में कट में प्रवेश किया जबकि अवनि प्रशांत और त्वेसा मलिक अगले दौर में पहुंचने से चूक गईं। दीक्षा ने चार बर्डी और एक बोगी से तीन अंडर 70 का कार्ड खेला जबकि प्रणवी ने तीन अंडर 70 का कार्ड बनाया, जिसमें पांच बर्डी शामिल थीं। दीक्षा संयुक्त 35वें और प्रणवी संयुक्त 49वें स्थान पर रहीं। थाईलैंड की चिंगलाब ने 65 का कार्ड खेलकर 12 अंडर के कुल स्कोर से एकल बढ़त बनाए हैं। वहीं भारतीय गोल्फर अवनि और त्वेसा कट में जगह बनाने से चूक गईं।

## द. अफ्रीका ने दूसरा मैच जीत कर श्रृंखला की 1-1 से बराबर

# डी कॉक ने तोड़ा गिब्स का रिकॉर्ड, द.अफ्रीका ने पाक को 8 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| फैसलाबाद

क्विंटन डी कॉक ने नाबाद 123 रन की शानदार पारी खेलकर हर्शल गिब्स का वनडे शतक रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिससे वह दक्षिण अफ्रीका के लिए तीसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। उनकी उत्कृष्ट बल्लेबाजी ने प्रोटियाज को पाकिस्तान पर 8 विकेट से जीत दिलाने में मदद की और तीन मैचों की श्रृंखला को 1-1 से बराबर कर दिया। क्विंटन डी कॉक, जो अपनी चतुर तकनीक के लिए जाने जाते हैं, वनडे में दक्षिण अफ्रीका के लिए तीसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए, जब उनकी बल्लेबाजी की उत्कृष्ट कृति ने प्रोटियाज को दूसरे मैच में फैसलाबाद के इकबाल स्टेडियम में पाकिस्तान पर 8 विकेट से शानदार जीत दिलाई और श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। तेजतर्रार बाएं हाथ के बल्लेबाज ने नाबाद 123



(119) की पारी खेली, जो कि भाग्य से भरपूर थी, जिससे पाकिस्तान को दूसरे वनडे में 270 रनों के मामूली लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिली। एक और शानदार प्रदर्शन के साथ, डी कॉक के शतकों की संख्या 22 हो गई, जिससे उन्होंने हर्शल गिब्स के 21 वनडे शतकों को पीछे छोड़ दिया।

### डी कॉक ने जड़ा 80 मीटर का छक्का

लक्ष्य का पीछा करते हुए, डी कॉक को एक अभूतपूर्व जीवनदान मिला जब उन्होंने गेंद को फ्लिक करने का प्रयास किया लेकिन गेंद सीधे मोहम्मद नवाज के पास पहुंच गई, जिन्होंने गेंद को दोनों हाथों से पकड़ लिया लेकिन गेंद को बाहर निकलने दिया। उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और सैम अयूब की गेंद पर 80 मीटर का छक्का जड़ दिया। अगले ओवर में, उन्होंने मोहम्मद वसीम जूनियर को एक और ऊंची 77 मीटर की छक्का जड़कर परेशान किया।

### डी कॉक और जोरजी की 153 रनों की साझेदारी

लुआन-ड्रे प्रीटोरियस के 46(40) रन पर आउट होने के साथ 81 रनों की शुरुआती साझेदारी समाप्त होने के बाद, डी कॉक ने टोनी डी जोरजी के साथ 153 रनों की साझेदारी की, जो पाकिस्तान में पाकिस्तान के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी थी। फहीम अशरफ के डीप मिड-विकेट पर मौका गंवाने के बाद टोनी डी जोरजी को भी जीवनदान मिला। अंततः वह सैम अयूब की गेंद पर अशरफ को कैच दे बैठे और 76(63) रन बनाकर पवेलियन लौटे। क्विंटन डी कॉक नाबाद रहे और उन्होंने 59 गेंद शेष रहते 270 रन का पीछा पूरा किया, कार्यवाहक कप्तान मैथ्यू ब्रीट्ज़के ने 21 गेंदों पर 17* रन बनाकर दूसरे छोर पर उनका साथ दिया।

## हाईकोर्ट ने पूछा, सप्रे व विस अध्यक्ष को नोटिस जारी

# 16 महीने बीतने के बावजूद विधायक निर्मला सप्रे के खिलाफ याचिका पर विधानसभा अध्यक्ष ने क्यों नहीं लिया निर्णय

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट में शुक्रवार को बीना विधायक निर्मला सप्रे के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की याचिका पर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान पूछा कि 16 महीने का अरसा बीतने के बावजूद सिंघार की याचिका पर विधानसभा अध्यक्ष ने निर्णय क्यों नहीं लिया ? कोर्ट ने विधायक निर्मला सप्रे और विधानसभा अध्यक्ष को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। अगली सुनवाई 18 नवंबर को होगी।



विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने यह याचिका दायर की है। सिंघार ने कांग्रेस की बीना से विधायक निर्मला सप्रे का निर्वाचन शून्य करने की मांग की है। याचिकाकर्ता के अनुसार 30 जून 2024 को उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष तोमर के समक्ष इस मामले में याचिका दायर की थी। लेकिन निर्धारित 90 दिन के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की गई। इसलिए हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई।

कांग्रेस ने अपनी ही पार्टी की विधायक पर पार्टी विरोधी गतिविधि का आरोप लगाया गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान 5 मई 2024 को राहतगढ़ में सीएम डॉ मोहन यादव के कार्यक्रम में मंच पर पहुंची थीं। याचिकाकर्ता का कहना है कि कांग्रेस विधायक सप्रे भाजपा में शामिल हो चुकी हैं। इसके बावजूद उन्होंने विधायक पद से त्यागपत्र नहीं दिया है। दलबदल कानून के प्रकाश में उनका यह रवैया गैर कानूनी है। इसलिए सदस्यता समाप्त की जानी चाहिए।

शुक्रवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से उपस्थित महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कोर्ट को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के अनुसार जब तक विस अध्यक्ष किसी याचिका पर निर्णय न ले लें, हाईकोर्ट को पुनरीक्षण का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी याचिका पर फैसला लेना विस अध्यक्ष का परमाधिकार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे विस अध्यक्ष की ओर से नहीं खड़े हैं, इसलिए याचिका की वर्तमान दशा के बारे में नही बता सकते। याचिकाकर्ता के वकील ने भी विस अध्यक्ष को नाम से नोटिस जारी करने पर बल नहीं दिया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने विधायक सप्रे व विस अध्यक्ष पद को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# कब-कब ई-अटेंडेंस का प्रयास किया लेकिन उपस्थिति दर्ज नहीं हुई

*हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता शिक्षकों से मांगा शपथपत्र पर जवाब, ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता को चुनौती का मामला*

**जबलपुर।** मप्र के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के लिए ई-अटेंडेंस अनिवार्यता के मामले में शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में पदस्थ शिक्षकों ने इसमें आने वाली समस्याओं को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता शिक्षकों की ओर से दलील दी गई कि ई-अटेंडेंस दर्ज कराने में कई बार नेटवर्क सहित अन्य समस्याएं आती हैं। वहीं शासन की ओर से तर्क दिया गया कि नेटवर्क की समस्या नहीं है क्योंकि उसी स्कूल में अधिकतर शिक्षक अटेंडेंस लगा रहे हैं। इस पर हाईकोर्ट ने शिक्षकों को हलफनामा पेश कर यह बताने कहा है कि किस-किस दिन उन्होंने ई-अटेंडेंस का प्रयास किया और तकनीकी कारणों से उपस्थिति दर्ज नहीं हुई। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने मामले पर अगली सुनवाई 17 नवंबर को नियत की ।

जबलपुर निवासी मुकेश सिंह वरकड़े सहित प्रदेश के अलग-अलग जिलों के 27 शिक्षकों ने याचिका दायर कर ई-अटेंडेंस को चुनौती दी है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने दलील दी कि शिक्षकों को ई अटेंडेंस के लिए बने 'हमारे शिक्षक एप' के जरिए से उपस्थित दर्ज कराने में बहुत सी समस्याओं को सामना करना पड़ रहा है। कई शिक्षकों के पास अच्छा स्मार्टफोन नहीं है। प्रतिमाह डाटा पैक खरीदना, प्रतिदिन मोबाइल की बैटरी चार्ज रखना,स्कूल में नेटवर्क कनेक्टिविटी नहीं होने की भी समस्याएं हैं। एप को सर्वर की समस्या व चेहरा मिलान की भी समस्याएं हैं। मांग की गई कि या तो बायोमेट्रिक मशीन से या पूर्व की भांति कर्मचारी रजिस्टर में उपस्थित दर्ज कराई जाए।

## राटुविवि ने जारी की शुल्क संरचना की अधिसूचना

# पीएचडी कोर्सवर्क शेड्यूल जारी 26 विषयों का सिलेबस गायब

हरिभूमि, जबलपुर।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ने लंबे इंतजार के बाद सत्र 2024-25 के लिए पीएचडी कोर्सवर्क और नई शुल्क संरचना से जुड़ी अधिसूचना जारी कर दी है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, पीएचडी कोर्सवर्क 10 नवंबर 2025 से प्रारंभ होकर 10 मई 2026 तक चलेगा, जबकि परीक्षाएं जून 2026 में आयोजित की जाएंगी। यह निर्णय गत 8 अक्टूबर 2025 को संपन्न विद्या परिषद की स्थायी समिति की बैठक में स्वीकृत प्रस्तावों के आधार पर लागू किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सत्र 2024-25 में पंजीकृत सभी शोधार्थियों पर नई शुल्क संरचना लागू होगी।



विश्वविद्यालय द्वारा कोर्सवर्क की तिथि और फीस स्ट्रक्चर घोषित किए जाने के बाद भी सिलेबस को लेकर स्थिति गंभीर रूप से अधूरी बनी हुई है। आंकड़ों के मुताबिक कुल विषय 29 लेकिन केवल 3 विषय भौतिकी, रसायनशास्त्र, पत्रकारिता एवं जनसंचार का सिलेबस अपलोड किया गया. कोर्सवर्क शुरू होने में कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन अधिकांश विभागों द्वारा पाठ्यक्रम ऑनलाइन उपलब्ध न कराए जाने से शोधार्थी पढ़ाई शुरू नहीं कर पा रहे हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि "टाइम टेबल मिल गया, फीस भी तय हो गई, लेकिन बिना सिलेबस के तैयारी कैसे शुरू करें?"

### विभागों की भूमिका पर उठे सवाल

सिलेबस अपलोड कराने की जिम्मेदारी संबंधित विभागों व अध्ययन मंडलों की थी, लेकिन तीन महीने बीत जाने के बाद भी अधिकांश विभाग इस कार्य को पूरा नहीं कर पाए हैं। इसे लेकर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### शोधार्थियों में निराशा

कोर्सवर्क से पहले सिलेबस जारी न होने से छात्रों में गहरी नाराजगी है। विश्वविद्यालय द्वारा कार्य में देरी से शोध तैयारी और अकादमिक कैलेंडर प्रभावित होने की आशंका भी बढ़ गई है। विद्यार्थियों का कहना है शोध की शुरुआत स्पष्ट दिशा और पाठ योजना से होती है, लेकिन फिलहाल दिशा ही गायब है।

## सीजन में पहली बार औसत से नीचे उतरा पारा

# रातें होनें लगी सर्द, जल्द ठंड दिखायेगी जलवा



हरिभूमि, जबलपुर।

आसमान पर छाई बादलों की परत छंटने के बाद सीजन में पहली बार दिन और रात का पारा औसत से नीचे आया। शुक्रवार को ठंडक महसूस हुई। दिन और रात के पारे में गिरावट आते ही शाम ढलते ही ठंड असर दिखाने लगी है, लेकिन नवम्बर के महीने में जिस तरह की ठंड पड़नी चाहिये वैसे अब तक नहीं पड़ रही है। दिन के तापमान में 2 डिग्री और रात के तापमान में 1 डिग्री की गिरावट सीजन में पहली बार दर्ज की गई। तड़के और रात में जरूर ठंड अपने तेवर दिखाने लगी है। मौसम विभाग के मुताबिक एक सप्ताह के अंदर मौसम के मिजाज बदलेंगे और ठंड अपना प्रभाव जमा लेगी।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 27.08 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम जबकि न्यूनतम तापमान 14.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 69 प्रतिशत और सायंकाल 64 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6:20 पर और सूर्यास्त सायं 5:28 मिनिट पर हुआ। उत्तरी हवाएं 3 से 4 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली। प्रदेश में सबसे कम 09 डिग्री तापमान सिवनी जिले में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 31.0 और न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

## घनी बस्ती में चोरों की दस्तक से दहशत, अंतरराज्यीय गैंग पर शक

# जहां रात भर जागते है लोग वहां हो गई चोरी

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में चोरी की वारदातें अब उन इलाकों तक पहुंच गई हैं, जहां बीते पाँच दशकों में ऐसी घटनाओं की कल्पना तक नहीं की गई थी। चोर अब तक कालोनी क्षेत्रों को निशाना बनाते थे और शहर की घनी एवं पुरानी बस्तियों से दूर रहते थे। आज शहर में चोर कितने बेखौफ हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है की जिन क्षेत्रों बीते 50 साल में चोरी नहीं हुई, वहां दीवार फांद कर चोरियां हो रही हैं।

हनुमानताल थाना अंतर्गत मौलाना आज़ाद वार्ड के सुलेमानी–बरियातले क्षेत्र में गत रात हुई चोरी ने पूरे मोहल्ले को दहशत में डाल दिया है। यह इलाका घनी आबादी वाला है, जहाँ रातभर आवाजाही, जागरण और सामुदायिक गतिविधियां सामान्य रहती हैं, बावजूद इसके चोर ने दीवार फांद कर वारदात को अंजाम दिया और निकल भी गये।

पुलिस के अनुसार बरियातले, पानी वाली तलैया निवासी अब्दुल वहीद के पुत्र मोहम्मद कैफ अंसारी, जो मिठाई दुकान चालते हैं, गत रात परिजनों के साथ घर की निचली मंजिल में सो रहे थे। सुबह करीब 11 बजे जब वह कपड़े लेने ऊपरी मंजिल पर पहुंचे, तो कमरे का ताला गायब मिला। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी का लॉकर खुला था। लॉकर से सोने का हार, सोने की चेन, सोने की अंगूठी, सोने की झुमकी, चांदी की पायल और 20 हजार रुपये नगद गायब थे। चोरी गए सामान की कुल कीमत 7 लाख रुपये आंकी गई है।



घटना के बाद से क्षेत्रीय लोगों में दशहत है। उनका कहना है कि जब इतने चहल पहल वालें इलाके में चोरी हो सकती है तो अब कोई भी सुरक्षित नहीं। हनुमानताल पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की तलाश जारी है और आसपास के थानों को भी अलर्ट किया गया है।

### सीसीटीवी में दीवार फांदता दिखा चोर

घर के बाहर लगे सीसीटीवी में एक संदिग्ध व्यक्ति सुबह करीब 5 बजे दीवार फांद कर प्रवेश करते हुए कैद हुआ है। लगभग 30 मिनट बाद वह वापस कूदकर बरियातले की तरफ जाते हुए भी दिखाई दे रहा है। क्षेत्र के लोगों ने जब आसपास के कैमरे देखे, तो वही संदिग्ध रात 2 बजे 'आलीशान चिकिन आर्ट' और फिर मोतीनाला क्षेत्र के कैमरों में भी नजर आया। इससे साफ है कि चोरी से पहले उसने कई घंटों तक इलाके की रेकी की।

### अंतरराज्यीय गैंग होने की आशंका

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि सीसीटीवी में चेहरा स्पष्ट होने के बावजूद, पूरे इलाके में कोई भी व्यक्ति से उसकी पहचान नहीं हो पा रही है। उसके हाव-भाव, रेकी का तरीका और सुनसान समय में सटीक टारगेटिंग से पुलिस और स्थानीय लोगों को किसी संगठित या अंतरराज्यीय चोर गैंग के सक्रिय होने की आशंका है।

### 50 साल में पहली बार इलाके में चोरी

स्थानीय निवासी बताते हैं कि 50 वर्षों में इस क्षेत्र में चोरी जैसी घटना कभी नहीं हुई। यह घनी बस्ती है, जहाँ रात भर लोग जागते हैं और चहल-पहल बनी रहती है, लेकिन पहली बार किसी चोर ने इतनी बेखौफ तरीके से वारदात को अंजाम दिया है, जिससे लोग दहशत में हैं।





## आरोपी के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज

# किसानों से किराए पर ट्रैक्टर लेकर हड़प लिए

हरिभूमि, जबलपुर।

जबलपुर रिंगरोड के काम के लिए किराए पर ट्रेक्टर ट्राली लेकर अनुबंध करने वालें युवक ने ट्रेक्टर हड़प लिया। गोसलपुर पुलिस ने लिखित शिकायत के आधार पर अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज कर लिया है।

गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पौड़ी खुर्द (अतरिया) निवासी 54 वर्षीय भागचंद राय तथा अन्य किसान गुलाब राय के द्वारा महिन्द्रा कम्पनी का 585 ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 20 जेड वी 1369 जिसे उसका भतीजा पौड़ीखुर्द निवासी चंद्रिका प्रसाद राय के माध्यम से गत 9 सितंबर 2025 को इंद्राना मझौली निवासी दीपक पुरी गोस्वामी को 25 हजार रूपये मासिक किराया पर मय ट्रेक्टर ट्राली के जबलपुर रिंग रोड में काम में लगाने के लिये दिया था दीपक पुरी गोस्वामी ने ट्रेक्टर किराये पर लेने का आनलाईन अनुबंध किया है। इसके बाद दीपक ने न तो किराया का पैसा दिया और न ही ट्रैक्टर ट्राली वापस किया। इसी प्रकार दीपक पुरी गोस्वामी के द्वारा उसके गांव के गुलाब राय के 2 ट्रेक्टर एक फार्मट्रेक क्रमांक एमपी 20 जेड एम 3533 एवं महिन्द्रा ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 20 ए ए 6421 को भी जबलपुर रिंग रोड के काम में लगाने के लिये 25-25 हजार रूपये मासिक किराया पर लिये थे, दीपक पुरी गोस्वामी द्वारा गुलाब राय को भी ट्रेक्टर वापस नहीं किए हैं।

लिखित शिकायत की जांच पर आरोपी दीपक पुरी गोस्वामी के विरूद्ध धारा 316(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।





# पारिवारिक विवाद में पति ने पत्नी पर किया चाकू से वार

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अतंर्गत शिवाजी नगर मांडवा में पारिवारिक विवाद के दौरान चाकूबाजी का मामला सामने आया है। एक महिला ने अपने पति व ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवाजी नगर मांडवा निवासी 24 वर्षीय एलिस राजपूत का पिछले कुछ दिनों से उसका पति सागर राजपूत से मनमुटाव चल रहा था, जिसके चलते दोनों में बातचीत बंद थी। विवाद सुलझाने के लिए 6 नवंबर की शाम पति सागर ने एलिस के मायके पक्ष अपने घर मांडवा बस्ती में बुलाया था। बातचीत के लिए उसकी मां दीपा जॉन, भाई मोनिश जॉन और भाभी सरस्वती जॉन पहुंचे थे। चर्चा के दौरान ससुर रवि राजपूत और मोनिश के बीच बहस शुरू हो गई। एलिस ने ससुर से बातचीत के बीच में हस्तक्षेप न करने को कहा, जिससे विवाद और बढ़ गया और इसी दौरान पति सागर राजपूत गुस्से में किचन से सब्जी काटने वाला चाकू लेकर आया और भाई मोनिश की ओर दौड़े, बीच-बचाव के दौरान चाकू एलिस की दाहिनी जांघ में लग गई, जिससे वह घायल हो गई। गोरखपुर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।





हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240